अमर उजाला
महोत्सव विश्वास का
• 6 राज्य
• 2 केंद्रशासित प्रदेश
• 21 संस्करण
राजधानी ••
वर्ष 20 | अंक 38 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : साढ़े तीन रुपये

# अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 18 मई 2022
ज्येष्ठ कृष्ण-तृतीया
विक्रम संवत-2079

amarujala.com

आत्मनिर्भर भारत



मोदी बोले-2जी घोटाले में दशक गया...दस वर्षों में 6जी तक पहुंचेंगे... 13

दिल्ली-एनसीआर

## न्यूज डायरी

### बारामुला : गैरकश्मीरियों पर हमला, एक की मौत

बारामुला। उत्तरी कश्मीर के बारामुला में खुली शराब की नई दुकान को निशाना बनाते हुए आतंकियों ने गैरकश्मीरियों पर ग्रेनेड हमला किया। इसमें जम्मू संभाग निवासी सेल्समैन की मौत हो गई, जबकि तीन घायल हैं। घटना के बाद तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन आतंकियों का कोई सुराग नहीं लगा। 13

### मुंडका अग्निकांड : निगम के तीन अधिकारी निलंबित

नई दिल्ली। मुंडका अग्निकांड की जांच में दिल्ली नगर निगम के तीन अफसर लापरवाही के आरोप में निलंबित किए गए हैं। लाइसेंस विभाग के निरीक्षक संदीप कौशिक, सेक्शन अधिकारी एसके शर्मा और अधिकारी बीआर मीणा पर यह कार्रवाई की गई है। 6

### सुपरटेक : टावर गिराने के लिए तीन माह की मोहलत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नियमों का उल्लंघन कर बनाए गए सुपरटेक के नोएडा स्थित एमराल्ड प्रोजेक्ट में 40 मंजिले दो टावरों को गिराने से 28 अगस्त तक की मोहलत दे दी है। परीक्षण विस्फोट में पाया गया था कि संरचना उम्मीद से अधिक मजबूत है। 11




## 15.08% थोक महंगाई...30 साल में सबसे ज्यादा, खाद्य वस्तुओं और ईंधन की बेकाबू कीमतों का असर

### पिछले साल अप्रैल के बाद 13वें महीने भी दहाई अंकों में बनी रही डब्ल्यूपीआई

नई दिल्ली। खाद्य वस्तुओं और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बेतहाशा तेजी से थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) अप्रैल में 15.08 फीसदी पर पहुंच गई। यह सितंबर, 1991 के बाद 30 साल 8 महीने का उच्च स्तर है। तब यह 16.31 फीसदी थी।

पिछले साल अप्रैल के बाद यह लगातार 13वां महीना है, जब महंगाई दहाई अंकों में बनी हुई है। अप्रैल, 2021 में यह 10.74% और इस साल मार्च में 14.55% थी। एजेंसी >> विकास के लिए स्थिर महंगाई जरूरी : कारोबार



16.31% डब्ल्यूपीआई महंगाई थी सितंबर, 1991 में

**खुदरा महंगाई भी है 8 साल के उच्च स्तर पर**

खुदरा महंगाई भी अप्रैल में बढ़कर 8 साल के उच्च स्तर 7.79 फीसदी पर थी। महंगाई बढ़ने के कारण आरबीआई अगले महीने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में ब्याज दरें बढ़ा सकता है।

**कच्चे तेल में सबसे ज्यादा तेजी सब्जियां 23 फीसदी महंगी**

आंकड़ों के मुताबिक, ईंधन और ऊर्जा बास्केट की महंगाई सालाना आधार पर बढ़कर 38.66 फीसदी पहुंच गई। इसमें पेट्रोलियम पदार्थों और प्राकृतिक गैस की कीमतों में 69.07% तेजी रही।

- सब्जियों की महंगाई दर 23 फीसदी रही, जबकि खाद्य कीमतें बढ़कर 8.35 फीसदी पहुंच गई।

## 42,500 करोड़ रुपये महज एक मिनट में एलआईसी निवेशकों के डूबे

### बीएसई पर 8.62 फीसदी व एनएसई पर 8.11 फीसदी गिरकर सूचीबद्ध हुआ शेयर

मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का शेयर मंगलवार को 8 फीसदी से ज्यादा गिरावट के साथ सूचीबद्ध हुआ। महज एक मिनट में निवेशकों के 42,500 करोड़ रुपये डूब गए।

बीएसई पर शेयर 8.62% गिरावट के साथ 867.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। इश्यू प्राइस 949 रुपये था। इस तरह, एक शेयर पर 81.80 रुपये की चपत लगी। एनएसई पर शेयर 8.11% यानी 77 रुपये गिरकर 872 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। एजेंसी >> मुनाफे का सौदा हो सकता है : कारोबार




875.45 पर बंद हुआ कंपनी का शेयर बीएसई पर

**5.54 लाख करोड़ पूंजी पांचवीं सबसे बड़ी कंपनी**

एलआईसी अब 5.54 लाख करोड़ की बाजार पूंजी के साथ देश की पांचवीं सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। पहले बाजार पूंजी 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहने का अनुमान जताया गया था।

# ज्ञानवापी...शिवलिंग वाले क्षेत्र को संरक्षित रखें, नमाज पढ़ने पर रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत का फिलहाल वाराणसी की निचली अदालत की कार्यवाही में हस्तक्षेप करने से इनकार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग के क्षेत्र को संरक्षित करने का निर्देश दिया है। हालांकि, कोर्ट ने परिसर में नमाज की अनुमति दे दी। कहा, किसी भी मुसलमान को वहां नमाज पढ़ने से न रोका जाए। वाराणसी सिविल कोर्ट से नमाज के लिए अधिकतम बीस लोगों की संख्या तय करने की मांग की गई थी।

शीर्ष अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद की देखरेख करने वाली अंजुमन इंतजामिया मसाजिद की याचिका पर सुनवाई के दौरान मंगलवार को वाराणसी के जिलाधिकारी को ये निर्देश दिए। इससे पहले, जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने मामले में सिविल कोर्ट की कार्यवाही रोकने की मांग खारिज कर दी। पीठ ने कहा, वाराणसी अदालत के समक्ष मुकदमा मालिकाना हक का नहीं, बल्कि शृंगार गौरी में पूजा पर निषेधाज्ञा के लिए है। पीठ ने वजूखाने के इस्तेमाल की इजाजत से भी इनकार कर दिया। इसी वजूखाने में शिवलिंग मिलने का दावा किया गया है।

**सभी पक्षों को नोटिस, अब 19 को सुनवाई :** कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। इनमें राखी सिंह, लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास व रेखा पाठक शामिल हैं। इन महिलाओं ने शृंगार गौरी की पूजा हर दिन करने की अनुमति मांगी है। इन्हीं की याचिका पर सर्वे का आदेश दिया गया है। शीर्ष कोर्ट ने यूपी सरकार, वाराणसी के डीएम, पुलिस कमिश्नर और श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर बोर्ड के सभी ट्रस्टियों को भी नोटिस दिए हैं। अगली सुनवाई 19 मई को होगी। >> सही नहीं आदेश...: पेज 12

### वाराणसी अदालत : अधिवक्ता आयुक्त अजय मिश्र को हटाया

वाराणसी। सिविल जज सीनियर डिवीजन रविकुमार दिवाकर ने अधिवक्ता आयुक्त अजयकुमार मिश्र को सर्वे पैनल से हटा दिया है। कोर्ट द्वारा नियुक्त सहायक अधिवक्ता आयुक्त अजयप्रताप सिंह ने बताया, सर्वे में सहयोग न करने पर मिश्र को हटाया गया है। हालांकि, कहा जा रहा है कि मिश्र सर्वे की जानकारी मीडिया में लीक कर रहे थे। ब्यूरो

- **दो दिन समय और :** सिविल कोर्ट ने सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने के लिए विशेष आयुक्त विशाल सिंह को दो दिन और यानी 19 मई तक की मोहलत दे दी। मंगलवार को रिपोर्ट पूरी न होने के कारण उन्होंने अतिरिक्त समय मांगा था। सिंह ने बताया, अभी 50 फीसदी रिपोर्ट ही तैयार हो पाई है।



वजूखाने के इस्तेमाल की इजाजत देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार किया है।

### मथुरा : शाही ईदगाह हटाने की मांग, 25 को सुनवाई

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि : 13.37 एकड़ जमीन पर किया दावा**

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मस्थान-ईदगाह प्रकरण में जिला न्यायालय में मंगलवार को दाखिल याचिका में 13.37 एकड़ जमीन पर दावा करते हुए शाही ईदगाह को हटाने की मांग की गई है। विधि की सात छात्राओं सहित दिल्ली-लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं द्वारा पेश इस दावे पर एडीजे 25 मई को सुनवाई करेंगे। ब्यूरो

- श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने भी कोर्ट से ईदगाह को सील करने की मांग की है। इस पर एक जुलाई को सुनवाई होगी। >> पेज 12

### सभ्य समाज का वजूद कैसे बचेगा

- **बीच सड़क धार्मिक निर्माण को लेकर हाईकोर्ट नाराज**

नई दिल्ली। बीच सड़क पर धार्मिक निर्माण किए जाने पर नाराजगी जताते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, आखिर सभ्य समाज इस तरह कैसे जीवित रहेगा। कार्यकारी चीफ जस्टिस विपिन सांघी व जस्टिस नवीन चावला की पीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सरकार से कहा, बिना मंजूरी सड़क पर कहीं भी अतिक्रमण कर धार्मिक निर्माण किए जा रहे हैं। आपको स्पष्ट संदेश देना होगा कि यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी। एजेंसी



कुतुब मीनार : मंदिरों के जीर्णोद्धार पर सुनवाई 24 तक स्थगित >> पेज 8

### कान फिल्म महोत्सव में भारत का जलवा



कान। फ्रांस में मंगलवार से शुरू हुए कान फिल्म महोत्सव में भारत का जलवा है। उत्सव में भारत को 'कंट्री ऑफ ऑनर' के तौर पर आमंत्रित किया गया है। पहला मौका है जब किसी देश को यह सम्मान मिला है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय दल उत्सव में शामिल हुआ है। >> पेज 12

### कार्ति के 10 ठिकानों पर सीबीआई के छापे

**घूस लेकर वीजा दिलाने का आरोप**

नई दिल्ली। सीबीआई ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के बेटे और कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के खिलाफ रिश्वत लेकर 263 चीनी नागरिकों को भारत का वीजा दिलाने के आरोप में नया मुकदमा दर्ज किया है। सीबीआई ने मंगलवार सुबह कार्ति के चेन्नई और दिल्ली निवास समेत देशभर में 10 ठिकानों पर छापे मारे। कार्ति के खिलाफ आईएनएक्स मीडिया मामले में पहले से जांच जारी है। >> पेज 13








तापमान

43.0° अधिकतम | 28.0° न्यूनतम

• सूर्योदय सुबह 5:29
• सूर्यास्त शाम 7:07
स्थानीय समयानुसार

**आज का पूर्वानुमान**
दिनभर मौसम साफ रहेगा। हवा की रफ्तार मध्यम रहेगी और नमी का स्तर सामान्य रहेगा। दोपहर के समय गर्मी बेहाल कर सकती है।

**आज के कार्यक्रम**

**सुबह 11 बजे : रेत से बनाए गए फूलों की प्रदर्शनी का आयोजन**
मंडी हाउस तानसेन मार्ग पर स्थित त्रिवेणी कला संगम की श्रीधरानी गैलरी में यह प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसे देखने काफी लोग पहुंच रहे हैं।



- **सुबह 10 बजे :** कस्तूरबा गांधी मार्ग पर स्थित अमेरिकन सेंटर में प्रदर्शनी। पुरातात्विक स्थलों के चित्रों और कलाकृतियों का होगा दीदार।
- **सुबह 11 बजे :** इंडिया हैबिटेट सेंटर के सेंट्रल एट्रियम में नारायण सिन्हा द्वारा बनाई गई खास मूर्तियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।



# हरियाणा नहीं छोड़ रहा दिल्ली के हिस्से का पानी

## दिल्ली के जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने लगाया आरोप; वजीराबाद बैराज का किया निरीक्षण, पानी की भारी किल्लत होने की आशंका जताई

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हरियाणा से पूरा पानी नहीं मिलने के कारण यमुना नदी में जलस्तर घटने के बीच दिल्ली सरकार मैदान में आ गई है। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने मंगलवार को वजीराबाद बैराज का निरीक्षण किया। उन्होंने नदी में पानी कम आने पर हरियाणा सरकार पर निशाना साधा। बैराज में पानी न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। दिल्ली सरकार ने अभी तक यह मामला दिल्ली जल बोर्ड पर छोड़ रखा था।

जैन ने बताया कि हरियाणा से पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण वजीराबाद बैराज में पानी का स्तर बेहद कम हो गया है। यमुना का जलस्तर यदि एक फीट भी नीचे चला जाता है तो दिल्ली में पानी की भारी किल्लत हो जाती है, क्योंकि दिल्ली अपने पीने के पानी कि आपूर्ति का बड़ा हिस्सा यमुना नदी से ही लेती है। मंगलवार को यमुना का जलस्तर 669 फुट पर पहुंच गया, क्योंकि हरियाणा ने दिल्ली के हिस्से का पानी रोक रखा है। हरियाणा से निरंतर सप्लाई में बाधा आने के कारण दिल्लीवालों को उनके हिस्से का पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर यमुना नदी पूरी तरह से भरी होती है, लेकिन अब स्थिति यह है कि नदी सूख गई है, क्योंकि हरियाणा ने दिल्ली के हिस्से का पानी रोक रखा है।

हरियाणा सरकार के इस कदम के चलते दिल्ली के कई इलाकों में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है। दरअसल, वजीराबाद बैराज दिल्ली का सबसे महत्वपूर्ण जलाशय है। यह उत्तरी और पश्चिमी दिल्ली के लिए पानी के प्रमुख स्रोतों में से एक है। वर्तमान में हरियाणा से पानी की कम निकासी के कारण दिल्ली के जल शोधक संयंत्र कम क्षमता पर काम कर रहे हैं।



वजीराबाद बैराज पर जलस्तर का निरीक्षण करते सत्येंद्र जैन - अमर उजाला

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत पानी देने की अपील

जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने हरियाणा सरकार से अपील है कि वह यहां आकर यमुना की स्थिति देखें। हरियाणा को वर्ष 2022 की आबादी के हिसाब से पानी देने के लिए नहीं कह रहे हैं, लेकिन कम से कम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक पानी तो दें। हमारे हिस्से के पानी पर हमारा हक है। हरियाणा सरकार को मानवीय आधार पर भी इस भीषण गर्मी में दिल्लीवालों की प्यास बुझाने के लिए पानी की आपूर्ति करनी चाहिए।



खड़ग सिंह मार्ग के पास टैंकर से पीने का पानी भरते लोग। - अमर उजाला

### टैंकर आते ही दौड़े लोग

**नई दिल्ली।** बंगला साहिब और ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क के मध्य रैनबसेरों के सामने दोपहर साढ़े 12 बजे एनडीएमसी का टैंकर पानी लेकर आते ही स्थानीय निवासी दौड़ पड़े। महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष और बच्चे भी कैन आदि बर्तन एवं बोतल लेकर टैंकर की ओर भागे। एक-दूसरे से पहले पानी भरने के लिए टैंकर में लगी टोटियों पर कब्जा करने लग गए। दिनभर अफरातफरी का माहौल रहा। ब्यूरो

### 1050 क्यूसेक पानी मिल रहा है : मनोहर



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक बार फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। मनोहर लाल ने कहा कि पानी को लेकर दिल्ली सरकार झूठ बोल रही है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। दिल्ली को उनके हिस्से अनुसार 1050 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। ब्यूरो



आईटीओ यमुना घाट के पास नदी सूख चुकी है। - विवेक निगम

## राजधानी में पानी की 70% आपूर्ति कम

### यमुना का जलस्तर 669.40 फुट से घटकर 669 हुआ, तीनों संयंत्र प्रभावित

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी में भीषण गर्मी और हरियाणा से पर्याप्त पानी यमुना नदी में नहीं छोड़ने के कारण पेयजल संकट खड़ा हो गया है। यमुना नदी स्थित वजीराबाद बैराज में पानी का स्तर न्यूनतम स्तर पर पहुंचने की वजह से उससे जुड़े दिल्ली जल बोर्ड के तीन जल शोधक संयंत्रों से पानी की आपूर्ति 60 से 70 प्रतिशत प्रभावित हो गई है। इसके अलावा अन्य संयंत्रों से जुड़े इलाकों में भी पानी की कमी हो गई है। इन क्षेत्रों के निवासी दिल्ली जल बोर्ड को अपने इलाके की समस्या से अवगत कराने के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति सामान्य करने का आग्रह कर रहे हैं।

पानी का स्तर निरंतर कम हो रहा है। इसका सीधा असर दिल्ली जल बोर्ड के वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला जल शोधक संयंत्र पर पड़ रहा है। इन संयंत्रों से पानी की आपूर्ति 60 से 70 प्रतिशत प्रभावित हो रही है। वजीराबाद बैराज में पानी का सामान्य स्तर 674.50 फुट है, लेकिन यहां पिछले बृहस्पतिवार को यह 671.80 फुट रह गया था। अब पानी का स्तर गिरने का सिलसिला लगातार जारी है। यहां पर सोमवार को पानी का स्तर 669.40 फुट था और मंगलवार 669 फुट दर्ज किया गया।

**दक्षिण दिल्ली के लोग खरीदकर पी रहे पानी :** ओखला जल शोधक से जुड़े दक्षिण दिल्ली के कालकाजी, गोविंदपुरी, तुगलकाबाद, संगम विहार, आंबेडकर नगर, प्रह्लादपुर, मदनपुर खादर, जसोला, सरिता विहार, सुखदेव विहार, हाजी कालोनी, बटला हाऊस, जामिया नगर आदि इलाकों में पानी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। इन इलाकों के कुछ लोगों को पीने का पानी खरीदना पड़ रहा है।

वहीं, वह घरेलू उपयोग के लिए हैंड पंप का पानी उपयोग कर रहे हैं। दूसरी ओर मध्य दिल्ली के पटेल नगर में भी पानी की दिक्कत हो गई है। इसी तरह दक्षिण पश्चिम दिल्ली के कापसहेड़ा और नजफगढ़ इलाके के जय विहार एवं अन्य इलाकों में पानी नहीं आ रहा है।

**इन इलाकों में रहा संकट**
दिल्ली जल बोर्ड के तीनों संयंत्रों से जुड़े नई दिल्ली, सिविल लाइन, हिंदूराव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोलबाग, पहाड़गंज, राजेंद्र नगर, पटेल नगर, बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी, कालकाजी, गोविंदपुरी, तुगलकाबाद, संगम विहार, आंबेडकर नगर, प्रह्लादपुर, रामलीला ग्राउंड, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, मॉडल टाउन, गुलाबी बाग, पंजाबी बाग, जहांगीरपुरी, मूलचंद, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, बुराड़ी, दिल्ली छावनी और आसपास के क्षेत्रों में पिछले पांच दिनों की तरह मंगलवार को भी पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही।

## स्कूली पुस्तक से भगत सिंह का पाठ हटाना शहीद का अपमान

### कर्नाटक में भाजपा के फैसले पर बोले मुख्यमंत्री केजरीवाल

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** स्कूली पुस्तक से भगत सिंह पर एक पाठ को हटाने को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कर्नाटक में भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने इसे स्वतंत्रता सेनानी के बलिदान का अपमान बताते हुए फैसले को वापस लेने की मांग की है।

अरविंद केजरीवाल ने ट्विटर पर लिखा कि देश शहीदों के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने भाजपा से पूछा कि भाजपा के लोग भगत सिंह से इतनी नफरत क्यों करते हैं। उनकी यह प्रतिक्रिया ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) और ऑल इंडिया सेव एजुकेशन कमेटी (एआईएसईसी) सहित कुछ संगठनों द्वारा दावा किए जाने के एक दिन बाद आई है। संगठनों ने दावा किया है कि कर्नाटक सरकार ने कक्षा 10वीं की कन्नड़ पुस्तक से स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का एक पाठ हटा दिया है, जबकि इसमें आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार का एक भाषण शामिल किया गया है। आप ने भगत सिंह पर अध्याय हटाने को शर्मनाक बताते हुए कर्नाटक सरकार से पुस्तक में पाठ बहाल करने की मांग की है।



अरविंद केजरीवाल

**पूछा- भाजपा के लोग भगत सिंह से नफरत क्यों करते हैं**

**यह बोले कर्नाटक के शिक्षा मंत्री :** कर्नाटक के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री बीसी नागेश ने दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए कन्नड़ पुस्तक में हेडगेवार के एक भाषण को शामिल करने का बचाव किया है। नागेश ने कहा कि आपत्ति करने वालों ने पुस्तक को नहीं पढ़ा है।

## केजरीवाल से मिले इस्राइल के राजदूत, कई मुद्दों पर चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मंगलवार को इस्राइल के राजदूत नाओर गिलोन ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली और इस्रायल में मानवता के लिए शांति और कल्याण करने की दिशा में मिलकर काम करने की क्षमता है। गिलोन ने दिल्ली और इस्राइल के संबंधों को लेकर बात की। वहीं, उन्होंने कहा कि वह दिल्ली में रहते है, इसलिए अरविंद केजरीवाल उनके भी मुख्यमंत्री हैं और उनसे मिलकर बहुत खुशी हो रही है।

इस मौके पर अरविंद केजरीवाल और नाओर गिलोन के बीच समय के साथ दिल्ली और इस्राइल के बीच संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा हुई। केजरीवाल ने उनको दिल्ली सरकार की ओर से चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। ब्यूरो




हरियाणा सरकार

आज़ादी का अमृत महोत्सव

HSIIDC
your partner in progress



# साझेदारी के सुनहरे 40 वर्ष तथा समझौता हस्ताक्षर

मारुति सुज़ुकी इण्डिया लिमिटेड
और
सुज़ुकी मोटर साइकिल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड
के लिए आई.एम.टी. खरखौदा में
भूमि आवंटन
**₹ 11,000 करोड़**
का होगा नया निवेश

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए
क्यू आर कोड स्कैन करें

औद्योगिक पॉवर हाऊस **हरियाणा**

- निर्यात तैयारी के साथ लैंड लॉक स्टेट्स में पहला स्थान (EPI- 2021)
- लॉजिस्टिक दक्षता में द्वितीय स्थान (LEADS 2021 Index)
- विकास के साथ सुदृढ़ अर्थव्यवस्था - CAGR>10%
- ई.ओ.डी.बी. अनुसार 2017 में तृतीय स्थान

मुख्य अतिथि
## श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा

19 मई, 2022 (वीरवार), प्रातः 11:00 बजे

क्रेन, कार, लिफ्ट, दोपहिया वाहन
व फुटवियर उत्पादन में अग्रणी
28540 एकड़ भूमि पर
36 औद्योगिक मॉडल टाऊनशिप

## सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# ऑटो, टैक्सी के किराये में बढ़ोतरी की सिफारिश

## सप्ताह के अंत तक समिति रिपोर्ट को दे सकती है अंतिम रूप

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** ऑटो रिक्शा और टैक्सी के किराये में बढ़ोतरी के लिए दिल्ली सरकार की गठित समिति ने सिफारिश की है। दरअसल ऑटो, टैक्सी और कैब यूनियन की तरफ से सीएनजी की कीमत में वृद्धि पर सरकार से किराये में संशोधन की मांग की गई थी। सभी पहलुओं को देखते हुए दिल्ली सरकार ने किराये में संशोधन के लिए समिति गठित की।

समिति के सदस्यों ने 15 दिन तक कैब और ऑटो से यात्रा कर चालकों से उनकी मांगों और अपेक्षाओं की जानकारी हासिल करने के बाद यह सिफारिश की है। अधिकारियों के मुताबिक इस सप्ताह के अंत तक समिति अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे सकती है।

सूत्रों के मुताबिक, किराये में संशोधन से पहले चालकों से उनकी प्रतिक्रिया हासिल करने की दिशा में पहल की गई है, क्योंकि चालक प्रमुख हितधारक हैं। चालकों ने बताया था कि कीमत में लगातार हो रही बढ़ोतरी से उनकी कमाई बहुत कम हो गई है और आगे काम करना मुश्किल हो गया है।

रिपोर्ट जमा करने की समय सीमा इस सप्ताह समाप्त हो रही है और सूत्रों का कहना है कि समिति जल्द ही अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे सकती है। किराया संशोधन समिति की अध्यक्षता विशेष आयुक्त (राज्य परिवहन प्राधिकरण) करते हैं।

समिति के अन्य सदस्यों में उपायुक्त और उप लेखा नियंत्रक, दो नामित जिला परिवहन अधिकारी और एक तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं। समिति में नागरिक समाज के सदस्य भी शामिल हैं, इनमें रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), यात्रियों सहित छात्रों को भी शामिल किया गया है।

### सब्सिडी से मिलेगी राहत, यात्रियों पर नहीं बढ़ेगा बोझ

सीएनजी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से परेशान ऑटो चालक मीटर के बजाय रवाना होने से पहले ही किराया तय कर लेते हैं। अगर यात्री राजी हुए तो ही आगे बढ़ते हैं, वरना नहीं। एक ऑटो चालक ने बताया कि सीएनजी की कीमत में पिछले एक साल में 30 रुपये तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऐसे में अगर मीटर से चलेंगे तो उनके लिए गुजारा मुश्किल हो जाएगा। तिपहिया ऑटो चालक महासंघ के अध्यक्ष संजय चावला ने बताया कि हम नहीं चाहते हैं कि यात्रियों पर किराये का बोझ बढ़े। मौजूदा हालात में सरकार सीएनजी पर सब्सिडी बढ़ाए और अगर ऐसा संभव नहीं होता तो शुरुआती किराया 30 रुपये कर प्रति किलोमीटर 10 रुपये का रेट किया जा सकता है। सब्सिडी से यात्रियों पर भी किराया बढ़ोतरी का बोझ नहीं पड़ेगा। सर्वोदय ड्राइवर्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली के अध्यक्ष कमलजीत गिल ने कहा कि सीएनजी की दरें इतनी बढ़ गई हैं कि चालकों की कमाई न के बराबर रह गई है।

# कोरोना के 393 नए मरीज, 2 लोगों की मौत

## राजधानी में 3.35 फीसदी रही संक्रमण दर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी में बीते 24 घंटे में कोरोना के 393 नए केस मिले हैं जबकि दो मरीजों की मौत हो गई। नए मामलों के साथ संक्रमण दर 3.35 फीसदी रही है। राहत की बात यह है कि 2400 मरीजों ने कोरोना को हराया है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, बीते एक दिन में कोरोना के 11,731 टेस्ट किए गए हैं। इसमें से 9441 आरटी-पीसीआर व 2290 एंटीजन टेस्ट हुए हैं। अस्पतालों में 125 मरीज भर्ती हैं। इसमें से ऑक्सीजन सपोर्ट पर 45, वेंटिलेटर पर सात व आईसीयू में 41 मरीज हैं। बीते 24 घंटे में 4233 लोगों ने टीके की खुराक ली है। सक्रिय मरीजों की संख्या 2910 व कंटेनमेंट जोन की संख्या 1414 है।

### टीके की खुराक लगाने का निर्देश

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य निदेशालय ने टीके की खुराक बढ़ाने के लिए सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत सभी जिले को शिविर लगाकर एहतियाती खुराक का टीकाकरण बढ़ाने के लिए कहा गया है। जिला प्रशासन को आरडब्ल्यूए, झुग्गी-बस्ती, स्कूल व पूजा स्थल पर शिविर का आयोजन कर टीकाकरण करना होगा। हालांकि, इन स्थानों पर टीकाकरण करने से पहले व बाद में क्षेत्र को पूरी तरह से सैनिटाइज करना होगा।

## डेंगू का खतरा बढ़ा, एक हफ्ते में 14 नए मरीज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में डेंगू का खतरा बढ़ गया है। इस समय मच्छरों के प्रति लापरवाही भारी पड़ सकती है। बीते एक हफ्ते में डेंगू के 14 नए मामले सामने आए हैं। ये नए मामले चिंताजनक हैं, क्योंकि इस साल एक हफ्ते में डेंगू के ये सर्वाधिक मामले हैं। तीनों नगर निगम मंगलवार को आई वेक्टर जनित रोगों की ताजा रिपोर्ट से चिंतित हैं, इसलिए मच्छरों के खिलाफ बचाव और सतर्कता अभियान को तेज कर दिया है। सोमवार को कई सारे निर्माण स्थलों और सरकारी दफ्तरों के अंदर मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए निगमों ने अभियान चलाया और मच्छरों के प्रजनन को रोकने का प्रयास नहीं करने वाले सरकारी दफ्तरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। दिल्ली में इस साल डेंगू के 96 मामले सामने आए हैं। 30 अप्रैल तक 82 मामले थे, जबकि 14 मई तक बढ़कर 96 हो गए हैं। निगम की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल डेंगू से किसी की मौत नहीं हुई है। ब्यूरो

# हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए टास्क फोर्स बनाई

अमर उजाला ब्यूरो



दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते गोपाल राय। अमर उजाला

**नई दिल्ली।** सड़क किनारे हरियाली बढ़ाने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इस संबंध में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय संयुक्त समीक्षा बैठक की। बैठक में वन विभाग, पीडब्ल्यूडी, डीएसआईआईडीसी, निगम और संबंधित एजेंसी के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में धूल नियंत्रण के तहत हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए सभी रोड एजेंसियों को 15 दिन में रिपोर्ट बनाने के लिए भी निर्देश जारी दिए गए हैं।

गोपाल राय के मुताबिक, ग्रीष्मकालीन कार्य योजना के 14 बिंदुओं में शामिल सड़क किनारे हरित क्षेत्र को बढ़ाना शामिल है। इस संबंध में की गई बैठक के दौरान सभी रोड एजेंसियों को बढ़ रहे धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी रोड एजेंसियां सड़क किनारे पर उपलब्ध हरित क्षेत्र का निरीक्षण करेंगी।

साथ ही रोड मैपिंग के जरिये यह भी पता लगाया जाएगा कि किस क्षेत्र में कितना और किस तरह का हरित क्षेत्र मौजूद है, जिसे बेहतर और खराब वर्ग में विभाजित कर आगे की योजना बनाई जाएगी। इसके साथ-साथ उन जगहों की भी मैपिंग होगी, जहां हरित क्षेत्र बिल्कुल न के बराबर है। मंत्री ने कहा कि इस तरह की रोड मैपिंग के जरिये सभी रोड एजेंसियों को कार्य योजना तैयार करनी है, जिसकी रिपोर्ट अगले 15 दिन में विभाग को सौंपी जाएगी।

## कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन पर परिवहन साधनों की बेहतर होगी कनेक्टिविटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कड़कड़डूमा मेट्रो स्टेशन पर मल्टी मॉडल इंटीग्रेशन (एमएमआई) प्रणाली में सुधार के लिए 45.31 लाख रुपये के खर्च की प्रशासनिक मंजूरी दे दी है। इस परियोजना के तहत मेट्रो स्टेशन के आसपास बस, ऑटो और ई-रिक्शा की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के मुताबिक, इस कदम से हजारों मेट्रो यात्रियों को अंतिम छोर तक की कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे भीड़भाड़ में भी कमी आएगी। पिंक लाइन का कड़कड़डूमा कोर्ट मेट्रो स्टेशन दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन पर है। ब्यूरो

## अगले सप्ताह सड़कों पर दौड़ेंगी 100 ई-बसें

**नई दिल्ली।** डीटीसी के परिवहन बेड़े में जल्द 100 नई इलेक्ट्रिक बसें शामिल कर ली जाएंगी। इसके लिए डिपो में चार्जिंग सहित बसों के लिए तमाम जरूरी बुनियादी सुविधाएं विकसित कर ली गई हैं। अगले सप्ताह तक इन बसों को सड़कों पर उतारे जाने की उम्मीद है। फिलहाल डीटीसी के बेड़े में कम बसें हैं और ई बसों के शामिल होने से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। ब्यूरो


# डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली
# Dr. B.R. AMBEDKAR UNIVERSITY DELHI
(एन.सी.टी. दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित)

## डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के स्नातक (Undergraduate) कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के लिए प्रवेश प्रक्रिया

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय है। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के लिए कश्मीरी गेट परिसर और करमपुरा परिसर में विभिन्न स्कूलों में अध्ययन के तहत विभिन्न स्नातक (UG) कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। प्रवेश के इच्छुक आवेदकों को सूचित किया जाता है कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के स्नातक कार्यक्रमों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2022–23 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली एन.टी.ए. द्वारा आयोजित की जाने वाली कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सी.यू.ई.टी.) में शामिल हो गया है। CUET विद्यार्थियों को प्रवेश लेने के लिए एकल अवसर प्रदान करेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए स्नातक प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सभी उम्मीदवार जो डॉ.बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में अध्ययन करने के इच्छुक हैं, उन्हें 22.05.2022 (शाम 5 बजे) से पहले cuet-samarth-ac-in पर कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट [सीयूईटी (यूजी) 2022] के लिए पंजीकरण करना होगा।

यूजी कार्यक्रमों की सूची, पात्रता मानदंड और अन्य विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं जो इस प्रकार है:

### पात्रता के साथ स्नातक कार्यक्रमों की सूची

| क्र. स. | प्रस्तुत कार्यक्रम | विश्वविद्यालय में यू.जी. प्रवेश के लिए विचार किए जाने वाले सी.यू.ई.टी. 2022 के फॉर्म को भरते समय चुने जाने वाली भाषाएं/विषय | कार्यक्रम के लिए पात्रता |
|---|---|---|---|
| 1 | व्यवसाय प्रशासन स्नातक (बी.बी.ए.) BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION (BBA) | अनुभाग III: सामान्य परीक्षण | उम्मीदवारों की CUET में उपस्थिति अनिवार्य है आवेदकों को सी.बी.एस.ई. / डी.बी.एस.ई. या किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50% अंकों के साथ बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। (एस.सी./एस.टी./पी.डब्ल्यू.बी.डी./दिल्ली–ओबीसी (एन.सी.एल)/रक्षा/कश्मीरी प्रवासी के लिए 5% अंकों की छूट)। मेरिट की गणना सेक्शन III में प्राप्त CUET स्कोर को ध्यान में रखकर की जाएगी। |
| 2 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) इतिहास BACHELOR OF ARTS (HONOURS) HISTORY | अनुभाग III: सामान्य परीक्षण | |
| 3 | बैचलर ऑफ वोकेशन (रिटेल मैनेजमेंट) BACHELOR OF VOCATION (RETAIL MANAGEMENT) | अनुभाग III: सामान्य परीक्षण | |
| 4 | बैचलर ऑफ़ वोकेशन (टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी ) BACHELOR OF VOCATION (TOURISM AND HOSPITALITY) | अनुभाग III: सामान्य परीक्षण | |
| 5 | बैचलर ऑफ़ वोकेशन (अर्ली चाइल्डहुड सेंटर मैनेजमेंट एंड एन्त्रेप्रेंयूर्शिप) BACHELOR OF VOCATION (EARLY CHILDHOOD CENTRE MANAGEMENT AND ENTERPRENEURSHIP) | अनुभाग III: सामान्य परीक्षण | |
| 6 | बैचलर ऑफ़ वोकेशन (लेखा और वित्त) BACHELOR OF VOCATION (ACCOUNTING AND FINANCE) | अनुभाग III: सामान्य परीक्षण | |
| 7 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ग्लोबल स्टडीज़) BACHELOR OF ARTS (GLOBAL STUDIES) | अनुभाग IA: कोई एक भाषा अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | उम्मीदवारों की CUET में उपस्थिति अनिवार्य है आवेदकों को सी.बी.एस.ई. / डी.बी.एस.ई. या किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50% अंकों के साथ बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। (एस.सी./एस.टी./पी.डब्ल्यू.बी.डी./दिल्ली–ओ.बी.सी. (एन.सी.एल.)/रक्षा/कश्मीरी प्रवासी के लिए 5% अंकों की छूट)। विषयों के उल्लिखित संयोजन में प्राप्त CUET स्कोर पर विचार करके मेरिट की गणना की जाएगी। |
| 8 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (सस्टेनेबल अर्बनिज़्म) BACHELOR OF ARTS (SUSTAINABLE URBANISM) | अनुभाग IA: कोई एक भाषा अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | |
| 9 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (सामाजिक विज्ञान और मानविकी) BACHELOR OF ARTS (SOCIAL SCIENCES AND HUMANITIES) | अनुभाग IA: कोई एक भाषा अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | |
| 10 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (लॉ एंड पॉलिटिक्स) BACHELOR OF ARTS (LAW AND POLITICS) | अनुभाग IA: कोई एक भाषा अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | |
| 11 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) हिन्दी BACHELOR OF ARTS (HONOURS) HINDI | अनुभाग IA: हिंदी अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | |
| 12 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) मनोविज्ञान BACHELOR OF ARTS (HONOURS) PSYCHOLOGY | अनुभाग IA: कोई एक भाषा अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | |
| 13 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) सामाजिक विज्ञान और मानविकी BACHELOR OF ARTS (HONOURS) SOCIAL SCIENCES AND HUMANITIES | अनुभाग IA: कोई एक भाषा अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | |
| 14 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) समाजशास्त्र BACHELOR OF ARTS (HONOURS) SOCIOLOGY | अनुभाग IA: कोई भी एक भाषा अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | |
| 15 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) अर्थशास्त्र BACHELOR OF ARTS (HONOURS) ECONOMICS | अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | उम्मीदवारों की CUET में उपस्थिति अनिवार्य है आवेदकों को सी.बी.एस.ई. / डी.बी.एस.ई. या किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से गणित में कम से कम उत्तीर्ण अंकों के साथ बारहवीं कक्षा की परीक्षा कम से कम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (एस.सी./एस.टी./पी.डब्ल्यू.बी.डी./दिल्ली–ओ.बी.सी. (एन.सी.एल.)/रक्षा/कश्मीरी प्रवासी के लिए 5% अंकों की छूट)। विषयों के उल्लिखित संयोजन में प्राप्त CUET स्कोर पर विचार करके मेरिट की गणना की जाएगी। |
| 16 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) अंग्रेजी BACHELOR OF ARTS (HONOURS) ENGLISH | अनुभाग IA: अंग्रेजी अनुभाग II: किन्हीं तीन डोमेन विशिष्ट विषयों में से सर्वश्रेष्ठ | उम्मीदवारों की CUET में उपस्थिति अनिवार्य है आवेदकों को सी.बी.एस.ई. / डी.बी.एस.ई. या किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50% अंकों के साथ बारहवीं कक्षा की परीक्षा अंग्रेजी में कम से कम 65% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। (एस.सी./एस.टी./पी.डब्ल्यू.बी.डी./दिल्ली–ओ.बी.सी. (एन.सी.एल.)/रक्षा/कश्मीरी प्रवासी के लिए 5% अंकों की छूट)। विषयों के उल्लिखित संयोजन में प्राप्त CUET स्कोर पर विचार करके मेरिट की गणना की जाएगी। |
| 17 | बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) गणित BACHELOR OF ARTS (HONOURS) MATHEMATICS | अनुभाग II: गणित और किन्हीं तीन अन्य विषयों में से सर्वश्रेष्ठ या तो अनुभाग II से या अनुभाग IA से | उम्मीदवारों की CUET में उपस्थिति अनिवार्य है आवेदकों को सी.बी.एस.ई. / डी.बी.एस.ई. या किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से गणित में कम से कम 65% अंकों के साथ बारहवीं कक्षा की परीक्षा कम से कम 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। (एस.सी./एस.टी./पी.डब्ल्यू.बी.डी./दिल्ली–ओ.बी.सी. (एन.सी.एल.)/रक्षा/कश्मीरी प्रवासी के लिए 5% अंकों की छूट)। विषयों के उल्लिखित संयोजन में प्राप्त CUET स्कोर पर विचार करके मेरिट की गणना की जाएगी। |

आवेदकों को प्रत्येक कार्यक्रम के लिए ऊपर दी गई तालिका में वर्णित पात्रता मानदंड के आधार पर डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली में प्रवेश दिया जाएगा।

डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक आवेदकों को प्रत्येक कोर्स के लिए अलग से **www.aud.ac.in** पर आवेदन करना होगा। आवेदन से संबंधित अपडेट के लिए, आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से विश्वविद्यालय (**www.aud.ac.in**) और **NTA (nta.ac.in)/CUET (cuet.samarth.ac.in)** की वेबसाइट देखें।

दिनांक: 06.05.2022 | www.aud.ac.in | DIP/Shabdarth/D/0034/22-23 | कुलसचिव


# आज से फिर चढ़ेगा पारा 21 से राहत के आसार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मिली राहत बुधवार से खत्म हो रही है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटे में मौसम खुलने के साथ तेज धूप निकलेगी व गर्मी की सितम बढ़ेगा। हालांकि, 21 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है, जिससे 23 मई तक राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, बीते 24 घंटे में अधिकतम तापमान सामान्य से एक अधिक 41.1 व न्यूनतम तापमान सामान्य से एक अधिक 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 27 से 57 फीसदी रहा। मुंगेशपुर में सबसे अधिक 44.6 व नजफगढ़ में 44.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। ब्यूरो

**41.1 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान**

## पांच बाजारों का होगा पुनर्विकास, समिति 20 को सरकार को सौंपेगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** 2022-23 के रोजगार बजट में घोषित दिल्ली सरकार की ओर से पुनर्विकास के लिए पांच बाजारों का चयन में लोकप्रियता, विरासत मूल्य, रोजगार सृजन की संभावनाएं सहित कुछ और प्रमुख मानदंड होंगे। पैनल के सदस्य एवं चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने कहा कि आठ सदस्यीय समिति की मंगलवार को बुलाई गई बैठक में सभी संबंधित पहलुओं पर चर्चा की गई। समिति 20 मई तक दिल्ली सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। गोयल ने कहा कि बाजारों के पुनर्विकास के बाद अतिरिक्त रोजगार पैदा करने की बाजार की क्षमता पर विचार करने सहित राजस्व सृजन की संभावना भी तलाशेंगे। ब्यूरो

## निगमों को 5 दिन में भंग करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा शासित नगर निगमों को पांच दिनों में भंग करने की तैयारी है। दक्षिण दिल्ली नगर निगम का कार्यकाल बुधवार को समाप्त हो रहा है, जबकि उत्तरी निगम का 19 मई और पूर्वी निगम 22 मई को कार्यकाल पूरा होगा। दिल्ली नगर निगम (संशोधन) अधिनियम 2022 के अनुसार केंद्र द्वारा निगम की पहली बैठक होने तक नए एकीकृत नागरिक निकाय को चलाने के लिए एक विशेष अधिकारी की नियुक्त की जाएगी। एसडीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि निगम के निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा गठित स्थायी समिति बुधवार को भंग हो जाएगी, लेकिन निगम अपने अनिवार्य कर्तव्यों का पालन करता रहेगा। ब्यूरो

## दिल्ली सरकार तुष्टिकरण की राजनीति से पूरी तरह ग्रसित : आदेश गुप्ता

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार तुष्टिकरण की राजनीति से पूरी तरह ग्रसित है। आप की तुष्टिकरण की राजनीति शिक्षा तक पहुंच चुकी है। इस कड़ी में दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशक ने 12 मई को पब्लिक स्कूलों से अल्पसंख्यक वर्ग के सभी बच्चों की कोरोना काल के दौरान ली गई ट्यूशन फीस वापस करने का निर्देश दिया है। पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आदेश गुप्ता ने दिल्ली सरकार के इस निर्णय को गलत ठहराया है। ब्यूरो









## भाजपा का पोल खोल अभियान जारी

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा लगातार तीसरे दिन मंगलवार को भी मुख्यमंत्री के वादों के खिलाफ पोल खोल अभियान जारी रखा। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने केशवपुरम व करोल बाग के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पोल खोल अभियान उन सभी राष्ट्रभक्त कार्यकर्ताओं का है जिनके सीने में एक दर्द है। दिल्ली की जनता भी चाहती है कि भाजपा कार्यकर्ता आगे आकर मुख्यमंत्री के झूठे दावों की पोल खोलें।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपाई पोल खोल अभियान के तहत दिल्ली के 25 लाख घरों तक लोगों से सीधा संवाद करेंगे। इस दौरान भाजपा नेता रेखा गुप्ता, खेमचंद शर्मा, राजकुमार भाटिया, श्याम शर्मा, शशि जेटली, गणेश मलिक, राजेश गोयल, पूर्व महापौर जयप्रकाश, सुरेश गुप्ता, ललित रावत आदि उपस्थित थे। ब्यूरो

Dr. Juneja's पेट सफा Natural Laxative Granules & Tablets
गैस | कब्ज | एसिडिटी
अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स/टैबलेट। यह स्वाद में मजेदार है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।
24x7 Helpline: 91197 88888 • www.petsaffa.com
FREE HOME DELIVERY USE CODE DIVISA

## रंगदारी नहीं देने पर कारोबारी को जान से मारने की धमकी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम विहार वेस्ट में पांच लाख की रंगदारी नहीं देने पर मोबाइल फोन के कारोबारी को जान से मारने की धमकी मिली है। कारोबारी ने पहली धमकी को किसी का मजाक समझकर उसे अनसुना कर दिया लेकिन अज्ञात नंबरों से लगातार फोन आने के बाद उसने इस बाबत थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि तकनीकी जांच कर मामले की छानबीन की जा रही है। पश्चिम विहार स्थित एक अपार्टमेंट में रहने वाले कारोबारी का ज्वालापुरी में मोबाइल फोन की दुकान है। कारोबारी ने बताया कि 30 अप्रैल की शाम उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम बिशु बताया। आरोपी ने उससे पांच लाख रुपये का इंतजाम करने को कहा है।

# बैंक्वेट हॉल में आग, दम घुटने से प्रबंधक की मौत

### भूतल पर बने स्टेज के पास से शुरू हुई आग चौथी मंजिल तक फैली

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत नगर में जीटी करनाल रोड पर स्थित अटलांटिस बैंक्वेट हॉल में मंगलवार शाम भीषण आग लग गई। इससे अफरातफरी मच गई। पहली मंजिल पर मौजूद बैंक्वेट हॉल का प्रबंधक हर्ष चोपड़ा धुएं की चपेट में आने से अचेत हो गया। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने प्रबंधक को बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। दम घुटने से प्रबंधक की मौत हुई। आग भूतल पर बने स्टेज के पास से शुरू हुई थी और चौथी मंजिल तक फैल गई। मौके पर पहुंची दमकल की 15 गाड़ियों ने पौने तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया।

दमकल अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार शाम 5.47 बजे दमकल विभाग को बैंक्वेट हॉल में आग लगने की जानकारी मिली। सूचना मिलने पर आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल की दस गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। हॉल के अंदर काफी धुआं फैल गया था। दमकल कर्मियों को पता चला कि आग में कोई फंसा नहीं है। सभी निकल गए हैं। दमकल कर्मी भूतल पर आग काबू करने के बाद पहली मंजिल पर पहुंचे। करीब पौने सात बजे दमकल कर्मियों ने पहली मंजिल पर एक व्यक्ति को अचेत अवस्था में देखा।

दमकल कर्मियों ने उसे बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना के समय वह पहली मंजिल पर मौजूद था और धुएं की वजह से नीचे नहीं आ पाया था।पुलिस अधिकारी ने बताया कि रात साढ़े आठ बजे दमकल कर्मियों ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक धुएं की वजह से दमकल कर्मियों को आग बुझाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन काफी मशक्कत के बाद दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। उन्होंने लोगों से गर्मी के मौसम में सावधानियां बरतने की अपील की है। आग लगने पर तुरंत सूचना देने को कहा।


भारत नगर के एक बैंक्वेट हॉल में लगी आग को बुझाने पहुंचे दमकलकर्मी। अमर उजाला

## क्लस्टर बस में लगी भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के गोविंदपुरी के नजदीक सुबह 9 बजे एक क्लस्टर बस में आग लग गई। चंद मिनट के अंदर ही बस पूरी तरह जल गई। सुबह का वक्त होने की वजह से बस में अधिक यात्री थे, लेकिन सभी को चालक-परिचालक ने सुरक्षित बाहर निकाला। दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।



हमदर्द नगर से गोविंदपुरी की तरफ जा रही क्लस्टर बस के इंजन से पहले धुआं निकलने के बाद आग लगने की शुरुआत हो गई। लपटें और अधिक बढ़े, इससे पहले ही यात्रियों को सुरक्षित निकालने में चालक-परिचालक जुट गए। कुछ देर में सभी को बाहर निकाल लिया गया।

**समिति की रिपोर्ट से पहले एक और बस में लगी आग :** ढाई महीने में बसों में आग लगने की यह छठी घटना है। डीटीसी की पांच बसों में लगातार आग लगने की घटनाओं की जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई थी। कमेटी के सदस्य अलग-अलग डिपो में बसों में आग लगने संबंधी सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रहे हैं। समिति की रिपोर्ट से पहले एक और मामला बढ़ गया है। ब्यूरो

## बाइक सवार डीटीसी कर्मचारी को ट्रक ने कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में सोमवार तड़के बाइक सवार डीटीसी कर्मचारी को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त विनोद कुमार (30) के रूप में हुई है। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस के मुताबिक, विनोद गाजियाबाद के लोनी स्थित रामपार्क में रहता था। वह डीटीसी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था। ब्यूरो

## बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**बादशाहपुर (संवाद)।** परचून का सामान खरीदने गए युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

APPOINTMENTS

भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड, मुंबई
RESERVE BANK OF INDIA SERVICES BOARD, MUMBAI
www.rbi.org.in
विज्ञापन सं. 1/2022-23

1. भारतीय रिज़र्व बैंक में निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| क्र.सं. | पद | रिक्तियां |
|---|---|---|
| | पैनल वर्ष 2021 | |
| 1 | ग्रेड 'ए' में संग्रहाध्यक्ष (क्यूरेटर) | 01 |
| 2 | पूर्णकालिक अनुबंध पर वास्तुकार | 01 |
| 3 | ग्रेड 'ए' में अग्निशमन अधिकारी | 01 |

2. अन्य सभी ब्यौरों जैसे पात्रता मानदंड, रिक्तियों का आरक्षण, चयन योजना, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने तथा अन्य अनुदेशों के लिए कृपया 23 मई 2022 को बैंक की वेबसाइट (www.rbi.org.in) पर तथा 21 मई 2022/बाद के अंक में इम्पलॉयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में प्रकाशित होने वाला विस्तृत विज्ञापन देखें। इन पदों के लिए उम्मीदवार केवल ऑनलाइन माध्यम से बैंक की वेबसाइट से ही आवेदन कर सकते हैं।

3. **महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन लिंक:<br>आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए वेबसाइट लिंक खुलने की तिथि<br>ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 23 मई , 2022<br>13 जून, 2022 |
| ग्रेड 'ए' में अग्निशमन अधिकारी के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तिथि | 09 जुलाई, 2022 |

टिप्पणी: यदि इस विज्ञापन का कोई शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो, उसे केवल बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹46600* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 01127042254

DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
—DHIRAJ DHIR GROUP—
TODAY'S B.I.S. HALLMARK GOLD RATE
92% Gold Rate
₹46500/-
.916 certified by B.I.S.
MAKING CHARGES ONLY 8% ON ALL ITEMS
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024. Ph: 47284728

IIHMR DELHI INTERNATIONAL INSTITUTE OF HEALTH MANAGEMENT RESEARCH
PGDM IN HOSPITAL & HEALTH MANAGEMENT
SPECIALISATION OFFERED
- Health Management
- Hospital Management
- Health Information Technology
GLOBAL COLLABORATIONS
MAHIDOL UNIVERSITY | IMPERIAL COLLEGE
RAK HOSPITAL | EMIRATES HOSPITAL | PSI
ADMISSIONS OPEN
SESSION 2022-24
HURRY UP
Limited seats left!!
www.iihmrdelhi.edu.in
AMONG TOP B-SCHOOL IN DELHI NCR REGION
Excellent Placement Record
Attractive Scholarship opportunities
IIHMR Delhi - Plot No 3, Sector 18A Dwarka Phase II, New Delhi - 110075
Contact: +91-7428895912 | +91-8448839790

SUMMER WEDDING COLLECTION
Raymond
Linen, Cotton & Woollen
Formals, Casual & Party Wears
By Economy Sales: 9212758425
Latest Range of Designs & Colors
upto 60% off
GIFT PACKS AVAILABLE
BLAZER•SUIT
SHIRT•TROUSER•JACKET
OPEN 7 DAYS
Raymond | PARK AVENUE | ColorPlus | parx
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

JAGAT PHARMA
35 वर्षों से सेवारत
बिना ऑपरेशन के आँखों की समस्त बीमारियों का आयुर्वेदिक उपचार
डॉ. एम. एस. बासु की
आइसोटीन आई ड्रॉप
बिना किसी साइड इफेक्ट के
2 बूंद दिन में तीन बार
- काला पानी या काला मोतिया
- कम पका मोतियाबिंद
- डायबिटिक रेटिनोपैथी
- निकट एवं दूर दृष्टि
- कलर ब्लाइंडनेस
सभी मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध
ISOTINE EYE DROP
www.jagatpharma.com | टोल फ्री : 18001028191
Super Stockeist : Goldy Associates, Delhi
Stockiest : Glyco Pharma (Bhagirath Palace) - 9211012382, Aggarwal Enterprises (Center Delhi)- 9910062528, Padmawati Distributer (North Delhi)- 9313038588, Manchanda Ayurvedic (North Delhi)- 9213352032, Gopal Ayurvedic Store (South Delhi)- 9810524934, Rishav Enterprises (South Delhi)- 9350252660, Joshi Pharma (South Delhi) - 9891788713, Luthra Dawakhana (West Delhi) - 011 25416479, Nerv Solution East Delhi 85888 58688, Pawan Agency Noida Mob-8178820751, Trade hub, Gaziyabad 9599200060, Preimer medical 8826488300, Jai Dayal Satish Chand, (Gaziyabad)
For trade enquiry contact : ASM : Umesh Pandey (98718-74188), Santosh Upadhyay (92126-34430)

इंडियनऑयल IndianOil
इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
Indian Oil Corporation Limited
[CIN - L23201MH1959GOI011388]
Regd. Office : IndianOil Bhavan, G-9, Ali Yavar Jung Marg, Bandra (East), Mumbai - 400 051
Website: www.iocl.com, Email ID: investors@indianoil.in
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत की हरित ऊर्जा की दिशा में बढ़ते कदम
अब तक का सबसे अधिक राजस्व और अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष हेतु एकल और समेकित लेखापरीक्षित परिणामों का विवरण

(करोड़ ₹)

| विवरण | एकल | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित परिणाम | | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित परिणाम | |
| | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | | तिमाही समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
| | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2021 | 31.03.2022 | 31.03.2021 |
| 1 प्रचालनों से आय | 2,06,460.89 | 1,97,172.01 | 1,63,732.98 | 7,28,459.94 | 5,14,890.47 | 2,09,049.16 | 1,99,375.30 | 1,65,734.27 | 7,36,730.84 | 5,20,236.84 |
| 2 अन्य आय | 951.70 | 1,375.28 | 1,101.67 | 4,324.26 | 4,550.72 | 580.70 | 1,143.18 | 712.93 | 3,082.22 | 3,499.54 |
| 3 कुल आय | 2,07,412.59 | 1,98,547.29 | 1,64,834.65 | 7,32,784.20 | 5,19,441.19 | 2,09,629.86 | 2,00,518.48 | 1,66,447.20 | 7,39,813.06 | 5,23,736.38 |
| 4 कुल व्यय | 1,99,327.91 | 1,91,067.73 | 1,53,883.55 | 7,01,051.13 | 4,89,725.54 | 1,99,874.95 | 1,92,832.76 | 1,55,545.89 | 7,06,760.00 | 4,94,182.38 |
| 5 अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व और सहयोगी/संयुक्त उद्यम का हिस्सा) | 8,084.68 | 7,479.56 | 10,951.10 | 31,733.07 | 29,715.65 | 9,754.91 | 7,685.72 | 10,901.31 | 33,053.06 | 29,554.00 |
| 6 एसोसिएट/ज्वाइंट वेंचर के लाभ/(हानि) का अंश | | | | | | 136.51 | 330.34 | 567.53 | 1,235.56 | 1,196.73 |
| 7 अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 8,084.68 | 7,479.56 | 10,951.10 | 31,733.07 | 29,715.65 | 9,891.42 | 8,016.06 | 11,468.84 | 34,288.62 | 30,750.73 |
| 8 अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात | 6,021.88 | 5,860.80 | 8,781.30 | 24,184.10 | 21,836.04 | 7,089.18 | 6,261.40 | 9,144.90 | 25,726.60 | 21,762.22 |
| 9 अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) मूल के इक्विटीहोल्डर्स संबंधित कर के पश्चात | | | | | | 6,645.72 | 6,143.08 | 9,026.49 | 25,102.23 | 21,638.21 |
| 10 अवधि हेतु कुल समावेशी आय ख(जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है, | 8,520.27 | 4,481.41 | 10,104.42 | 30,443.93 | 26,419.93 | 9,350.56 | 4,743.15 | 10,136.23 | 31,948.93 | 26,263.39 |
| 11 अवधि हेतु कुल समावेशी आय मूल के इक्विटीहोल्डर्स संबंधित | | | | | | 8,912.99 | 4,625.38 | 10,036.20 | 31,329.26 | 26,159.77 |
| 12 प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य – ₹10 प्रत्येक) | 9,414.16 | 9,414.16 | 9,414.16 | 9,414.16 | 9,414.16 | 9,414.16 | 9,414.16 | 9,414.16 | 9,414.16 | 9,414.16 |
| 13 अन्य इक्विटी, पुर्नमूल्यन संचेय छोड़कर | | | | 1,22,105.32 | 1,01,319.00 | | | | 1,24,354.14 | 1,02,657.01 |
| 14 प्रतिभूति प्रीमियम खाता | | | | - | - | | | | 76.74 | 76.74 |
| 15 नेट वर्थ (कुल इक्विटी) | | | | 1,31,286.36 | 1,10,500.04 | | | | 1,33,535.18 | 1,11,838.05 |
| 16 उत्कृष्ट कर्तव्य | | | | 1,10,798.50 | 94,413.00 | | | | 1,23,550.10 | 1,08,926.28 |
| 17 ऋण इक्विटी अनुपात | | | | 0.84:1 | 0.85:1 | | | | 0.91:1 | 0.97:1 |
| 18 प्रति शेयर आय (₹) (मूल और समायोजित) (अंकित मूल्य – ₹10 प्रत्येक) | 6.56 | 6.38 | 9.56 | 26.34 | 23.78 | 7.24 | 6.69 | 9.83 | 27.34 | 23.57 |
| 19 पूंजी मोचन रिजर्व | | | | 297.65 | 297.65 | | | | 298.06 | 298.06 |
| 20 बांड मोचन रिजर्व | | | | 1,781.79 | 3,152.64 | | | | 1,800.54 | 3,171.39 |
| 21 कर्ज सेवा कवरेज अनुपात | | | | 4.93 | 5.00 | | | | 3.90 | 3.61 |
| 22 ब्याज सेवा कवरेज अनुपात | | | | 8.25 | 11.24 | | | | 8.15 | 10.50 |

नोट्स :
1. निदेशक मंडल ने ₹ 10/- प्रति इक्विटी शेयर (अंकित मूल्य – ₹ 10/- प्रति इक्विटी शेयर) का अंतिम लाभांश संस्तुत किया है। यह वर्ष के दौरान प्रदत्त ₹ 9.00/– प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।
2. निदेशक मंडल ने ₹ 10/– (पूर्व–बोनस) के अंकित मूल्य वाले ₹ 3.60 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की भी सिफारिश की है, जो कंपनी के सदस्यों द्वारा अनुमोदन के अधीन, वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए ₹ 10/– (पूर्व–बोनस) के अंकित मूल्य वाले ₹ 2.40 प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश में तब्दील हो जाता है। यह कंपनी द्वारा वर्ष के दौरान भुगतान किए गए ₹ 9.00 प्रति इक्विटी शेयर (पूर्व–बोनस) के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है।
3. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में प्रस्तुत किए गए विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामतः बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (URL: https://www.bseindia.com/xml-data/corpfiling/AttachLive/0d7754c1-91c1-40d0-bede-a68d3f756cbe.pdf) पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (URL: https://archives.nseindia.com/corporate/IOC_BM_Outcome_Q4_21_22_17052022162239.pdf) और कम्पनी की वेबसाइट (www.iocl.com) पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
(एस.के. गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन : 07570165

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 17 मई, 2022

Scan this QR code to download Audited Financial Results for the Year Ended 31st March 2022
Indane | XTRAGREEN New-age high performance diesel | PROPEL 100% TRUST. 100% VALUE. | IndianOil Aviation | Indane XTRATEJ | XP100 | HCNG
Operates India's largest network of Customer Touchpoints | Owns and Operates 10 Refineries across India | Manages country's largest network of crude & product pipelines | 2nd largest player in Petrochemicals & Natural Gas
web: www.iocl.com Follow us on: /IndianOilCorpLimited /IndianOilcl /indianoilcorporationlimited /indianoilcorp




## भाजपा है अग्निकांड की जिम्मेदार : आतिशी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने मुंडका अग्निकांड मामले के लिए सीधे तौर पर भाजपा को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा शासित नार्थ एमसीडी ने गैर कानूनी तौर पर लाइसेंस देकर लाल डोरा क्षेत्र में फैक्टरी खोलने दी। कानून के मुताबिक, लाल डोरा एक्सटेंशन में कमर्शियल गतिविधि संचालित नहीं हो सकती, जबकि भाजपा की सह पर इमारत मालिक मनीष लाकड़ा को लाइसेंस मिला। आतिशी ने प्रेसवार्ता में कहा कि पूरी दिल्ली में भाजपा के पार्षद अवैध निर्माण करवा रहे हैं और अवैध लाइसेंस दे रहे हैं। ब्यूरो

13 मई की शाम करीब 4 बजे मुंडका की तीन मंजिला इमारत में लगी आग ने राष्ट्रीय राजधानी को सन्न कर दिया था। हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई, परंतु अभी तक मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोग सवाल उठाने लगे हैं कि क्या 27 मौतों की कीमत सिर्फ तीन गिरफ्तारी, तीन निलंबन और कुछ इकाइयों के चालान है। नगर निगमों के अधिकारियों को अब अवैध रूप से चलने वालीं फैक्टरियां भी नजर आने लगीं हैं। कार्रवाई के नाम पर कुछ को नोटिस भेजे गए हैं तो कुछ को चेतावनी दी है...

# 27 मौतों पर खानापूर्ति, सिर्फ तीन गिरफ्तारी तीन निलंबन और कुछ इकाइयों के चालान

**4** दिन बाद भी जिम्मेदार लोगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं, अपनों की तलाश में भटक रहे हैं परिजन | मुंडका अग्निकांड के बाद नगर निगमों के अधिकारियों को नजर आने लगीं हैं अवैध रूप से चल रही फैक्टरियां

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अग्निकांड के आरोप में अभी तक इमारत के मालिक मनीष लाकड़ा और वहां सीसीटीवी कैमरों व राउटर की कंपनी के संचालक हरीश और वरुण को गिरफ्तार किया गया है, जबकि नगर निगम के तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है।

मंगलवार तक कुछ इकाइयों के चालान भी किए गए। इनमें किसी के पास की फायर की एनओसी नहीं पाई गई, तो किसी पर अन्य कागजात नहीं मिले।



अपनों के इंतजार में संजय गांधी अस्पताल में खड़ी महिला। - अमर उजाला

### पूर्वी दिल्ली में बिना लाइसेंस की नौ फैक्टरियों का चालान

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली नगर निगम ने बिना लाइसेंस या फायर एनओसी के चल रही फैक्टरियों का सर्वे कराया। इनमें से नौ फैक्टरियां बिना लाइसेंस के चलती मिली हैं, जिनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए चालान जारी किए गए हैं। इमारतों में आग लगने की अप्रिय घटनाओं को रोकने और जरूरी सुरक्षा उपायों को लेकर पूर्वी दिल्ली नगर निगम सतर्क हो गया है। पूर्वी दिल्ली नगर निगम के अपर आयुक्त डॉ. ब्रजेश सिंह का कहना है कि लाइसेंस व सुरक्षा नियमों के अनुपालन की जांच के लिए निगम अधिकारियों की सात टीमों को सर्वे में लगाया गया है। निगम द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों व नॉन कंफर्मिंग क्षेत्र में फैक्टरियों के लाइसेंस का सर्वे किया जा रहा है। ऐसे में 138 फैक्टरियों का सर्वे किया गया। इनमें से नौ फैक्ट्ररियों बिना लाइसेंस के चलती मिली हैं। अपर आयुक्त ने कहा है कि सर्वे के दौरान फैक्टरी मालिकों को आग से बचाव करने के लिए आवश्यक कदम उठाने व निगम से जरूरी लाइसेंस लेने की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया है। ब्यूरो

## उत्तरी निगम के तीन अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुंडका अग्निकांड मामले की गंभीरता को देखते हुए उत्तरी दिल्ली नगर निगम के तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है।

नरेला जोन के लाइसेंस विभाग के निरीक्षक संदीप कौशिक, सेक्शन अधिकारी एसके शर्मा और गृह कर विभाग के सेक्शन अधिकारी बीआर मीणा पर लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की गई है। मुंडका की जिस इमारत में आग लगी थी, वहां वर्षों से बिना लाइसेंस व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जा रही थीं। बिल्डिंग के पास फायर एनओसी नहीं थी। इमारत मालिक कन्वर्जन चार्ज भर रहा था या नहीं, यह साफ नहीं था। इस भयानक अग्निकांड के बाद इन तथ्यों का खुलासा हुआ और उत्तरी दिल्ली नगर निगम की बड़ी लापरवाही उजागर हुई। इसके बाद निगम के आयुक्त संजय गोयल ने स्थानीय अधिकारियों से हादसे वाली बिल्डिंग को लेकर निगम की जिम्मेदारियों से जुड़े करीब 10 महत्वपूर्ण सवालों का 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा था। निगम की विजिलेंस टीम इस मामले की जांच कर रही थी। जांच पूरी होने पर नरेला जोन के इन अधिकारियों की लापरवाही सामने आई, जिन्हें निलंबित कर दिया गया।

उत्तरी निगम विजिलेंस विभाग के कानून अधिकारी एएम मुथू की ओर से इस संबंध में जानकारी दी गई है।

### एक निरीक्षक और दो सेक्शन अधिकारियों पर कार्रवाई

### संदीप कौशिक पहले भी भ्रष्टाचार के घेरे में आए

लाइसेंस विभाग के निरीक्षक संदीप कौशिक पर हाल ही में नरेला की एक बुजुर्ग महिला ने अपनी आटा चक्की सील करने और पांच लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया था। फिलहाल संदीप कौशिक की ड्यूटी मुंडका इलाके में थी, जहां पर चार मंजिला इमारत में कई साल से व्यावसायिक गतिविधियां चल रही थीं।

## स्वरूप नगर में भी बड़ा हादसा टला

**नई दिल्ली।** मुंडका की इमारत में जिस दिन आग लगने से 27 लोगों की मौत हुई थी, उसी दिन स्वरूप नगर इलाके में बड़ा हादसा टल गया। वहां एक खाद्य सामग्री के गोदाम में आग लग गई। घनी आबादी के बीच बने गोदाम में तीन मजदूर फंस गए थे और आसपास के लोगों के लिए आग बड़े हादसे का सबब बन सकती था। जांच में पता चला कि गोदाम में आग बुझाने के उपकरण तक नहीं थे। पुलिस ने गोदाम मालिक निरंजन चौधरी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। ब्यूरो

## नरेला में बिना लाइसेंस और फायर एनओसी के चल रहे 44 व्यावसाय

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के दो दिन के सर्वे में पता चला है कि नरेला क्षेत्र में 44 व्यावसाय बिना लाइसेंस और फायर एनओसी के चलाए जा रहे हैं। इसी प्रकार से पहाड़गंज और रोहिणी जोन में भी भारी संख्या में बिना लाइसेंस के चलाए जा रहे उद्योगों की जानकारी मिली है।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा 16 और 17 मई को नरेला जोन में 44 व्यवसायों का सर्वे किया गया। ये सारे व्यावसाय बिना लाइसेंस और फायर एनओसी के चलते पाए गए हैं। इसी प्रकार से शहरी पहाड़गंज जोन में 222 व्यवसायों का सर्वे किया गया, जिसमें से 44 बिना लाइसेंस और 18 बिना फायर एनओसी के चलते मिले हैं। रोहिणी जोन में 20 औद्योगिक इकाइयां गैर अनुरूप क्षेत्र में बिना फायर एनओसी के चलती पाई गई हैं।

उत्तरी दिल्ली नगर निगम के आयुक्त ने कहा कि मुंडका की दुखद घटना की दोबारा पुनरावृत्ति न हो, इसलिए इन सभी व्यावसायिक व औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और डीएमसी एक्ट के तहत सीलिंग आदि की कार्रवाई भी जल्द की जाएगी।

## उप कर समाहर्ता को थमाया नोटिस

मुंडका बिल्डिंग मामले में निगम आयुक्त संजय गोयल ने नरेला क्षेत्र के उप कर समाहर्ता के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह बिल्डिंग एक जनवरी से 31 दिसंबर 2011 के बीच लाल डोरा क्षेत्र में अनधिकृत रूप से बनाई गई थी। नरेला व नजफगढ़ जोन में उस वक्त के कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ब्यूरो

## आरोपी के साथ पुलिस ने दोहराया क्राइम सीन

अमर उजाला ब्यूरो

**घर से कुछ दस्तावेज और गहने मिले, बैंक के लॉकर का भी पता चला**

**नई दिल्ली।** मुंडका अग्निकांड में गिरफ्तार मकान मालिक मनीष लाकड़ा को लेकर पुलिस मंगलवार को घटनास्थल पर पहुंची। करीब दो घंटे पुलिस ने यहां छानबीन की और मनीष से यह जाना कि वह घटनास्थल से जान बचाकर कैसे भागा। हादसे के समय इमारत की तीनों मंजिलों पर कितने लोग थे। पुलिस ने घटनास्थल पर क्राइम सीन को दोहराया। इस दौरान पुलिस ने वीडियोग्राफी भी कराई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मनीष से अभी तक की पूछताछ में पता चला है कि उसने कंपनी संचालक हरीश व वरुण को कारोबार करने के लिए चार साल से मकान को किराए पर दे रखा था। वह कंपनी से पूरी इमारत के किराए के तौर पर 1.40 लाख रुपये लेता था। कंपनी रकम को उसके बैंक खाते में जमा करती थी। मनीष ने बताया कि इमारत के सभी कागजात जल चुके हैं। मौके पर पुलिस ने इमारत पर स्थित उसके घर की तलाशी भी ली, जहां से कुछ दस्तावेज, सोने के गहने और लॉकर के कागजात मिले हैं। पुलिस को आशंका है कि लॉकर में भी कुछ कागजात हो सकते हैं। जरूरत पड़ने पर मनीष को पुलिस बैंक भी ले जा सकती है।

### 10 घायलों के बयान दर्ज

हादसे में घायल हुए 16 लोगों में से करीब 10 ने अपने बयान दर्ज करा लिए हैं। उनके अलावा, गवाहों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि एफएसएल द्वारा 100 से अधिक नमूने प्राप्त किए गए हैं। वहीं, डीएनए जांच के लिए कई टीमों का गठन किया है।

**रियल एस्टेट का था व्यावसाय :** पुलिस ने कहा कि मनीष एक रियल एस्टेट का व्यवसाय चला रहा था और इमारत के भूतल पर एक दुकान भी रखता था। उसके परिवार के सदस्यों का पता लगाया जाना बाकी है।

### तीनों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पुलिस करेगी पूछताछ, रिमांड मंजूर

इमारत के मालिक मनीष के रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया। वहीं, पुलिस ने अदालत से तिहाड़ में बंद कंपनी के संचालक हरीश और वरुण के प्रोडक्शन वारंट के लिए अर्जी लगाई। अदालत को बताया कि नए सुबूतों को लेकर मनीष, हरीश और वरुण से पूछताछ करनी है। पुलिस तीनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करने वाली है। पुलिस की दलील को मानते हुए अदालत ने तीनों आरोपियों को एक दिन के रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि कंपनी संचालकों से पुलिस कंपनी के बारे में पूछताछ करेगी। साथ ही, उनसे नियमों का उल्लंघन करने को लेकर पूछताछ करेगी। जिला पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि हादसे के बाद से कंपनी संचालकों के पिता लापता हैं। ऐसे में दोनों भाइयों के डीएनए नमूना लेनी है।

प्रथम पुण्य तिथि



स्व० श्रीमति मनीषा चौहान
30-04-1976- 18-05-2021
आपके त्याग, ममता, सेवा, मनोयोग, कला व अदम्य साहस
को हम सभी हमेशा स्मरण रखेंगे।
आपकी यादों को दिल में लिये हमेशा आपके पदचिन्हों पर चलते रहेंगे।

"मेरा तो जो भी कदम है। वो तेरे राह में है।
के तू कही भी रहे तू मेरे निगाह में है।
खरा है दर्द का रिश्ता तो फिर जुदाई क्या।
जुदा तो होते है वो खोट जिनकी चाह में है।
छुपा हुआ सा मुझी में है तू कही ऐ दोस्त
मेरे हंसी में नहीं है तो मेरी आह में है।
मेरा तो जी भी कदम हैं वो तेरे राह में है।
के तू कही भी रहे तू मेरे निगाह में है।"

शोकाकुल परिवार
डॉ. संजीव पवॉर (पति)
दीया पवॉर (पुत्री), नैतिक पवॉर (पुत्र)
व समस्त परिवार
पता : डी–41, ग्रीन व्यू–I, ए टू जेड कॉलोनी, मोदीपुरम, मेरठ, फोन–7351468883

## भरोसा है, जल्द आएगी मेरी सोनी...

### हादसे के बाद से अपनी पत्नी को अस्पतालों में तलाश रहे हैं मनोज

आदित्य पाण्डेय

**नई दिल्ली।** मुंडका अग्निकांड के पांच दिन बाद आज भी ऐसे अगनिगत परिवार हैं, जो अपनों की तलाश कर रहे हैं। उन्हीं में से एक मनोज ठाकुर हैं, जिन्हें पूरा भरोसा है कि उनकी पत्नी सोनी जरूर किसी अस्पताल में भर्ती होगी।

अस्पताल वाले इसकी सही जानकारी नहीं दे रहे हैं। मंगलवार को भी उन्होंने सुबह संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल से सोनी को ढूंढने का सिलसिला शुरू किया। इसके बाद आंबेडकर अस्पताल, एम्स, सफदरजंग और आरएमएल के बर्न वार्ड में सोनी को तलाश किया। शाम को करीब 5 बजे वह महावीर अस्पताल और फिर सोनिया अस्पताल जाने की तैयारी में थे।

मूल रूप से बिहार के सहरसा के रहने वाले मनोज मुंडका गांव में रहते हैं। अग्निकांड के दौरान बिल्डिंग में उनकी पत्नी सोनी भी फंसी थी। वह भी कैमरे वाली कंपनी में काम करती थी। सोनी ने मनोज को फोन किया कि यहां आग लग गई है। जल्दी आ जाओ और उसे बचा लो, बहुत डर लग रहा है। उस समय मनोज द्वारका में थे। वह किसी तरह से भागकर मुंडका आए तो देखा कि बिल्डिंग में तेज आग लगी हुई थी।

उन्होंने सोनी को फोन लगाया तो उनका फोन बंद आ रहा था। मनोज ने कहा कि तब से उसका कुछ अता पता नहीं चल रहा है। मनोज अपने दो छोटे बच्चों के सामने नहीं जाना चाहते। जैसे ही वह बच्चों से मिलते हैं, वह उनसे सवाल करते हैं कि पापा कब आएंगी मम्मी? मनोज के पास इसका कोई जवाब नहीं है। मनोज का बेटा 12 साल का है और बेटी 10 साल की। दोनों बच्चे अपनी मौसी के पास हैं। मनोज पूरा दिन अपने साले अमित कुमार मिश्र के साथ पत्नी की तलाश में एक से दूसरे अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं।

मनोज ने बताया कि जब आग लगी तो बाकी औरतों के साथ-साथ सोनी भी उस जगह पर आई थी, जहां पर शीशे को तोड़कर क्रेन से औरतों को उतारा जा रहा था। उन्होंने एक वीडियो दिखाया और कहा कि ये नीले सूट और काले दुपट्टे में सोनी खड़ी है। वह भी क्रेन में चढ़ना चाहती है। फिलहाल वीडियो छोटा है, जिसमें ये साफ नहीं हो पा रहा है कि सोनी क्रेन पर चढ़ पाई कि नहीं, लेकिन मनोज को पूरी उम्मीद है कि उनकी पत्नी किसी अस्पताल में भर्ती है और जल्द ही वह ठीक होकर घर लौट आएंगी।



पत्नी का फोटो दिखाते मनोज।

**कहा- घर जाने पर बच्चे पूछते हैं कब आएगी मम्मी**

## मुंडका के 'फरिश्तों' से मिले केजरीवाल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुंडका हादसे में लोगों की जान बचाने वाले फरिश्तों को दिल्ली सचिवालय बुलाकर उनसे मुलाकात की। अपनी जान जोखिम में डालकर इमारत में फंसे लोगों की जान बचाने वाले लोगों से प्रभावित केजरीवाल ने उनकी बहादुरी और एकजुटता की जमकर सराहना की। सीएम ने कहा कि इसी तरह हमारी दिल्ली एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ी होती है। हम सभी को एकजुट होकर हमेशा इसी तरह एक-दूसरे की मदद करते रहना है और साथ मिलकर काम करना है।

मुख्यमंत्री से मिलने 20-25 लोग पहुंचे। केजरीवाल ने एक-एक व्यक्ति से उनका हाल पूछा और हादसे के दौरान उनके द्वारा किए गए कार्यों को विस्तार से जाना। सभी ने बताया कि कैसे उन्होंने हादसे के दौरान अपनी जान की परवाह किए बगैर इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने में मदद की और उनकी जान बचाई। हादसे का आंखों देखा हाल सुनकर मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने इस बहादुरी और एकजुटता के लिए सभी की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। ब्यूरो

**हालात** तापमान बढ़ने और वातावरण में नमी की कमी की वजह से बढ़ रहे हैं अग्नि हादसे

## चढ़ते तापमान से बढ़ी आग की घटनाएं

शुजात आलम

**नई दिल्ली।** राजधानी में इस साल गर्मी सारे रिकॉर्ड तोड़ रही है। अमूमन, न गर्म और न सर्द रहने वाले अप्रैल में भी इस बार आसमान से आग बरसी। यही वजह है कि पारा चढ़ने के साथ ही बीते डेढ़ माह में राजधानी में एकाएक आग लगने की घटनाओं में इजाफा हो गया। पिछले माह 30 अप्रैल की बात करें तो उस दिन दमकल विभाग के कंट्रोल रूम में रिकॉर्ड तोड़ 190 कॉल आए। पूरे अप्रैल माह में कोई दिन ऐसा नहीं गया, जिस दिन 114 से कम कॉल आए हों। मई की बात करें तो 14 मई को सबसे अधिक 156 कॉल आईं। दिल्ली फायर सर्विस के अधिकारियों का कहना है कि गर्मियों की शुरुआत में वातावरण में नमी कम हो जाती है। मौसम में नमी कम होने के कारण आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

मुंडका में लगी आग के अलावा शायद ही कोई ऐसा दिन जा रहा होगा, जिस दिन कोई बड़ी आग न लग रही हो। दमकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल मार्च के अंतिम सप्ताह से ही पारा चढ़ना शुरू हो गया था। यही वजह थी कि तापमान बढ़ते ही आग की कॉल में भी इजाफा होने लगा। जनवरी, फरवरी में जहां औसतन 55-60 कॉल आ रही थी, अचानक पारा चढ़ते ही 26 मार्च से आग की कॉल में इजाफा होने लगा। 26 मार्च से एक मई तक 100 से अधिक ही कॉल आईं। मई के पहले सप्ताह में मौसम के मिजाज थोड़ा नर्म हुए तो कॉल में गिरावट दर्ज की गई। लेकिन जैसे ही पारा चढ़ा, दोबारा इस माह में आग लगने की कॉल में इजाफा होने लगा। 16 मई को राजधानी का पारा 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उस दिन आग लगने की 147 कॉल आईं। 15 मई को यह आंकड़ा 164 पर पहुंच गया। दमकल विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस साल लगातार बढ़ रही आग की घटनाएं पिछले वर्षों के रिकॉर्ड तोड़ रही हैं।



विभाग सभी सर्विस फ्री देता है। कई बार कुछ इमारतों में कुल गलत हो रहा होता है तो आग लगने की सूरत में दमकल विभाग को सूचना नहीं देते हैं और आग बढ़ जाती है। - अतुल गर्ग, निदेशक, दमकल विभाग

### एक से 16 मई के बीच आग और तापमान की स्थिति

| तारीख | तापमान | आग की कॉल |
|---|---|---|
| 01 मई | 43.5 | 136 |
| 02 मई | 40.5 | 85 |
| 03 मई | 40.8 | 107 |
| 04 मई | 38.4 | 113 |
| 05 मई | 39.1 | 64 |
| 06 मई | 37.0 | 84 |
| 07 मई | 38.8 | 102 |
| 08 मई | 39.4 | 86 |
| 09 मई | 40.4 | 101 |
| 10 मई | 40.0 | 104 |
| 11 मई | 39.5 | 96 |
| 12 मई | 41.4 | 107 |
| 13 मई | 42.5 | 110 |
| 14 मई | 42.5 | 156 |
| 15 मई | 44.2 | 164 |
| 16 मई | 45.6 | 147 |

# अमर उजाला Job Alert

## AIIMS, भोपाल ■ 100 पद




संकाय (ग्रुप-ए) के पदों पर सीधी भर्ती

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु 50/58 वर्ष निर्धारित।
- **पात्रताएं :** उम्मीदवारों के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से एमडी/एमएस में पोस्ट-ग्रेजुएशन की डिग्री एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं व अनुभव होना चाहिए।
- **चयन का तरीका :** बायोडाटा के आधार पर, शॉर्टलिस्ट कर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में शामिल होने वाले उम्मीदवारों को सभी ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स और उनकी फोटो-कॉपी प्रस्तुत करने होंगे। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए देय नहीं होगा। साक्षात्कार एम्स भोपाल या चयन कमेटी की ओर से निर्धारित स्थान पर आयोजित किया जाएगा।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 13 जून, 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुल्क : रुपये 2000/-** https://www.aiimsbhopal.edu.in/

## RRCAT में करें आवेदन ■ 50 पद

### साइंटिफिक असिस्टेंट व अन्य पद रिक्त

- **आयु-सीमा :** न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु वर्गानुसार निर्धारित। आयु में छूट सरकार के नियमानुसार दी जाएगी।
- **पात्रताएं :** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम-से-कम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल/ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा एवं अन्य निर्धारित पात्रताएं व अनुभव हो।
- **चयन-प्रक्रिया :** अभ्यर्थियों के चयन के लिए लिखित परीक्षा, ट्रेड टेस्ट एवं इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। लिखित परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे। लिखित परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाएगा। चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया ऑफिशियल नोटिफिकेशन अवश्य देख लें।
- **आवेदन की अंतिम तिथि :** 14 जून, 2022 तक।

**आवेदन का माध्यम : ऑनलाइन** https://www.rrcat.gov.in/

## कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ■ 261 पद



सीनियर शिप ड्राफ्ट्समैन के विभिन्न पदों पर मौके

- **आयु-सीमा :** अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित। आयु की गणना 06 जून, 2022 के अनुसार होगी।

Job of the day

- **पात्रताएं :** एआईसीटीई द्वारा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में तीन वर्षों का डिप्लोमा व अन्य निर्धारित पात्रताएं।
- **चयन का तरीका :** चयन के लिए परीक्षा दो फेज में आयोजित की जाएगी। पहले फेज की परीक्षा में ऑब्जेक्टिव टाइप और दूसरे फेज में प्रैक्टिकल टेस्ट/डिस्क्रिप्टिव टेस्ट होगा। अभ्यर्थियों को टेस्ट में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। विभिन्न पदों पर चयन के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए जाएंगे।
- **आवेदन की अंतिम तारीख :** 06 जून, 2022 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन शुल्क : रुपये 400/-** www.cochinshipyard.in

## यहां भी हैं अवसर...

- **रेल परिवहन संस्थान :** अभ्यर्थी प्रबंधक के विभिन्न पदों पर करें आवेदन।
  **तिथि :** 30 जून, 2022 ■ www.irt.indianrailways.gov.in
- **साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स, कोलकाता :** रजिस्ट्रार के पदों पर रिक्तियां।
  **अंतिम तिथि :** 07 जून, 2022 ■ www.saha.ac.in
- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद :** उम्मीदवारों के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार के पदों पर मौका।
  **अंतिम तिथि :** 13 जून, 2022 ■ https://iith.ac.in/careers/

उड़ान-अमर उजाला

Wonderful World of Words




■ Across-the-board vocabulary that helps you prepare for different competitive exams conducted by IBPS, SBI, UPSC, SSC etc.

ऑनलाइन खरीदने के लिए QR कोड को तुरंत स्कैन करें।

नोट : अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 18001211166 पर सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक कॉल करें।

अपने सुझाव और सवाल हमें ई-मेल करें: jobalert@amarujala.com

# कॉलेज ऑफ आर्ट्स ने शुरू की दाखिला प्रक्रिया

## डीयू के शिक्षकों ने किया विरोध, कुलपति से हस्तक्षेप की मांग

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कॉलेज ऑफ आर्ट्स में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) और मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंबेडकर विवि के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डीयू के शिक्षक अंबेडकर विवि के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू करने को लेकर विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि कॉलेज ऑफ आर्ट्स अभी भी दिल्ली विश्वविद्यालय का अभिन्न अंग है। डीयू के 11 शिक्षकों ने मंगलवार को कुलपति प्रो. योगेश सिंह को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप की मांग की है।

पत्र में उन्होंने शैक्षणिक सत्र 2021-22 और 2022-23 के लिए डीयू के अंतर्गत ही छात्रों को प्रवेश देने के कार्यकारी परिषद के निर्णय को लागू करने की मांग की है। यह 11 शिक्षक विवि के कार्यकारी परिषद (ईसी) और अकादमिक परिषद (एसी) के सदस्य भी हैं। पत्र में लिखा गया है कि इस तरह की दुर्भाग्यपूर्ण कार्रवाई दिल्ली विवि के अधिनियमों के विरोधाभासी है। डीयू और दिल्ली सरकार के बीच इस कॉलेज को लेकर लंबे समय से गतिरोध जारी है। अब कॉलेज ऑफ आर्ट्स की संबद्धता को लेकर नया घटनाक्रम सामने आया है। वर्ष 2021 के मार्च में दिल्ली सरकार ने घोषणा की थी कि कॉलेज को अंबेडकर विवि से संबद्ध किया जाएगा। अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली सरकार द्वारा वित्तपोषित संस्थान है। कॉलेज की संबद्धता को लेकर दिल्ली सरकार और डीयू के बीच जारी गतिरोध के कारण कॉलेज में पिछले शिक्षण सत्र में संबद्धता के विषय के कारण प्रवेश नहीं हो सके थे। डीयू अकादमिक परिषद के सदस्य डॉ. आलोक पांडेय का कहना है कि अंबेडकर विवि ने हाल ही में एक बैठक की, जिसमें घोषणा की गई कि कॉलेज में दाखिले अंबेडकर विश्वविद्यालय के तहत शुरू होंगे। कॉलेज की ओर से इस संबंध में बीते सप्ताह एक नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है। डीयू कुलपति ने भी कॉलेज को दिल्ली विवि के तहत ही दाखिले शुरू करने को कहा है।




दिल्ली सरकार और डीयू में कॉलेज की संबद्धता को लेकर चल रहा है गतिरोध

### कार्यकारी परिषद की बैठक बुलाने की मांग

दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने दिल्ली सरकार से मांग की है कि वह इस कॉलेज का अंबेडकर विवि में विलय न करे। साथ ही दाखिला प्रक्रिया को लेकर जारी किए गए नोटिफिकेशन को वापस लिया जाए। साथ ही यदि दिल्ली सरकार कॉलेज को फंड देना नहीं चाहती, तो डीयू को कार्यकारी परिषद की इमरजेंसी बैठक बुलानी चाहिए और कॉलेज को अपने अधिकार में लेने के प्रस्ताव को स्वीकार करना चाहिए।

# सेमिनार में गृहमंत्री शाह होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से 19 से 21 मई तक 'भारत स्वराज से नए भारत तक' विचारों पर समीक्षा के लिए तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। शताब्दी समारोह के हिस्से के रूप में आयोजित इस सेमिनार का उद्घाटन 19 मई को दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर के बहुउद्देशीय हॉल में मुख्यातिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे, जबकि केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि होंगे।

सेमिनार के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह करेंगे। सेमिनार के समापन सत्र का आयोजन 21 मई को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। सेमिनार में भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन सचिव मुकुल कनितकर का विशेष व्याख्यान भी होगा। डीयू एक मई 2022 से एक मई 2023 तक अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। इस दौरान वर्ष भर अनेक कार्यक्रमों, आयोजनों व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस सेमिनार में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के करीब सौ विख्यात वक्ता अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। ब्यूरो

### जेएनयू में हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने शैक्षणिक सत्र 2021-22 में दाखिला लेने वाले छात्रों के लिए हॉस्टल आवंटन की अधिसूचना जारी कर दी है। स्नातक प्रोग्राम के छात्र 20 मई, स्नातकोत्तर प्रोग्राम के 23 मई से दो जून और पीएचडी प्रोग्राम के छात्र 3 से 10 जून तक आवेदन कर सकते हैं। छात्रों के लगातार विरोध के कारण विवि प्रशासन ने हॉस्टल आवंटन को लेकर अधिसूचना जारी की है। ब्यूरो

# अब घर बैठे कर सकेंगे म्यूजियम का दीदार

सीमा शर्मा

**नई दिल्ली।** अब प्राचीन भारत को जानने के लिए म्यूजियम जाना जरूरी नहीं होगा। दूरदराज, ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों के लोग अब घर बैठे म्यूजियम का दीदार कर सकेंगे। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने वैश्विक महामारी कोरोना की आपदा को तकनीक का प्रयोग करके अवसर में बदल दिया है। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश के सभी राष्ट्रीय म्यूजियम एक साथ जुड़े चुके हैं। यह म्यूजियम अब हाइब्रिड मोड पर काम करते हैं। इसका अर्थ है कि जो म्यूजियम जाना चाहते हैं वे वहां जानकारी लें। इसके अलावा दूरदराज, छोटे शहरों के बच्चों से लेकर आम लोग घर बैठे ऑनलाइन म्यूजियम से रूबरू हो सकेंगे। इसके लिए उन्हें उनकी भाषा में 9 से 30 मिनट तक का स्लॉट तैयार करके ऑनलाइन जोड़ा जाता है।

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, आजादी के 75 साल में पहली बार म्यूजियम को एक साथ जोड़ने पर काम हुआ है। अब एक क्लिक पर सभी म्यूजियम की जानकारी उपलब्ध है। म्यूजियम को फेसबुक, ट्विटर से लेकर यूटयूब से भी जोड़ दिया गया है। पहली बार इंटरनेशनल म्यूजियम डे पर आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सभी म्यूजियम में एक सप्ताह तक कार्यक्रम चलेंगे। इसके अलावा इस दौरान सभी दर्शकों को टिकट नहीं खरीदनी पड़ेगी।

**बी द कंट्री:** बी द कंट्री योजना में देश के सभी आदिवासी समुदाय से जुड़ी प्राचीन जानकारियां मिलेंगी। इसमें हिमाचल, उत्तराखंड, नॉर्थ ईस्ट, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र आदि राज्यों की प्राचीन कलाकृतियां, जूलरी, कपड़े, युद्ध के दौरान पहने जाने वाले कपड़े आदि शामिल हैं। म्यूजियम में जैसे संबंधित राज्य की भाषा में अनुवाद किया जाता है, वैसे ही घर बैठे वहीं अनुभव दर्शकों को मिलेगा।

**यूपी, दिल्ली, कोलकाता, गोवा के म्यूजियम जुड़े:** इंडियन कल्चर पोर्टल में इलाहाबाद म्यूजियम प्रयागराज, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण गोवा, इंडियन म्यूजियम कोलकात्ता, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट दिल्ली, नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट नई दिल्ली, नेशनल म्यूजियम नई दिल्ली समेत 11 अन्य म्यूजियम इसमें जोड़े गए हैं।

**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और छात्रों को जोड़ने पर काम:** म्यूजियम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और छात्रों को जोड़ने पर काम किया जा रहा है। एनजीओ की मदद से इन राष्ट्रीय म्यूजियम में ऐसे आर्थिक अभावों वाले छात्रों को मुफ्त में बस के माध्यम से म्यूजियम तक लाया जाता है।

आजादी का अमृत महोत्सव
केंद्र सरकार ने म्यूजियम को हाइब्रिड से जोड़ा

### म्यूजियम मास्टर पीस

इस योजना में सूचना व प्रौद्योगिकी, थ्री डी तकनीक के माध्यम से सभी म्यूजियम से जुड़ी जानकारियां मिलेंगी। हर म्यूजियम के पास कुछ मॉस्टर पीस होते हैं, उन्हें दर्शकों को घर बैठे दिखाया व समझाया जाएगा।

**घर बैठे सर्टिफिकेट कोर्स का भी मौका :** देश भर के यह राष्ट्रीय म्यूजियम अब घर बैठे सर्टिफिकेट कोर्स का मौका भी दे रहे हैं। रिसर्च स्कॉलर से लेकर छात्र या आम लोग इन कोर्स को घर बैठे कर सकते हैं।

# हंसराज कॉलेज के बाहर आइसा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** डीयू के दो कॉलेजों में निजी संस्थान की ओर से आईएएस की कोचिंग कराने का मामला तूल पकड़ने लगा है। मंगलवार को वामपंथी छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की कोचिंग के लिए एक निजी कोचिंग संस्थान के साथ करार करने को लेकर हंसराज कॉलेज के बाहर प्रदर्शन किया। कॉलेज की ओर से ओर से यह करार आईएस की कोचिंग देने वाले संस्थान बीकॉन से किया गया है। प्रदर्शन के दौरान आइसा कार्यकर्ताओं ने शिक्षा में निजीकरण का आरोप लगाते हुए कॉलेज के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कोचिंग की फीस 75 हजार से 1,50,000 लाख तक जाएगी। डीयू के किसी कॉलेज में इस तरह की फीस वसूली को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। ब्यूरो

# विद्यार्थियों ने केस स्टडी के सवालों को बताया मुश्किल

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से मंगलवार को 12वीं के बिजनेस स्टडीज व बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन के पेपर हुए। कॉमर्स स्ट्रीम के विषयों का पेपर छात्रों ने औसत स्तर से अधिक बताया।

छात्रों का कहना था कि कुछ सवालों को उलझाऊ बनाकर पूछा गया था। ऐसे में सवालों को हल करने में छात्रों का अधिक समय लग गया। मयूर विहार स्थित विद्या बाल भवन की छात्रा तनुर ने कहा कि उसने परीक्षा की अच्छे से तैयारी की थी, लेकिन इसके बाद भी उन्हें दो प्रश्न उलझाउ लगे। इन सवालों का उत्तर देने के लिए उन्हें दो से तीन बार प्रश्नों को पढ़ना पड़ा, जिसके बाद वह उत्तर लिख सकी। छात्र शुभम पोखरियाल ने कहा कि उन्हें परीक्षा में केस स्टडी के दो और तीन अंकों वाले सवाल थोड़े मुश्किल लगे। हालांकि, पांच अंकों वाले केस स्टडी के सवाल सीधे तौर पर पूछे गए थे।

अमर उजाला पाठक के लिए,
मौके पे, चौका ऑफर!




20% OFF Discount on
Basic Graphic Design and Basic Digital Marketing Course
Call Now : 7906813747

**दिल्ली जल बोर्ड : एन.सी.टी दिल्ली सरकार**
कार्यालय, अतिरिक्त मुख्य अभियंता (पी) 4
कमरा न. 31, बी-बिल्डिंग, झंडेवालां, नई दिल्ली-110005
फोन : 09650094325
ईमेल आईडी : djbwaterbody@gmail.com
"कोरोना रोकें : मास्क पहनें, शारीरिक दूरी का पालन करें व हाथों को साफ रखें"
एक कदम स्वच्छता की ओर

प्रैस एनआईटी न.-03 (2022-23)

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित अनुबंध मूल्य (ईसीवी)/ निविदा में भरी जाने वाली राशि | धरोहर राशि (ईएमडी) | निविदा फीस | ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन में निविदा रिलीज करने की तिथि व निविदा आईडी न. | ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन के जरिये निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ईई (डब्ल्यूबी)-I के तहत नजफगढ़ एसटीपी में लेक का सृजन। | 3,83,59,775/- | 7,75,000/- | ₹1500/- | 13.05.2022 2022_डीजेबी_222261_1 | 06.06.2022 को अप. 03.00 बजे |

इस संबंध में अग्रिम जानकारी https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देखी जा सकती है।
ज. स. कार्या. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा. सं. जे.एस.वी 114 (2022-23)
डिप्टी. एस.ई. (डब्ल्यूबी)-I

## कार्यालय पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक/उप जिलाधिकारी सदर, गौतमबुद्धनगर।

**पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के मसौदे के ड्राफ्ट पर लोक सुनवाई की सार्वजनिक सूचना।**

नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सुनियोजित औद्योगिक विकास हेतु ग्राम-छपरौली बांगर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर की कुल 0.4936 हेक्टे0 भूमि अर्जन के सम्बन्ध में अधिनियम-2013 की धारा-11(1) की अधिसूचना दिनांक 28.07.2021 को समुचित सरकार द्वारा जारी की गयी थी।

अधिनियम 2013 की धारा-16,17 एवं नियमावली 2016 के नियम 24 व 25 तथा नियम 2013 की दूसरी व तीसरी अनुसूची में वर्णित प्राविधानों के अनुरूप प्रश्नगत परियोजना हेत अर्जित की जाने वाली भूमि के प्रभावी क्षेत्र में क्षेत्रीय लेखपालों द्वारा स्थलीय सर्वेक्षण और प्रभावित कुटम्बों की सांख्यिकीय गणना का कार्य पूर्ण करते हुये अपनी रिपीट अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायी गयी।

अधिनियम, 2013 की धारा-16, 17 एवं नियमावली, 2016 के नियम-24 व 25 तथा अधिनियम 2013 की दूसरी व तीसरी अनुसूची में वर्णित प्राविधानों तथा स्थलीय सर्वेक्षण के आधार पर पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना का मसौदे का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। **पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के मसौदे के अनुसार प्रश्नगत परियोजना हेतु कुल 45 कुटुम्ब प्रभावित होंगे। प्रश्नगत भूमि के अर्जन से किसी भी कुटुम्ब का विस्थापन नहीं होगा।**

अधिनियम 2013 की धारा-16(5) एवं नियमावली 2016 के नियम-24 के उपनियम-6 व 7 के अन्तर्गत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना का मसौदे का ड्राफ्ट पर लोक सुनवाई किया जाना प्रावधानित है। लोक सुनवाई हेतु तिथि, समय एवं स्थान निम्नवत् है:-

| क्र० सं० | ग्राम का नाम/प्रभावित क्षेत्र का नाम | प्रभावित क्षेत्र का अर्जित क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | लोक सुनवाई की तिथि | लोक सुनवाई का समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | छपरौली बांगर | 0.4936 | 23.05.2022 | प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे | प्राथमिक विद्यालय छपरौली बांगर |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कार्यक्रमानुसार नियत स्थान व समय पर लोक सुनवाई में सहभागिता कर अपनी-अपनी भूमि पर स्थित स्थावर संपत्तियों एवं अधिनियम, 2013 की धारा-16, 17 एवं नियमावली 2016 के नियम-24 व 25 तथा अधिनियम 2013 की दूसरी व तीसरी अनुसूची में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत तैयार पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना का मसौदे का ड्राफ्ट पर आपत्ति/सुझाव आमंत्रित की जाती है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना का मसौदे के ड्राफ्ट को जन सामान्य के अवलोकन हेतु पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक/उप जिलाधिकारी सदर, तहसील सदर के कार्यालय, कलेक्टर/अपर जिलाधिकारी (भू0अ0) के एच-169, चितवन एस्टेट, सैक्टर गामा-2, ग्रेटर नोएडा स्थित कार्यालय, तहसीलदार सदर के कार्यालय पर तथा संबंधित ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल के पास उपलब्ध है। साथ ही जनपद गौतमबुद्धनगर की वेबसाईट gbnagar.nic.in पर "Land Acquisition for planned development of Noida" नामक पोर्टल पर अपलोड की गई।

**नोट-लोक सुनवाई में उपस्थित होने वाले प्रभावित व्यक्ति कोविड-19 के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित गाईडलाईन का पालन करना सुनिश्चित करें।**

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक/
उप जिलाधिकारी, दादरी/सदर, गौतमबुद्धनगर।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद, बुलंदशहर (उ0प्र0)

पत्रांकः 231/न0पा0परि0ज0बाद/2022-23 | दिनांक : 17.05.2022

**ई-टेण्डर/मैनुअल अति अल्पकालीन ठेका/निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या 617/9-9-2012-160ज/2011 नगर विकास अनुभाग-9 दिनांक 05.04.2012 के अनुपालन में नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद जिला बुलंदशहर ठेकेजात के अन्तर्गत (1-ईक्का रेड़ी स्टेण्ड की ई-निविदा) एवं (2-ठेका मुर्दा मवेशी, 3-मजवाखाना, 4-ठेका खाद कूड़ा, 6-ठेका विज्ञापन शुल्क की मैनुअल निविदा दिनांक 23.05.2022 तक आमंत्रित की जाती है। क0सं0-1 पर अंकित निविदा की समस्त प्रकिया/प्रपत्र ई-प्रिक्योरमेंट की वेबसाईट http://www.etender.up.nic.in से/पर दिनांक 18.05.2022 से 23.05.2022 अपरान्ह 2:00 बजे देखी/प्राप्त/अपलोड की जा सकती हैं, ई-निविदा में अपलोड किए गए दस्तावेज एवं निविदा शुल्क व धरोहर राशि मूल रूप में दिनांक 23.05.2022 को अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय में रखे शील्ड बॉक्स में डालना अनिवार्य होगा। क0सं0 2 से 5 पर अंकित निविदाओं के निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 18.05.2022 से 23.05.2022 की दोपहर 12:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किए जा सकते है, जो 23.05.2022 को 2 बजे तक कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाली जाऐंगी जो उसी दिन 03 बजे खोली जायेंगी। उक्त आमंत्रित निविदाओं से सम्बन्धित नियम व शर्तें तकनीकी बिड/वित्तीय बिड आदि की जानकारी उक्त अवधि के अन्तर्गत कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में www.bulandshahr.nic.in & http://www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**(अमिता वरूण)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद**
**जिला बुलन्दशहर**

**(सूरजभान माहुर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद जहांगीराबाद**
**जिला बुलन्दशहर**

## यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नोएडा
Tollfree No. : 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./OSD(M)/2022/677 | दिनांकः 17.05.2022

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्रशासित/अर्द्धशासित/ सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। ई-प्रीक्योरमेंटसोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेंगी।

कार्यालय आदेश संख्या वाई.ई.ए./OSD(M)/2022/676 दिनांक 17.05.2022 के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी.ओ.क्यू.) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./बैंक गारन्टी/एन.एस.सी. के रुप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Providing Street Light in Village - Milak (Majra Kherli Jaganpur Balance Work) YEA. **WC-E & M-01** | रु. 13.16 लाख |
| 2. | Providing Street Light in Village - Milak and Junaidpur ki Madiya (Majra Dhanauri Khurd) YEA. **WC-E & M-01** | रु. 30.96 लाख |
| 3. | Providing Street Light in Village - Dairy Gujran (Majra Dankaur) YEA. **WC-E & M-01** | रु. 27.32 लाख |
| 4. | Providing Street Light in Village - Dhak Mufad (Majra Dankaur) and (Majra Kadarpur) YEA. **WC-E & M-03** | रु. 40.59 लाख |

जिन्हें दिनांक 25.05.2022 से 06.06.2022 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 07.06.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 5. | Providing Street Light in Village - Dhanauri Kalan (Majra Dhanauri) YEA. **WC-E & M-01** | रु. 43.51 लाख |
| 6. | Construction of 33/11kv Underground Line From 220kv Substation Sector-32 to 33/11kv Substation No.-03 and 05, Sector-32, YEA. **WC-E & M-01** | रु. 208.50 लाख |
| 7. | Construction of 11kv Overhead Line and Street Light (Part-1) in Sector-29 YEA. **WC-E & M-01** | रु. 604.08 लाख |
| 8. | Construction of 11kv Overhead Line and Street Light (Part-2) in Sector-32 YEA. **WC-E & M-01** | रु. 706.00 लाख |

जिन्हें दिनांक 26.05.2022 से 07.06.2022 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 08.06.2022 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

विशेष कार्याधिकारी (एम)

# अगर भवन गिरने पर लोग मरेंगे तो जिम्मेदारी कौन लेगा : हाईकोर्ट

## सैनिक फार्म कॉलोनी में भवनों के मरम्मत कार्य पर रोक से कोर्ट खफा

अमर उजाला ब्यूरो



हजारों घर बने हैं, दूसरों की तरह आवश्यक चार्ज लेकर इसे भी नियमित करें

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने केंद्र के उस फैसले पर आपत्ति जताई है जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में अनधिकृत रूप से बनी सैनिक फार्म कॉलोनी में भवनों में मरम्मत कार्य करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अदालत ने पूछा, यदि कल कुछ भवन गिर जाते हैं और लोग मर जाते हैं तो जिम्मेदारी कौन लेगा?

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की खंडपीठ ने सैनिक फार्म में क्षेत्र विकास समिति के संयोजक रमेश दुगर की क्षेत्र में कॉलोनियों को नियमित करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए करते हुए मौखिक रूप से यह टिप्पणी की। अदालत ने नाराजगी जताते हुए कहा, कोई में मेकेनिज्म होना चाहिए जो यह निर्धारित कर सके कि क्या कोई संपत्ति गिर सकती है। आप अपनी टीम भेजे और इसका सर्वेक्षण करवाकर मरम्मत कार्य की अनुमति दे।

केंद्र की ओर से पेश एएसजी ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को बताया कि इन निर्माणों को अनधिकृत रूप से खड़ा किया गया है। पीठ ने उनके तर्क को खारिज करते हुए कहा कि अगर कल कुछ होता है तो क्या इसका जिम्मेदार कौन होगा? आप इस स्थिति में चीजों को नहीं छोड़ सकते। कृपया निर्णय लें। हम यह नहीं कह रहे हैं कि क्या फैसला लेना है, यह पूरी तरह से आपका है। यदि आप कहते हैं कि यह अवैध है, तो अपने बुलडोजर चला दो और सब कुछ ध्वस्त कर दो, हम कुछ नहीं कहेंगे। पीठ ने कहा हजारों घर वहां बने हैं। व्यावहारिक तरीका है, जैसे आपने दूसरों को नियमित किया है, उसे भी नियमित करें, जो भी आवश्यक हो चार्ज करें, हमें नहीं लगता कि किसी को कोई समस्या होगी।

पीठ ने पिछली सुनवाई में भवनों को नियमितीकरण के मुद्दे को रोकने पर सरकार को फटकार लगाई थी। कोर्ट सरकार को सख्त रुख के साथ आने और या तो यह बताने का निर्देश दिया था कि क्षेत्र में निर्माण अवैध हैं और विध्वंस के लिए कदम उठाएं या इसके नियमितीकरण पर निर्णय लें।

# गैरजरूरी अर्जी देने के लिए दो वकीलों पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाया 8 लाख का जुर्माना

## दिल्ली में 10-15 वर्ष पुराने वाहनों पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका को किया खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में 10 साल से पुराने डीजल व 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही याचिका दाखिल करने वाले दो वकीलों पर गैरजरूरी अर्जी देने के लिए आठ लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

जस्टिस एल नागेश्वर राव, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस बीआर गवई की पीठ ने वकील अनुराग सक्सेना की जनहित याचिका को फालतू बताते हुए खारिज कर दिया। साथ ही पीठ ने रजिस्ट्री को आदेश दिया कि वह सुप्रीम कोर्ट के समक्ष वकील द्वारा दायर किसी भी रिट याचिका को पंजीकृत न करे। पीठ ने आदेश में कहा, सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहे दो वकीलों ने दुस्साहस किया है। हमने उन्हें इसके बारे में चेतावनी दी थी। हम याचिकाकर्ता पर आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाते हैं। रजिस्ट्री याचिकाकर्ता वकील की किसी भी रिट याचिका पर विचार नहीं करेगी।

जनहित याचिका में कहा गया था कि दिल्ली में वाहनों पर 10 साल और 15 साल की सीमा भेदभावपूर्ण और संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है।





पीठ ने सुनवाई शुरु होते ही वकील को दी चेतावनी

### कहा-पहले से ही एनजीटी व सुप्रीम कोर्ट के आदेशों में सब पर विचार किया जा चुका

पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में याचिकाकर्ता को चेतावनी दी कि पहले से ही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों में सब कुछ पर विचार किया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में दिल्ली के परिवहन विभाग को दिल्ली एनसीआर में 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। जस्टिस राव ने याचिकाकर्ता वकील को आगाह किया था, आपने एनजीटी के आदेश और हर दूसरे आदेश को देखा है और फिर भी आपने यह याचिका दायर की है। क्या आप फिर भी इस बारे में बहस करना चाहते हैं? हम भारी दंड लगाएंगे और टिप्पणियां पारित करेंगे जो आपके करियर को लंबी अवधि में प्रभावित करेगा। इसके बाद भी याचिकाकर्ता वकील ने कहा, वह दलील पेश करना चाहते हैं। दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आठ लाख का जुर्माना लगाते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

याचिकाकर्ता का कहना था कि वाहनों पर प्रतिबंध लगाने से अधिक कार्बन फुटप्रिंट पैदा होंगे। इसलिए 10 व 15 साल का नियम अनुचित है। याचिकाकर्ता ने दलील दी, केवल कुछ जगहों के लिए ही यह क्यों है? हर जगह क्यों नहीं? शिमला में दिल्ली से अधिक प्रदूषण है।

### पांच जजों को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पांच जजों को हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की है। इसमें दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस विपिन सांघी का भी नाम है। उन्हें उत्तराखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई है। सीजेआई एनवी रमण की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने तेलंगाना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा को दिल्ली हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। जस्टिस सांघी के अलावा कॉलेजियम ने जस्टिस एए सैय्यद को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट, जस्टिस एसएस शिंदे को राजस्थान हाईकोर्ट, जस्टिस रश्मिन एम छाया को गोहाटी हाईकोर्ट और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां को तेलंगाना हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की है। इस वक्त जस्टिस सैय्यद और जस्टिस शिंदे दोनों ही वर्तमान में बॉम्बे हाईकोर्ट में जज हैं। जस्टिस छाया गुजरात हाईकोर्ट में और जस्टिस भुइयां तेलंगाना हाईकोर्ट में जज हैं। ब्यूरो

**दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस विपिन सांघी का भी नाम**

### केंद्र के हलफनामे पर हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने देश में समलैंगिक विवाहों की मान्यता और पंजीकरण से संबंधित मामले में कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग का विरोध करने वाले केंद्र सरकार के हलफनामे में की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। केंद्र ने दावा किया कि आवेदक मामले का अनावश्यक प्रचार करने का प्रयास कर रहा है और उसका एकमात्र इरादा जनहित में भ्रम पैदा करना और मामले को सनसनीखेज बनाना है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति नवीन चावला की खंडपीठ ने केंद्र के हलफनामे को रिकॉर्ड पर लेने से इनकार करते हुए उसे बेहतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। ब्यूरो

### अकबर रोड का नाम बदलकर महाराणा प्रताप करने की मांग

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत महासंघ (दिल्ली) के पदाधिकारियों ने अकबर रोड का नाम बदलकर महाराणा प्रताप रोड करने संबंधी एक प्रार्थना पत्र नई दिल्ली पालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय को सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्ष पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान सड़क का नाम बदलना वीर योद्धा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सतीश उपाध्याय ने कहा कि महाराणा प्रताप एक क्षत्रिय और वीर योद्धा थे। उन्होंने जीवन भर संघर्ष करते हुए मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और इतिहास में कई युद्धों में अपना गौरव लहराया। इतिहास के पन्नों में महाराणा प्रताप का नाम सर्वोपरि है। ब्यूरो


अमर उजाला
स्मृतियां शेष...
नई दिल्ली संस्करण

निधन । अंतिम यात्रा । पुण्यतिथि । स्मृतियां । उठावनी । पगड़ी

जो हमसे बिछुड़ गए हैं उनकी स्मृतियों को संजोता शोक संदेश अमर उजाला पहुंचाएगा उनके हर चाहने वाले तक... क्योंकि हम आपके सुख–दुख में सदैव साथ हैं।

शोक संवेदनाओं की प्रकाशन सामग्री हमें डिजिटल माध्यम (Phone / Whatsapp) द्वारा भेजकर विज्ञापन बुक करें

आग्रह: अपना मोबाइल नं. / व्हाट्सएप नं. भी दें जिससे आपके प्रियजन भी संवेदनाएं आप तक भेज सकें

विज्ञापन बुक करने का समय
नोएडा, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, हापुड़, फरीदाबाद, गुरुग्राम (रात्रि 9:30 बजे तक)
दिल्ली सिटी (रात्रि 12:30 बजे तक)

बॉक्स साइज
ब्लैक एंड व्हाइट — साइज - 5 से.मी. x 4 से.मी. (बिना फोटो): ₹1300/- प्रति विज्ञापन
ब्लैक एंड व्हाइट — साइज - 3 से.मी. x 8 से.मी. (फोटो सहित): ₹1850/- प्रति विज्ञापन
कलर — साइज - 5 से.मी. x 8 से.मी. (फोटो सहित): ₹3100/- प्रति विज्ञापन
अन्य साइज़ (कलर) — न्यूनतम 5 से.मी. x 8 से.मी.: ₹105/- प्रति वर्ग से.मी.
जीएसटी 5% अतिरिक्त

अमर उजाला कार्यालय: गाजियाबाद–8447733232, बुलन्दशहर–8191000101, हापुड़– 8929557776, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली– 8218874291



आपूर्ति और संस्थापन

निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं. एनबी225295; दिनांक: 10-05-2022। संक्षिप्त विवरण, पीएल नं. एवं मात्रा: आरडीएसओ स्पेसि. नं. आरडीएसओ/2013/सीजी-06 या ताजे अनुसार पावर कार में आटोमेटिक फायर डिटेक्शन और सप्रेशन सिस्टम की आपूर्ति और संस्थापन। एचएससी कोड: 8531। [illegible] पीएल नं.: 4545N01। अनुमानित मूल्य: ₹1,38,83,068.16। ई-निविदाएं 08-06-2022 को 14:30 बजे बंद होंगी और 08-06-2022 को 14:30 बजे खुलेंगी। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।
डीवाई. सीएमएम/डी, न्यू बंगाईगांव
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (ऑर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय तहसीलदार न्यायिक महोदय बड़ौत (बागपत)
विविध वाद सं.- सन् 2021
धर्मपाल बनाम राहुल
अं.धारा-209 (ज) उ.प्र.रा.सं.-2006 मौजा-पलड़ी।
प्रतिवादी सं. - राहुल वर्मा पुत्र राजसिंह निवासी ग्राम पलड़ी हाल निवासी शिवपुरी वेस्ट सागपुर, साउथ वेस्ट, दिल्ली-110046
हरगाह वादी ने आपके नाम एक वाद अं.धा.-209 (ज) उ.प्र.रा.सं.-2006 योजित किया है। [illegible] जो जवाब ऐसे सवालात दे सके, हाजिर हो। दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही दे इस्तमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमुअ और फैसला होगा।
बसब्बत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 13 माह 5 सन् 2022 ई. को जारी किया गया।
दिनांक: 13.05.22 — तहसीलदार न्यायिक बड़ौत (बागपत)


# मुख्यमंत्री आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ाई

**दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय को दी जानकारी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर और आसपास अतिरिक्त सशस्त्र गार्डों की तैनाती के साथ सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने हाईकोर्ट को यह जानकारी देते हुए कहा कि जिस सड़क पर मुख्यमंत्री का आवास है, वहां आम लोगों के प्रवेश को कम करने का प्रस्ताव भी विचाराधीन है और इस मुद्दे पर क्षेत्रीय आरडब्ल्यूए के साथ बात चल रही है।

प्रोत्साहित करने के लिए अमेरिका, चीन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी और थाईलैंड जैसे देश दशकों पहले लुंबिनी में अपने-अपने केंद्र स्थापित कर चुके हैं। लुंबिनी में यह भारतीय केंद्र तीन साल में तैयार होगा। नई दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) इसका निर्माण करेगा, जिसमें लगभग एक अरब रुपये खर्च होंगे। दरअसल विगत मार्च में हुए समझौते के बाद लुंबिनी विकास ट्रस्ट ने अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ को लुंबिनी में भारतीय केंद्र के निर्माण के लिए जगह आवंटित की। एक बार तैयार हो जाने के बाद लुंबिनी के इस भारतीय केंद्र में दुनिया भर के श्रद्धालु और पर्यटक ठहर सकेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी की इस संक्षिप्त नेपाल यात्रा में फोकस, जाहिर है, काठमांडू के बजाय लुंबिनी पर रहा। लुंबिनी नेपाल की पवित्रतम जगह तो है ही, उस देश के कुछ महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्रों में से भी है, इस कारण यूनेस्को ने इसे अपनी विश्व धरोहर सूची में रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लुंबिनी में जो कुछ भी कहा, उसके कूटनीतिक महत्व की अनदेखी नहीं की जा सकती। मोदी की टिप्पणी थी कि 'भारत और नेपाल के रिश्ते हिमालय की तरह हैं, जिन्हें हिलाया नहीं जा सकता।' उन्होंने नेपाल के साथ भारत के संबंधों के बारे में वही कहा, जो चीन अक्सर पाकिस्तान के साथ अपने रिश्तों के बारे में कहता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जब चीन के दौरे पर गए थे, तब शी जिनपिंग ने कहा था कि चीन और पाकिस्तान के रिश्ते पहाड़ों से भी ऊंचे और सागर से भी गहरे हैं। चारों तरफ से जमीन से घिरे नेपाल में 'ऊंचे पहाड़' हैं। उसे 'गहरे समुद्र' तक जाने का रास्ता भारत ही मुहैया करा सकता है।

पहले नेपाल के प्रधानमंत्री शेरबहादुर देउबा की भारत यात्रा और अब मोदी की संक्षिप्त नेपाल यात्रा से वस्तुतः उस आपसी भरोसे और सहयोग की नए सिरे से शुरुआत हो सकती है, जिसकी नेपाल को बहुत जरूरत है। नेपाल अपने उत्पादों के परिवहन के लिए भारत पर पूरी तरह से निर्भर है। समुद्र यानी बंदरगाह तक नेपाल की पहुंच भारत के जरिये ही है, और नेपाल अपनी जरूरतों का बड़ा हिस्सा भारत और दूसरे देशों से आयात करता है।

भारत-नेपाल के द्विपक्षीय संबंधों को गति देने के लिए दोनों तरफ से पूरी तैयारियां पहले ही कर ली गई थीं। मसलन, नेपाल में भारतीय राजदूत के खाली पड़े पद को 11 मई को-यानी मोदी की नेपाल यात्रा से महज पांच दिन पहले भरा गया। नेपाल में हमारे नए राजदूत शंकर प्रसाद शर्मा ने भारत और नेपाल में स्थित बौद्ध स्थलों को जोड़कर बौद्ध सर्किट बनाने पर जोर दिया है। बौद्ध धर्म से संबंधित स्थलों पर फोकस करना भारत के लिए एकाधिक कारणों से महत्वपूर्ण है। इनमें से एक कारण वस्तुतः बौद्ध धर्म के वर्चस्व वाले दक्षिण एशियाई इलाकों और तिब्बत की मौजूदा स्थिति भी है, जो रणनीतिक कारणों से भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। भारत और नेपाल के प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति में लुंबिनी में सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान से संबंधित छह सहमति पत्रों पर भी दस्तखत किए गए। इसके तहत बौद्ध विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन के लिए एक आंबेडकर चेयर होगा।

हिमालय की ऊंचाई से जो कुछ कहा गया, भारत और दूसरे पड़ोसी देश उसकी अनदेखी नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री की लुंबिनी यात्रा के राजनीतिक के अलावा रणनीतिक निहितार्थ भी हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से लेकर सेना प्रमुख तक कह चुके हैं कि वे देश की उत्तरी सीमा पर (जिसमें नेपाल भी आता है) चौकस नजर रखेंगे, जिससे कि यथास्थिति बनाए रखी जा सके। सीमा पार से यथास्थिति को पलटने की कोशिश का, जाहिर है, करारा जवाब दिया जाएगा।

इस पृष्ठभूमि में, हिंदू बहुसंख्यक नेपाल में बुद्ध के जरिये दोनों देशों को जोड़ने की भारत की कोशिश का कूटनीतिक महत्व है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी का यह नेपाल दौरा उत्तरी सीमा पर शांति के दौर में हुआ है। लेकिन यह तो समय ही बताएगा कि यह शांति लंबे समय तक कायम रहेगी, या यह तूफान से पहले की खामोशी है।

edit@amarujala.com

कुछ चर्चे कुछ लोग

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उनके अपनों ने ही उन्हें गिरफ्तार करवा दिया था, लेकिन अपने वतन पर कुर्बान होने की खुशी उनमें इतनी ज्यादा थी कि गिरफ्तारी से लेकर फांसी के तख्ते तक पहुंचने के दरम्यान उनका वजन साढ़े 11 पौंड बढ़ गया था!**

## पच्चीस की उम्र में शहीद बंता सिंह संघवाल

बंता सिंह का जन्म वर्ष 1890 में जालंधर जिले के संघवाल गांव में एक समृद्ध परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम बलवंत सिंह था। बचपन से ही वह इतने परोपकारी स्वभाव के थे कि स्कूल में पढ़ते वक्त कांगड़ा में जब भूकंप आया, तो पीड़ितों में बांटने के लिए वह घर से अनाज की बोरियां वहां ले गए थे। जालंधर के डीएवी स्कूल से दसवीं पास करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए वह अमेरिका चले गए। लेकिन वहां भारतीयों को गुलाम बनाने के अंग्रेजों के तानों से तंग आकर वह गदर पार्टी में शामिल हो गए।

वर्ष 1913 में अमेरिका से लौटने के बाद बंता सिंह ने अपने गांव संघवाल में एक पंचायत गठित की, जहां कत्ल को छोड़कर तमाम मुकदमों का फैसला किया जाता था। गांव में उन्होंने एक स्कूल, पुस्तकालय और पशु अस्पताल भी खोले। इतना ही नहीं, गदरी साहित्य छापने के लिए वहां एक प्रिंटिंग प्रेस भी लगाया गया। चूंकि अंग्रेजों का अत्याचार वह अपनी आंखों से देख रहे थे, इसलिए आसपास के गांवों में अंग्रेजों के खिलाफ उन्होंने प्रचार शुरू किया और इस अभियान में स्थानीय लोगों को भी जोड़ने लगे। अंग्रेजों के खिलाफ पहले बड़े अभियान में बंता सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर कपूरथला असलहाखाने पर हमला किया। उसके बाद 25 अप्रैल, 1915 को अपने गदरी साथी बूटा सिंह अकालगढ़ के साथ मिलकर उन्होंने अंग्रेजों के पिट्ठू जैलदार चंदा सिंह का कत्ल कर दिया। इससे अंग्रेजों के कान खड़े हो गए। जल्दी ही गदर पार्टी से जुड़े 82 क्रांतिकारियों पर साजिश का पहला मुकदमा दर्ज हुआ और बंता सिंह फरार घोषित कर दिए गए। इसके बावजूद अंग्रेजों के विरुद्ध उनका अभियान जारी रहा। 12 जून को उन्होंने बल्लां पुल पर दो सिपाहियों को मारकर उनके हथियार लूट लिए। कहते हैं कि बल्लां पुल लूट के बाद पुलिस से मुकाबला करते हुए बंता सिंह किसी तरह गांव पहुंचे थे। लेकिन लगातार साठ मील चलने के कारण उनके पैरों में गहरे जख्म हो गए थे और तत्काल उनका इलाज कराना जरूरी था। उनकी साली का ससुर इलाज कराने के नाम पर उन्हें अपने साथ ले गया, लेकिन धोखा करते हुए होशियारपुर पुलिस को सूचना देकर उन्हें पकड़वा दिया। बंता सिंह के अपनों ने ही झूठी कसम देकर उन्हें फंसा दिया था। वह जानते थे कि उन्हें फांसी की सजा होकर रहेगी। लेकिन अपने वतन पर कुर्बान होने की खुशी उनमें इतनी ज्यादा थी कि डरना तो दूर, गिरफ्तारी से लेकर फांसी के तख्ते तक पहुंचने के दरम्यान उनका वजन साढ़े 11 पौंड बढ़ गया था! 12 अगस्त, 1915 को लाहौर की जेल में बंता सिंह संघवाल को उनके गदरी साथी बूटा सिंह अकालगढ़ के साथ फांसी दे दी गई। बंता सिंह ने मात्र पच्चीस साल की उम्र में फांसी का फंदा चूमा था। गदर पार्टी के प्रधान बाबा सोहन सिंह भकना ने *मेरी रामकहानी* पुस्तक में लिखा, 'हमारी सभी विपत्तियों की जड़ हमारी गुलामी है। इसे खत्म करने के लिए हमें शूरवीरों की जरूरत है, और अपना नाम प्रस्तुत करने वाले ऐसे देशभक्तों में सबसे पहला नाम भाई बंता सिंह संघवाल का था।' वर्ष 1992 में पठानकोट बाईपास चौक का नाम शहीद बंता सिंह संघवाल के नाम पर रखा गया और उसके दो साल बाद 1994 में शहीद ऊधम सिंह वेलफेयर ट्रस्ट, बर्मिंघम के सहयोग से इस चौक पर शहीद बंता सिंह का बुत लगाया गया।



**वर्ष 1992 में पठानकोट बाईपास चौक का नाम शहीद बंता सिंह संघवाल के नाम पर रखा गया।**



अंतोनियो ग्राम्शी
(1891-1937)

मुखड़ा क्या देखे दर्पण में

सभी मनुष्य बुद्धिजीवी हैं, लेकिन सभी मनुष्य समाज में बुद्धिजीवियों का कर्म नहीं करते।

## भक्ति प्रेम की सर्वोच्च अवस्था है

मैं अपने विवेक से निराशावादी हूं, लेकिन अपनी इच्छाशक्ति से आशावादी हूं। सत्य कहना, क्रांतिकारी होना है। आधुनिकता का अर्थ है—मोहभंग न होते हुए बिना भ्रम का जीवन जीना। युद्ध के मोर्चे पर दुश्मन के सबसे कमजोर पक्ष पर आक्रमण करना भले ही सफल रणनीति हो, लेकिन बौद्धिक मोर्चे पर दुश्मन के सबसे मजबूत पक्ष पर आक्रमण करना ही सफल रणनीति है। संघर्ष में हार की कल्पना हमेशा होनी चाहिए। इसलिए अपनी हार के उत्तराधिकार की तैयारी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी अपनी विजय की। विनाश निर्माण जितना ही कठिन है। वास्तव में संकट इस तथ्य में है कि पुराना निष्प्राण हो रहा है और नया जन्म नहीं ले सकता।

मनुष्य हर विवेक से ऊपर एक चेतना है, जो प्रकृति का नहीं, बल्कि इतिहास का उत्पाद है। सभी मनुष्य बुद्धिजीवी हैं, लेकिन सभी मनुष्य समाज में बुद्धिजीवियों का कर्म नहीं करते। संस्कृति एक विशेषाधिकार है। शिक्षा एक विशेषाधिकार है। पर हम नहीं चाहते कि ऐसा हो। संस्कृति के सामने सभी युवा एक समान होने चाहिए। समग्रता में भाषा, रूपक की सतत प्रक्रिया है। अर्थ-मीमांसा का इतिहास, संस्कृति के इतिहास का एक पहलू है। भाषा एक ही समय में एक जीवित वस्तु, जीवन और सभ्यताओं के जीवाश्मों का संग्रहालय है। लोकप्रिय तत्व—महसूस करता है, लेकिन वह हमेशा जानता या समझता नहीं। बौद्धिक तत्व—जानता और समझता है, लेकिन वह हमेशा महसूस नहीं करता। सामान्य ज्ञान दर्शन का लोकगीत है।



**शिक्षा एक विशेषाधिकार है। पर हम नहीं चाहते कि ऐसा हो। संस्कृति के सामने सभी युवा एक समान होने चाहिए।**

मैंने कितनी ही बार सोचा है कि जब किसी के मन में किसी के लिए कोई भावना न रही हो, अपने माता पिता के लिए भी नहीं, तो क्या व्यक्तियों से संबंध बनाना संभव है? अगर किसी को कभी भी गहराई से प्यार नहीं किया गया, तो क्या उसके लिए सामूहिकता में रहना संभव है? क्या इन सबका मेरे जैसे युद्धप्रिय के ऊपर कोई प्रभाव नहीं रहा? क्या इस सबसे मैं और बंध्य नहीं हुआ? क्या इन सबसे एक क्रांतिकारी के रूप में मेरी गुणवत्ता कम नहीं हुई? मैं जिसने हर चीज को बौद्धिकता और शुद्ध गणित के पैमाने पर रख दिया। मेरी व्यावहारिकता इसमें, इस ज्ञान में निहित है कि अगर आप दीवार पर अपना सिर पीटते हैं, तो वह आपका सिर है, जो कि चोटिल होता है; दीवार नहीं। यही मेरी ताकत है—मेरी एकमात्र ताकत।

*-विश्वप्रसिद्ध इतालवी दार्शनिक*

आंकड़े

## आत्महत्या के बढ़ते आंकड़े

देश में आत्महत्या की घटनाओं में निरंतर वृद्धि होना चिंता की बात है। हाल के वर्षों में आत्महत्या की सबसे ज्यादा घटनाएं महाराष्ट्र और तमिलनाडु में दर्ज की गईं।

| वर्ष | आत्महत्या |
|---|---|
| 2020 | 1,53,052 |
| 2019 | 1,39,123 |
| 2018 | 1,34,516 |
| 2017 | 1,29,887 |
| 2016 | 1,31,008 |

स्रोत- National Crime Records Bureau (NCRB)

**चेहरे का सौंदर्य क्षणभंगुर है, देर-सवेर उसका विनाश अवश्य होगा। जबकि धर्म की आभा सदैव-शाश्वत ज्योति प्रदान करने वाली है।**

## बुद्ध की सीख

अंतर्यात्रा
शिव कुमार गोयल

**श्रावस्ती** निवासी ब्राह्मण वक्कलि ने भगवान बुद्ध की सौम्य छवि से प्रभावित होकर उनसे दीक्षा ले ली। भिक्षु बनने के बाद भी वह धर्म के पालन में लगने की जगह बुद्ध की आकर्षक छवि को निहारता रहता था। एक दिन बुद्ध ने उससे पूछ लिया, 'वक्कलि, मैं यह अनुभव कर रहा हूं कि तुम भिक्षु धर्म का पालन नहीं कर रहे हो। उसका क्या कारण है? वक्कलि ने उत्तर दिया, भंते, आप ठीक कहते हैं। इसका कारण यह है कि मैं आपके मुखमंडल की आभा से ही तृप्त हो जाता हूं। इसके बाद धर्म-कर्म का पालन करने को जी नहीं चाहता।'

भगवान बुद्ध ने उसे समझाते हुए कहा, 'वत्स, यह समझ लो कि चेहरे का सौंदर्य क्षणभंगुर है, देर-सवेर उसका विनाश अवश्य होगा। जबकि धर्म की आभा सदैव-शाश्वत ज्योति प्रदान करने वाली है। धर्म के लावण्यमय दिव्य रूप के यदि तुमने एक बार भी दर्शन कर लिए, तो फिर तुम किसी अन्य प्रकार के सौंदर्य के प्रपंच में नहीं पड़ सकोगे।'

बुद्ध ने उस दिन अपने प्रवचन में भी साधकों को सावधान करते हुए कहा, 'शारीरिक सौंदर्य के प्रति आसक्ति पतन का कारण बनती है। हमें केवल धर्म के प्रति आसक्ति पैदा करनी चाहिए।'

*(अमर उजाला आर्काइव से)*

## शिलालेख

*लादकर ये आज*
*किसका शव चले?*
*और इस छतनार बरगद के तले,*
*किस अभागन का*
*जनाजा है रुका*
*बैठ इसके पांयते,*
*गर्दन झुका,*
*कौन कहता है कि*
*कविता मर गई?*

-धर्मवीर भारती

## फिर लौटेंगी टिड्डियां



**मानसून के आते ही हमारे खेतों की हरियाली पर टिड्डी दलों के खतरे की आशंका मंडरा रही है। नुकसान रोकने के लिए पहले ही कमर कसनी होगी।**

पंकज चतुर्वेदी
संकट

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के ताजा बुलेटिन में बताया गया है कि फरवरी-मार्च में पाकिस्तान के बलूचिस्तान इलाके के ग्वादर जिले में टिड्डियों ने जो अंडे दिए थे, वे अब वयस्क बन गए हैं। इसी तरह मार्च में ही ईरान में भी टिड्डी दल ने बच्चे दिए हैं। हालांकि अभी ये लाखों टिड्डी-दल एकल अर्थात सॉलिटरी अवस्था में हैं, लेकिन प्रबल आशंका है कि जैसे ही भारत में मानूसन सक्रिय होगा और रेगिस्तान में रेत के धोरों में तरावट आएगी, हमारी हरियाली को अफ्रीकी टिड्डों का ग्रहण लग सकता है। इन दिनों भारत-पाकिस्तान की सीमा पर हजारों किलोमीटर में फैले रेगिस्तान में अंधड़ चलने लगे हैं और इस रेतीले बवंडर के साथ आ रहे टिड्डियों के दल भारत के लिए बड़ा संकट खड़ा कर रहे हैं। उधर सूडान में इन टिड्डी दलों ने नुकसान करना शुरू कर दिया है।



पाकिस्तान सरकार जान-बूझकर टिड्डियों के बारे में माकूल जानकारी भारत को देती नहीं है। राजस्थान सरकार के दस्तावेज बताते हैं कि मई, 2019 से फरवरी, 2020 तक पाकिस्तान से आए टिड्डी दलों ने सात जिलों में भारी नुकसान किया था। उस दौरान बाड़मेर में 22 हजार हेक्टेयर, जैसलमेर में 75 हजार, जोधपुर में 4,500 हेक्टेयर खेतों सहित कुल 2.25 लाख हेक्टेयर की खड़ी फसल टिड्डी दल ने नष्ट कर दी थी। वर्ष 2021 में भी जब टिड्डी दलों ने भारत पर हमला बोला, तो गुजरात और राजस्थान में 1.7 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खड़ी तिलहन, जीरे और गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा था।

सोमालिया जैसे उत्तर-पूर्वी अफ्रीकी देशों से ये टिड्डे यमन, सऊदी अरब और पाकिस्तान होते हुए भारत पहुंचते रहे हैं। हमारी फसल और जंगलों के दुश्मन टिड्डे, वास्तव में मध्यम या बड़े आकार के वे साधारण टिड्डे (ग्रास होपर) हैं, जो हमें यदा-कदा दिखलाई देते हैं। रेगिस्तानी टिड्डे इनकी सबसे खतरनाक प्रजाति हैं। इनकी पहचान पीले रंग और विशाल झुंड के कारण होती है। हर दो-तीन हफ्ते में टिड्डी दल हजारों गुना की गति से बढ़ते जाते हैं। टिड्डी दल दिन में तेज धूप के कारण बहुधा आकाश में उड़ते रहते हैं और शाम ढलते ही पेड़-पौधों पर बैठकर उन्हें चट कर जाते हैं। अगली सुबह सूर्योदय से पहले ही ये आगे उड़ जाते हैं। जब आकाश में बादल हों तो ये कम उड़ते हैं, पर यह उनके प्रजनन का माकूल मौसम होता है। ताजा शोध से पता चला है कि जब अकेली टिड्डी एक विशेष अवस्था में पहुंच जाती है, तो उससे एक गंधयुक्त रसायन निकलता है। इसी रासायनिक संदेश से टिड्डियां एकत्र होने लगती हैं और उनका घना झुंड बन जाता हैं। इस विशेष रसायन को नष्ट करने या उसके प्रभाव को रोकने की कोई युक्ति अभी तक नहीं खोजी जा सकी है। वैसे तो भारत-पाकिस्तान के बीच टिड्डियों को रोकने के लिए समझौते हुए हैं और इसकी बैठकें भी होती हैं, लेकिन इस बार लगता है कि पाकिस्तान ने भारत में टिड्डी हमले को साजिशन अंजाम दिया है। हालांकि एफएओ ने पहले ही चेता दिया था कि इस बार टिड्डियों का हमला हो सकता है। समझौते के मुताबिक, पाकिस्तान को उसी समय रासायनिक छिड़काव कर उन्हें मार डालना चाहिए था, लेकिन वह नियमित बैठकों में झूठे वादे करता रहा। पाकिस्तान के पास चीन निर्मित 10 एअर ब्लास्ट स्प्रेयर हैं, जिन्हें ट्रक पर फिट करके तेज गति से कीटनाशकों का छिड़काव किया जा सकता है। यदि पाकिस्तान ने इन मशीनों का इस्तेमाल अंधड़ के समय भारत की तरफ किया, तो टिड्डे कम मरेंगे और वे तेजी से भारत में प्रवेश करेंगे। वैसे टिड्डों के व्यवहार से लगता है कि उनका प्रकोप जुलाई-अगस्त तक चरम पर होगा। एफएओ चेता चुका है कि मानसून के साथ इस दल का हमला गुजरात में भुज के आसपास होगा।

यदि राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तानी सीमा पर टिड्डी दलों के भीतर घुसते ही सघन हवाई छिड़काव किया जाए, साथ ही जनता के सहयोग से रेत के धोरों में अंडफली नष्ट करने का काम शुरू किया जाए, तो टिड्डियों को रोका जा सकता है। साफ है कि इनसे निपटने के लिए भारत और पाकिस्तान को मिल-जुलकर ईमानदारी से काम करना होगा।

# निठारी के एक और केस में कोली हत्या-दुष्कर्म का दोषी

## पंढेर को पहली बार देह व्यापार के मामले में दोषी करार दिया

अमर उजाला ब्यूरो


सुरेंद्र कोली


मोनिंदर सिंह पंढेर

**गाजियाबाद।** विशेष सीबीआई कोर्ट ने निठारी कांड के 14 वें मामले में सुरेंद्र कोली को अपहरण, हत्या और दुष्कर्म का दोषी करार दिया है। इसी केस में सह आरोपी मोनिंदर सिंह पंढेर को हत्या, अपहरण और दुष्कर्म में बरी कर दिया गया जबकि पहली बार देह व्यापार के जुर्म में दोषी करार दिया गया। दोनों को 19 मई को सजा सुनाई जाएगी। इससे पहले कोली को 12 और पंढेर को दो मामलों में सजा ए मौत सुनाई जा चुकी है।

वरिष्ठ अधिवक्ता सुधीर त्यागी और नवीन त्यागी ने 14 वें केस के बारे में बताया कि उत्तराखंड में ऊधमसिंह नगर निवासी व्यक्ति 2005 से गौतमबुद्धनगर के निठारी में रहता था। उसकी बेटी भी अपने लिए नौकरी तलाश कर रही थी। वह सात मई 2006 को घर से यह कहकर निकली थी कि निठारी के डी-पांच कोठी में बुलाया है। इसके बाद वह लौटकर नहीं आई। पिता ने आठ मई 2006 को नोएडा के थाना सेक्टर-20 में बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 24 अगस्त 2006 को पिता की अर्जी पर गौतमबुद्धनगर अदालत के आदेश पर मोनिंदर सिंह पंढेर और सुरेंद्र कोली पर अपहरण का केस दर्ज हुआ। विवेचना के दौरान पुलिस ने लड़की का मोबाइल सुरेंद्र कोली से बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने पंढेर और कोली से सख्ती से पूछताछ की तब शव गांव निठारी स्थित डी-पांच कोठी के नाले से बरामद हुआ। डीएनए जांच से मृतका की पहचान हुई थी। वर्ष 2007 में सीबीआई ने तीनों के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। निठारी कांड में सीबीआई ने कुल 17 मामले दर्ज किए थे। 12 मामलों में पूर्व में कोली को फांसी की सजा हो चुकी है। पहले मामले में उसे 13 फरवरी 2009 फांसी की सजा सुनाई गई थी जबकि 12वें मामले में 16 जनवरी 2021 को। कोली और पंधेर अभी जेल में हैं।

**कोली को 12 और पंढेर को दो मामलों में सुनाई जा चुकी है सजा ए मौत**

### दरोगा सिमरनजीत कौर साक्ष्य के अभाव में बरी

14 वें केस में दरोगा सिमरनजीत कौर पर आरोप था कि उसने केस दर्ज करने में देरी की। निठारी कांड के दौरान वह निठारी चौकी पर तैनात थी। उस पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया गया था। सीबीआई इसके पर्याप्त साक्ष्य नहीं दे पाई। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में इसे बरी कर दिया।

# सीमा विवाद में 12 घंटे पड़ा रहा युवक का शव

**लोनी (गाजियाबाद)।** यूपी और दिल्ली सीमा पर बसी कॉलोनी राधा विहार में युवक संजय (24) का शव घर में फंदे से लटका मिलने पर दोनों राज्यों की पुलिस में सीमा विवाद हो गया। दोनों में से किसी राज्य की न केस दर्ज करने के लिए राजी हुई और न ही पोस्टमार्टम कराने के लिए। इसी विवाद में सुबह से शाम हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने फोन पर आला अफसरों से बात की तो विवाद सुलझने के बजाय और उलझ गया। इस बीच 12 घंटे तक शव घर में ही पड़ा रहा। बाद में संजय के परिजनों ने बताया कि उनका घर दिल्ली में आता है। साक्ष्य के लिए दस्तावेज दिखाए। तब जाकर दिल्ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सुबह पांच बजे सुरेश सिंह ने देखा कि कमरे में बेटे का शव फंदे से लटका है। वह कई दिन से तनाव में था। सुरेश ने फोन से दिल्ली पुलिस के कंट्रोल रूम को सूचना दी। हर्ष विहार थाना से पुलिसवाले आ गए। आते ही बोले कि यह क्षेत्र तो यूपी में आता है, थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर है। इस पर सुरेश ने लोनी बॉर्डर थाना पुलिस को सूचना दी। यहां से भी पुलिस आ गई। संवाद

# सुपरटेक के दो टावरों को गिराने के लिए तीन माह की मोहलत

अमर उजाला ब्यूरो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नियमों का उल्लंघन कर बनाए गए सुपरटेक के नोएडा स्थित एमरल्ड प्रोजेक्ट में 40 मंजिले दो टावरों को गिराने से 28 अगस्त तक की मोहलत दे दी है।

जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने यह आदेश अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) द्वारा दायर उस आवेदन पर दिया, जिसमें ट्विन टावर को गिराने की 22 मई की समय-सीमा को तीन माह बढ़ाने की मांग की गई थी। टावर को गिराने वाली एजेंसी एडिफिस इंजीनियरिंग ने मोहलत मांगी थी।

सुपरटेक की ओर से पेश वकील ने पीठ से कहा कि परीक्षण विस्फोट के बाद एडिफिस इंजीनियरिंग द्वारा यह पाया गया कि संरचना मजबूत है और उम्मीद से अधिक स्थिर है। न्याय मित्र वकील गौरव अग्रवाल ने भी आवेदन का समर्थन किया और कहा कि यहां तक कि विध्वंस की निगरानी करने वाली एजेंसी केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान ने भी समय सीमा बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।

पीठ ने दलीलों पर विचार करने के बाद टावरों को गिराने की समय बढ़ाते हुए 28 अगस्त को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**28 अगस्त को स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश**

सुप्रीम कोर्ट ने 31 अगस्त, 2021 को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पारित उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें भवन मानदंडों के उल्लंघन के लिए सुपरटेक के नोएडा एक्सप्रेस स्थित एमरल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट के 40 मंजिले ट्विन टावर 16 (अपेक्स) और 17 (स्यान) को ढहाने का आदेश दिया गया था।

# कंटेनर में खास जगह बनाकर शराब की तस्करी, 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी जिले की मंडावली थाना पुलिस ने सोमवार देर रात कंटेनर में खास जगह बनाकर शराब की तस्करी करने वाले एक गिरोह के चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राजस्थान के सीकर निवासी कंटेनर चालक राम करन सिंह, नागौर निवासी हेल्पर सतपाल सिंह, दिल्ली के उत्तम नगर निवासी डेनी और दिल्ली के लक्ष्मी नगर निवासी रूपेश गुप्ता के रूप में हुई है।

पुलिस ने कंटेनर से शराब के 350 बॉक्स, एक कंटेनर, 196 गद्दे, फर्जी नंबर प्लेट, कंटेनर की असली नंबर प्लेट और तस्करी वारदात में इस्तेमाल एक कार बरामद की है। आरोपी डेनी और रूपेश कंटेनर को एस्कॉर्ट कर दिल्ली से गुजरात ले जा रहे थे। दोनों खुद को पत्रकार बताकर पुलिस पर रौब झाड़ रहे थे, लेकिन बाद में इनकी पोल खुल गई। शराब पहुंचाने के बदले दोनों को हर ट्रिप पर 50 हजार रुपये मिलते थे। ब्यूरो

व्यावसायिक गतिविधि

## यूटीएस सोलर से बिजली बनाएं और करें कमाई

**नई दिल्ली।** बिजली संकट के दौर में उपभोक्ता यूटीएल सोलर लगाकर अपनी खुद की बिजली बना और कमाई कर सकते हैं। उपभोक्ता यूटीएल आर एमपीपीटी सोलर लगाने और बिजली बनाने की मुफ्त जानकारी के लिए 7838885885 नंबर पर पीसीयू लिखकर व्हाट्सएप कर सकते हैं। सोलर बिजनेस के लिए यूटीएल सोलर के एमडी योगेश दुआ की लिखी पुस्तक फ्री में मंगाने के लिए ऊपर के नंबर पर शोरूम लिखकर व्हाट्सएप करें।



## एपीजे एजुकेशन और एडब्ल्यूएस ने की एनईपीएपी लांच करने की घोषणा

**नई दिल्ली।** एपीजे एजुकेशन और एमेजॉन.कॉम कंपनी, एमेजॉन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने बीरवार को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी एक्सलरेटर प्रोग्राम (एनईपीएपी) लांच करने की घोषणा की। यह अभियान सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) में दस्तावेजबद्ध प्रौद्योगिकी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में भारत में शैक्षणिक संस्थानों को समर्थ बनाएगा। एनईपी 2020 के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों को प्रौद्योगिकी संबंधी परिवर्तन लाने में मदद करने के लिए यह भारत का पहला कार्यक्त्रस्म है। एपीजे एजुकेशन के को-प्रमोटर आदित्य बेलिया ने कहा कि भारत में शैक्षणिक संस्थानों को एनईपी- 2020 में परामर्शित डिजिटल परिपक्वता के स्तर पर पहुंचना होगा। सुनील पीपी, लीड - एडब्ल्यूएस इंडिया और साउथ एशिया ने कहा कि एडब्ल्यूएस को एपीजे एजुकेशन के साथ सहयोग करने की खुशी है।

# दर्शनार्थियों से भरी बस ट्रक से टकराई, तीन की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी


यमुना एक्सप्रेसवे में हुए हादसे में क्षतिग्रस्त बस। -अमर उजाला

**नौहझील (मथुरा)।** यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार देर रात दर्शनार्थियों से भरी बस आगे धीमी गति से चल रहे गिट्टी से भरे ओवरलोड ट्रक में घुस गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 40 लोग बुरी तरह घायल हो गए। सूचना के बाद पहुंची नौहझील पुलिस और एक्सप्रेसवे कर्मियों ने घायलों को सीएचसी नौहझील पहुंचाया। वहां से 6 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। एसडीएम मांट इंद्रनंदन, सीओ नीलेश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल अस्पताल पहुंच गया।

एसपी देहात श्रीशचंद ने बताया कि रात करीब 10:45 बजे एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक धीमी गति से चल रहा था। इसी दौरान वृंदावन में श्रीबांकेबिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर व अन्य मंदिरों के दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं की बस बाजना कट से यमुना एक्सप्रेसवे पर चढ़ी। बस में सवार सभी लोग दिल्ली के शाहदरा इलाके के हैं। करीब 50 मीटर यमुना एक्सप्रेसवे पर आगे बढ़ने पर बस आगे जा रहे ट्रक में घुस गई। बस का आगे का हिस्सा पूरा तरह छतिग्रस्त हो गया और आगे बैठे श्रद्धालुओं को गंभीर चोटें आ गईं। हादसे की सूचना पर पुलिस पहुंची और घायलों को किसी तरह से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान तीन पुरुष श्रद्धालुओं को मृत घोषित कर दिया गया। बस में करीब 60 लोग थे। इसमें से ज्यादातर घायल हैं। सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बाद जिला अस्पताल ले जाया गया, जिसमें छह लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। बस के आगे के हिस्से में बजरी भर गई। इससे घायलों को निकालने में परेशानी हुई।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. तुलाराम ने बताया कि घायलों के लिए सात एंबुलेंसों को लगाया गया था। चिकित्सकों की टीम लगी हुई है। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिकता से उपचार देकर जिला अस्पताल भेजा गया है।

**सभी हताहत शाहदरा के, वृंदावन से दिल्ली लौट रहे थे**

### ये हुए हैं घायल

सविता, रश्मि, अनुराधा, पूनम, सीमा, किशन, रजनी, ममता गुप्ता, अनुज गुप्ता, करुणा शर्मा, किशन ठाकुर उसका बेटा लव, पत्नी किरण, पिता मुंशी लाल, बहन तनु, सास बीना आदि घायल हैं।

# कंपनी के बाहर सीवर में सफाई करने उतरे दो कर्मियों की मौत

**नोएडा।** फेज-2 कोतवाली क्षेत्र में हौजरी कांप्लेक्स स्थित एक रेडीमेड गारमेंट्स कंपनी में सोमवार को सीवर की सफाई करने उतरे दो कर्मचारियों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। दोनों सूरजपुर में किराये पर रहकर करीब तीन माह से कंपनी में काम कर रहे थे।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मूलरूप से बुलंदशहर के बादशाहपुर पचगांई थाना शिकारपुर निवासी सोनू (30) और एटा के चपराई सिकंदरपुर, थाना सकीट निवासी श्याम बाबू पुत्र किशनलाल (43) मार्च से रेडीमेड गारमेंट्स की कंपनी में सफाई कर्मचारी के रूप में काम कर रहे थे। सोमवार शाम को दोनों अन्य साथी के सहयोग से कंपनी के बाहर सीवर की सफाई कर रहे थे। इस दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से सोनू बेहोश हो गया। ब्यूरो


**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/विभाग/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी न. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/विभाग/प्राधि. की वेबसाईट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 04/XEN/P-III/MM/QH-2074 DATED 22.04.2022 | निगम के तकनीकी विनिर्देशनों सहित ऑल इन वन कम्प्यूटर-निविदा को 20.05.2022 को 13:00 बजे तक बढ़ा दिया गया है | www.uhbvn.org.in | 9988779248 cemm@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | GEM/2022/B/2125208 DATED 22.04.2022 | निगम के तकनीकी विनिर्देशनों सहित ऑल इन वन कम्प्यूटर की प्राप्ति-निविदा को 20.05.2022 को 13:00 बजे तक बढ़ा दिया गया है | www.uhbvn.org.in | 9988779248 cemm@uhbvn.org.in |
| 3 | यूएचबीवीएन | GEM/2022/B/2126667 DATED 25.04.2022 | निगम के तकनीकी विनिर्देशन सहित क्लाउड होस्टिंग हेतु एसक्यूएल स्टेंडर्ड एडीशन लाइसेंस की प्राप्ति-निविदा को 23.05.2022 को 13:00 बजे तक बढ़ा दिया गया है। | www.uhbvn.org.in | 9988779248 cemm@uhbvn.org.in |

अग्रिम जानकारी हेतु कृपया वेबसाईट www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in पर जाएं।
SAMVAD:- :-13/2023/60/9687/I/1/7 Dt. 17/05/2022



**उत्तर रेलवे**

शुद्धिपत्र

निविदा सूचना सं. 468–एसीएस–सी.पी.वे.एस.जेड.एम.–टीकेजे दिनांक 21.04.2022 का प्रथम शुद्धि पत्र।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | अतिरिक्त ट्रेन संचालन सुविधाएं और दिल्ली सब्जीमंडी–दिल्ली मुख्य अतिरिक्त लाइन के संदर्भ में सब्जी मण्डी दिल्ली पर बी.जी. पी. वे. ट्रैक को जोड़ना और अन्य संबद्ध कार्य जैसे बी.जी. रेलवे ट्रैक, प्वाइंट व क्रोस्सिंग, ट्रेप को लगाना, बिछाना, जोड़ना व उखाड़ना, एटी वेल्डिंग कार्य, गलूड जॉइंट्स, बलासट की आपूर्ति, पी.वे. सामग्री और पीआरसी स्लीपरों की लीडींग, लोडिंग व अनलोडिंग और अन्य सिविल इंजीनियरिंग कार्य। |

उपरोक्त कार्य के लिए निविदा जो दिनांक 23.05.2022 को खुलना है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

सं. 468–एसीएस–सी.–पी.वे.–एस.जेड.एम–टीकेजे दिनांक 13.05.2022 1144/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**Himachal Pradesh Jal Shakti Vibhag**
**CORRIGENDUM**

The key dates of following online tenders invited vide this office NIT No. EE/JSV/CB/Tender/NIT/2020-21- 2072-2122 dated 03/05/2022 is hereby extended to below mentioned dates :-

**Sr. No. :** 1 **Name of work :** Providing Flood Protection Work / Anti erosion measures for Sakrain, Malhod, Thothu, Dol and Samour Khad in Dharampur Constituency District Mandi (H.P.) (SH:- C/O Earthen embankment = 900 Rmt and C/O Gabion wall = 7560 Rmt. And C/O check structure & RCC box culverts etc. on both bank of "Thothu Khad") under FMBAP. **Estimated Cost :** 35,52,11,702/- **Earnest Money :** 35,84,617/- **Time Limit :** One Year

**Sr. No. :** 2 **Name of work :** Providing Flood Protection Work / Anti erosion measures for Sakrain, Malhod, Thothu, Dol and Samour Khad in Dharampur Constituency District Mandi (H.P.) (SH:- C/O Earthen embankment = 2900 Rmt, C/O Bank Protection = 1700 Rmt and C/O Gabion wall = 2900 Rmt. And C/O check Structure & RCC box culverts etc. on both bank of "Malhod & Samoud Khad") under FMBAP. **Estimated Cost :** 30,57,76,201/- **Earnest Money :** 30,90,262/- **Time Limit :** One Year

1. Bid submission end date 21.05.2022 at 05:00 PM.
2. Physical submission of earnest money deposit and cost of tender documents upto 11:00 AM on 23.05.2022.
3. Bid opening date 23.05.2022 at 11:30 AM
   Other terms and condition shall remain unchanged.

**Executive Engineer,**
Ro-1037/22-23 **Jal Shakti Division, Dharampur Bharari, Distt. Mandi**



**उत्तर रेलवे**

ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ADEN/DLI के तहत SSE/P-way/DLI के अनुभाग में रेलवे भूमि की सफाई और रेलवे सीमा से परे सामग्री का निपटान जिसमें कचरा हटाना, चीर–फाड़ करना, नाली की सफाई, गाय का गोबर, पत्ते, मलबा, मलबा, मिट्टी का ढेर, पशु शव, निर्माण सामग्री और रेलवे सामग्री का स्थानांतरण और स्टैकिंग शामिल है का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 55,99,552.31 (रुपए पचपन लाख निन्यानवे हज़ार पांच सौ बावन और इकतीस पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि | रु. 1,12,000/- (रुपए एक लाख बारह हज़ार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 10.06.2022 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ ई-निविदा सूचना/12-2022-23/W-3 दिनांक: 17.05.2022 1150/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



दिल्ली जल बोर्ड : एनसीटी दिल्ली सरकार
कार्यालय अधिशासी अभियंता (सी) डीआर-IX
सी/ओ पीआर. मुख्य अभियंता (डीआर.) प्रोजेक्ट-II
जागृति एसपीएस, समीप कड़कड़ूमा क्रॉसिंग, शाहदरा, दिल्ली-110092
ईमेल : eecdrixdjb@gmail.com फोन : 011-20824111
"कोरोना रोकें : मास्क पहनें, शारीरिक दूरी का पालन करें व हाथों को साफ रखें"
स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

निआसू सं.-02(2022-23) पुनः आमंत्रित

| क्रम सं. | कार्य का नाम | निविदा राशि | निविदा आईडी | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | ई-प्राप्ति सोल्यूशन द्वारा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली में अतिरिक्त 700 एमएम डाया राईजिंग मेन (2 वर्ष की डीएलपी सहित 12 वर्ष के ओ एंड एम के साथ डीबीओ आधार पर) सहित निगम बोध पर नये 20 एमजीडी एसपीएस का निर्माण। पुनःआमंत्रित। | लम सम | 2022_डीजेबी_222279_1 | 1500/-रु. अप्रतिदेय | 60,30,000/-रु. (20,00,000/-रु. आरटीजीएस के जरिये व 40,30,000/-रु. किसी सूचीकृत बैंक से बैंक गारंटी के रूप में) | 30.05.2022 को अप. 3.00 बजे |

निविदा के विवरणों को वेबसाईट http://delhi.govtprocurement.com पर देखा जा सकता है।
ज. स. कार्य. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा. सं. जे.एस.बी. 115(2022-23)
के.एस.राय
ईई (एसडीडब्ल्यू-XI)
(आर.जी. सारस्वत)
अधिशासी अभियंता (सी) डीआर-IX



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् लोनी, जनपद-गाजियाबाद**

पत्रांक संख्या :461/न0पा0परि०लो0गा0/ई0नि0सू0/2022-23 दिनांकः-17 मई 2022

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, लोनी क्षेत्रान्तर्गत 15वाँ वित्त टाइड ग्रांट के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्यों की ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस हेतु ई-निविदा दिनांकः-18.05.2022 से दिनांकः- 25.05.2022 तक ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती हैं। ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त कार्यों की निविदा दिनांकः-26-05-2022 अपराहन 12.30 बजे खोली जायेगी जिसे सम्बन्धित वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं जमानत धनराशि आर०टी०जी०एस०/नेफ्ट के माध्यम से नगर पालिका परिषद लोनी के खाता संख्या 38748198363 भारतीय स्टेट बैंक शाखा लोनी IFSCode-SBIN0002408 में जमा करायी जायेगी, जिसकी कापी सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य से सम्बन्धित नियम व शर्ते कार्यालय नगर पालिका परिषद लोनी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता हैं। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

लिपिक, नगर पालिका परिषद लोनी, गाजियाबाद
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद लोनी, गाजियाबाद ।
(रंजीता धामा) अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद लोनी, गाजियाबाद



**कार्यालय जिला पंचायत गाजियाबाद ।**

**ई-नीलाम सूचना**

कार्यालय पत्र संख्या 68/नीलाम/जि0पंगा0/2022-23 दिनांक 18.04.2022 द्वारा समाचार पत्र दैनिक अमर उजाला एंव दैनिक भास्कर के अंक दिनांक 19.04.2022 में एंव शासकीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर ई-नीलाम सूचना प्रकाशित कराकर वित्तीय वर्ष 2022-23 की शेष अवधि हेतु (01 मई 2022 से 31 मार्च 2023 तक )की अवधि हेतु जिला पंचायत, गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में लोनी तहसील के अर्न्तगत ग्राम पचायरा खनिज उदगम स्थल से बालू को लेने एकत्रित करने तथा शक्ति चालित वाहनों यथा पश चालित वाहन यथा ट्रैक्टर ट्राली, मिनी ट्रक, डम्पर पश गाडी या मानव चालित नौका पर खनिज परिवहन शुल्क की वसूली के ठेके की ई-नीलामी के संबंध में क्रमशः दिनांक 27.04.2022, दिनांक 04.05.2022 एंव दिनांक 12.05.2022 तक ई-निविदा आमंत्रित की गई थी ।

उक्त निर्धारित दिनांकों में समुचित निविदा प्राप्त न होने के कारण नीलाम समिति की संस्तुति पर शासकीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर पुनः ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है

1- वेबसाइट पर ई-निविदा प्रदर्शित होने की तिथि - दिनांक 18.05.2022 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से।
2- वेबसाईट पर ई-निविदा अपलोड करने की तिथि - दिनांक 23.05.2022 सॉय 5.00 बजे तक
3-ई-निविदा खोले जाने की तिथि - दिनांक 24.05.2022 अपरान्ह 2.00 बजे से

अपलोड किये गये अभिलेखों के मिलान हेतु मूल प्रमाण पत्रों को निविदा खोले जाने से पूर्व कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इच्छुक बोलीदाता को रू0 5.00 लाख का बैंक ड्राफ्ट जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, गाजियाबाद के पदनाम पर देय हो एंव जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र (जो रू0 25.00 लाख से कम न हो) तथा फोटो पहचान पत्र वैबसाईट पर अपलोड करना होगा । तदुपरान्त ही बोलीदाता अपनी बोली देने के लिए अनुमन्य माना जायेगा। उक्त ठेके की नीलामी हेतु न्यूनतम बोली पूर्ववत रू0 5813100.00 (अटठावन लाख तेरह हजार एक सौ) रहेगी।

उच्चतम बोली दाता को अपनी बोली की समस्त धनराशि निविदा खोले जाने के उपरान्त जिला निधि खाता संख्या 448402010003855 यूनियन बैंक आफ इण्डिया, शाखा नेहरू नगर आई0एफ0एस0सी0 कोड UBIN0544841 मे जमा करना अनिवार्य होगा। नीलाम शर्ते वेबसाईट तथा https://etender.up.nic.in पर तथा कार्यालय जिला पंचायत, गाजियाबाद जी ब्लाक कविनगर में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है। इस संबंध में पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश सं0 623/33-2-2018-114जी/2008टी०सी० दिनांक 150018 के अनुपालन में खनिज परिवहन शुल्क वसूली सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित/घोषित स्वीकत वैध खनिज उदगम स्थल से ही बिना बैरियर लगाये की जायेगी, इस हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग, राष्ट्रीय मार्ग, मुख्य जिला मार्ग, अन्य जिला मार्ग अथवा किसी भी प्रकार के मार्ग पर बैरियर लगाकर अथवा किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न कर इन मार्गों पर वसूली नहीं की जायेगी।

यदि उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत उचित बोली प्राप्त नहीं होती है तो ठेके की पनः ई-निविदा दिनांक 25.5.2022 को उपरोक्त वेबसाईट पर पूर्वान्ह 11.00 बजे से प्रदर्शित होगी तथा दिनांक 30.05.2022 की सॉय 5.00 बजे तक डाली जा सकेंगी, जो दिनांक 31.05.2022 को अपरान्ह 2.00 बजे से खोली जायेंगी ।

अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत गाजियाबाद ।
अध्यक्ष, जिला पंचायत, गाजियाबाद।



**कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गाजियाबाद**

पत्रांक:कृ0उ0म0स0/दु0आ0/2022- 140 दिनांक- 12.5.2022

**आवश्यक-सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गाजियाबाद के नवीन फल-सब्जी मण्डी स्थल साहिबाबाद, में "स" श्रेणी (डबल स्टोरी) 45 नग एवं ब श्रेणी (डबल स्टोरी) 8 नग रिक्त दुकानों की ई-नीलामी हेतु दिनांक 14.05.2022 नियत की गयी थी,परन्तु दुकानों केक सापेक्ष पर्याप्त आवेदक न आने के कारण पुनः दिनांक 28.06.2022 नियत की गयी है। आवंटन सम्बन्धी समस्त नियम व शर्ते आवेदन-पत्र के साथ संलग्न है तथा वेबसाईट पर अपलोड हैं। आवंटन सम्बन्धी कार्यकम निम्न प्रकार है:-

| दिनांक | विषय |
|---|---|
| 18.06.2022 | आवेदन पत्रों www.eauction.gov.in वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि अपरान्ह 5.00 बजे तक। |
| 20.06.2022 | आवेदन-पत्र मूल रूप में मण्डी समिति कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि अपरान्ह 12 बजे तक। |
| 23.06.2022 | दुकान आवंटन में भाग लेने हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉचोपरान्त श्रेणीवार अनन्तिम पात्रता सूची का प्रकाशन। |
| 24.06.2022 | अनन्तिम सूची पर आपत्तियां प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि सांय 5.00 बजे तक । |
| 27.06.2022 | अनन्तिम सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण, श्रेणी वार अन्तिम पात्रता सूची का प्रकाशन एवं श्रेणीवार पात्र पाये जाने वाले आवेदकों का वेवसाइट पर अनुमोदन का कार्य। |
| 28.06.2022 | दुकानों की ई-नीलामी की प्रकिया समय प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक। |

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गाजियाबाद



**कार्यालय जिला पंचायत, गाजियाबाद ।**

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2022-23 की अवशेष अवधि हेतु जिला पंचायत, गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्रातगत विकास खण्ड रजापुर, भोजपुर, मुरादनगर, लौनी में सम्मिलित न्याय पंचायतों में मृत पशु शव निस्तारण के ठेको/लाईसैंस की नीलामी हेतु कार्यालय पत्र सं0 122/मु०म०नीलामी/2022-23 दिनांक 05.05.2022 के द्वारा समाचार पत्र दैनिक अमर उजाला एंव दैनिक राष्ट्रीय सहारा में नीलाम सूचना प्रकाशित कराकर दिनांक 13.05.2022 को निविदा आमंत्रित की गई थी। दिनांक 13.05.2022 को विकास खण्ड रजापुर की न्याय पंचायत डासना देहात के अतिरिक्त जनपद की किसी भी न्याय पंचायत के लिए निविदा प्राप्त नहीं हुई। न्याय पंचायत डासना देहात की निविदा सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकार कर ली गई है। अतः जनपद गजायाबाद में विकास खण्ड रजापुर, (न्याय पंचायत डासना देहात को छोड़कर ) भोजपुर, मुरादनगर, लौनी में सम्मिलित न्याय पंचायतों में मृत पशु शव निस्तारण के ठेकों/लाईसैंस हेतु पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र0सं0 | वि० खण्ड | न्याय पंचायत | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | रजापुर | नाहल, जलालाबाद, शाहपुर निज मोरटा, नंगला फिरोजमोहनपुर | निविदादाता को निविदा के साथ प्रत्येक न्याय पंचायत हेतु अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, गाजियाबाद के पदनाम पर देय रू0 10000.00 का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा। |
| 2 | भोजपुर | अतरौली, भोजपुर, भदौला, बेगमाबाद बुदाना, कादराबाद, तलैहटा | |
| 3 | मुरादनगर | रावली कला, नंगला आक्खू, सरना, मौलपुर धेधा, डिडोली, सुल्तानपुर, सौंदा, खिंदोड़ा | |
| 4 | लौनी | लौनी देहात, मण्डोला. चिरोडी, औरंगाबाद रिस्तल, असालतपुर, फर्रुखनगर | |

निविदा आमंत्रण कार्यक्रम

| निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि | कार्यालय में निविदा जमा करने की तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि तक |
|---|---|---|
| दि015 05.1022,सॉय 5.00 बजे | दि0 26.05.2022 अपरान्ह 2.00 बजे तक | दि0 26.05.2022 अपरान्ह 3.30 बजे से |

जिन न्याय पंचायतों की निविदा उपरोक्त दिनांक कों प्राप्त नहीं होगी अथवा प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं होगी, उनकी निविदा प्रत्येक मंगलवार को प्रापत की जाती रहेंगी । समस्त शर्ते पूर्ववत रहेंगी। इसके लिए प्रथक से कोई निविदा सूचना प्रकाशित नहीं कराई जायेगी।

1- निविदादाता को अपनी निविदा के साथ यथा स्थितिनुसार ग्राम प्रधान/लेखपाल/तहसीलदार द्वारा प्रदत्त मृत पशु शव निस्तारण के कार्य को संबंधित क्षेत्र में पैत्रक रूप से करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
2- जिला पंचायत,गा०बाद के किसी भी मद के बकायेदार को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।
3- किसी निविदादाता द्वारा यदि कोई वाद जिला पंचायत के विरूद्ध किसी न्यायालय में योजित या विचाराधीन हो, तो उसको वापस लेने के उपरान्त ही वह व्यक्ति निविदा प्रकिया में भाग लेने का अधिकारी होगा।
4- निविदा प्रक्रिया के दौरान किसी निविदादाता एंव जिला पंचायत के मध्य कोई विवाद बनता है तो उसमें अध्यक्ष. जिला पंचायत, गाजियाबाद का निर्णय अन्तिम होगा तथा उभय पक्षों को मान्य होगा।
अन्य शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला पंचायत,कविनगर जी ब्लाक गा०बाद में देखी जा सकती हैं।

(अशरफ अली) अपर मुख्य अधिकारी
(ममता बसन्त त्यागी) अध्यक्ष

# कान में भारतीय सिनेमा का समृद्ध अतीत और संभावनाओं से भरा भविष्य दिखेगा

## सत्यजीत रे की फिल्म प्रतिद्वंद्वी के पुनर्स्थापित संस्करण सहित चार फिल्में आधिकारिक तौर पर चुनी गईं



अमर उजाला के लिए कान से **नम्रता जोशी**

**कान।** कान फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक सम्मानित देश के तौर पर शामिल होने वाला भारत पहला देश है। असल में यह व्यापारिक पहल, मर्शे दू फिल्म (कान फिल्म मार्केट) के तहत हो रहा है। कान फिल्म फेस्टिवल के हीरक (75वां) संस्करण में स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे भारत का आधिकारिक सम्मानित देश के तौर पर शामिल होना, भारत और फ्रांस के प्रगाढ़ होते रिश्तों का भी संकेत है। भारत के लिए कई वजहों से यह आयोजन खास है। फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का समृद्ध अतीत और संभावनाओं से भरा भविष्य एक साथ दिखेगा। फेस्टिवल में प्रदर्शन के लिए चार भारतीय फिल्में चुनी गई हैं।

क्लासिक फिल्मों की श्रेणी में सत्यजीत रे की 1970 की फिल्म प्रतिद्वंद्वी का पुनर्स्थापित संस्करण प्रदर्शित किया जाएगा। इसे नेशनल फिल्म आर्काइव ऑफ इंडिया (एनएफडीसी) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय की तरफ से शुरू किए गए राष्ट्रीय फिल्म विरासत अभियान के तहत पुनर्स्थापित किया गया है। इसके संबंध में कान फिल्म फेस्टिवल की तरफ से बताया गया कि फिल्म के मूल 35 मिमी कैमरा नेगेटिव को एआरआरआई स्कैन-एक्सटी पर 4के रेजोल्युशन में तैयार किया गया है, इसके अलावा निर्माता पूर्णिमा दत्ता ने मूल 35 मिमी साउंड नेगेटिव भी मुहैया कराए हैं।

हालांकि, नेगेटिव के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसकी वजह से उन हिस्सों को मूल की बजाय बाजार में रिलीज की गई फिल्म के 35 मिमी नेगेटिव से स्कैन किया गया। इसका पुनर्स्थापन प्राइम फोकस टेक्नोलॉजी की तरफ से किया गया और निगरानी सुदीप चटर्जी ने की थी।



कान फेस्टिवल में पहुंचे मंत्री अनुराग ठाकुर, शेखर कपूर, नवाजुद्दीन सिद्दीकी व प्रसून जोशी।

**सिनेमा के छात्रों को समर्पित ला सिनेफोंदेस्यां श्रेणी में 13 लाइव एक्शन और तीन एनिमेटेड फिल्में शामिल की गई हैं। विजेताओं की घोषणा 26 मई को होगी।**



प्रथम खुराना

- दो पुरानी फिल्मों के अलावा फिल्म फेस्टिवल में व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल फिल्म इंस्टीट्यूट के 23 वर्षीय छात्र प्रथम खुराना की 26 मिनट की फिल्म नउहा भी प्रदर्शित की जाएगी। अंतिम वर्ष की थीसिस के तौर पर तैयार की गई इस फिल्म के साथ खुराना को फेस्टिवल के ला सिनेफोंदेस्यां श्रेणी में शामिल किया गया है।
- 2020 में एफटीआईआई पुणे की अश्मिता गुहा नियोगी ने अपनी फिल्म कैटडॉग के लिए इस श्रेणी में पहला पुरस्कार जीता था।



कान पहुंचीं दीपिका पादुकोण

### अरविंदन की फिल्म थम्प भी दिखाई जाएगी

*क्लासिक श्रेणी में ही जी अरविंदन की फिल्म थम्प (द सर्कस टेंट) का पुनर्स्थापित प्रिंट प्रदर्शित किया जाएगा। फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, द फिल्म फाउंडेशन वर्ल्ड सिनेमा प्रोजेक्ट और सिनेटेका डि बोलोग्ना ने प्रसाद कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के चेन्नई स्थित पोस्ट स्टूडियो और एल इमेजिन रिट्रोवाटा लेबोरेटरी में इसका पुनर्स्थापन किया।*

### स्पेशल स्क्रीनिंग : शौनक सेन की डॉक्यूमेंट्री ऑल दैट ब्रीथ्स



एक और युवा भारतीय शौनक सेन को कान का मंच मिलेगा। उनकी शानदार डॉक्यूमेंट्री ऑल दैट ब्रीथ्स को स्पेशल स्क्रीनिंग श्रेणी में प्रदर्शित किया जाएगा। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर इस साल जनवरी में सनडांस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था, जहां इसने वर्ल्ड सिनेमा डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में ग्रैंड जूरी पुरस्कार से नवाजा गया।

### मोदी बोले-भारत में तलाशने के लिए बहुत सी कहानियां

पीएम ने संदेश के जरिये अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं को भारत आमंत्रित किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं को आमंत्रित करते हुए कहा भारत में बहुत सी कहानियां हैं जिन्हें तलाश कर उन पर फिल्में बनाई जा सकती हैं। फ्रांस में मंगलवार से शुरू हुए कान फिल्म महोत्सव में भारत को 'कंट्री ऑफ ऑनर' के तौर पर आमंत्रित किए जाने पर पीएम ने प्रसन्नता जाहिर की।

**राजनीतिक रिश्तों के 75 साल पूरे होना अपार खुशी और गर्व का विषय...**

पीएम मोदी ने एक संदेश में कहा, भारत अपनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। कान फिल्म महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ के साथ भारत-फ्रांस के राजनीतिक रिश्तों के 75 साल पूरे होना अपार खुशी और गर्व का विषय है। उन्होंने कहा, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मजबूती के कारण दुनियाभर में भारत सबसे बड़ा फिल्म निर्माता देश है। भारत में विश्व का कंटेंट हब बनने की असीम क्षमता है।

**जूरी भी तैयार**



75वें कान फिल्म समारोह के जूरी अध्यक्ष और जूरी सदस्य रेबेका हॉल, नूमी रैपेस और जैस्मीन ट्रिंका पोज देते हुए।

जम्मू-कश्मीर परिसीमन के खिलाफ पाकिस्तानी प्रस्ताव अस्वीकार्य

# भारत की दो टूक-हमारी चिंता छोड़ो, अपना घर संभालो

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में परिसीमन प्रक्रिया के खिलाफ पाकिस्तान नेशनल असेंबली द्वारा पारित प्रस्ताव पर भारत ने मंगलवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने प्रस्ताव को हास्यास्पद और अस्वीकार्य बताते हुए पाकिस्तान को दूसरे देश के आंतरिक मामले में हस्तक्षेप के बदले अपने घर को व्यवस्थित करने की नसीहत दी है। साथ ही पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) से अपना अवैध और जबरन कब्जा खत्म करने के लिए कहा है।

बागची ने कहा, पीओके सहित समस्त जम्मू-कश्मीर और समूचा लद्दाख क्षेत्र भारत का अभिन्न अंग रहा है और आगे भी रहेगा। पाकिस्तान को भारत के आंतरिक मामलों में निर्णय लेने या हस्तक्षेप का कोई अधिकार नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि आधारहीन दुष्प्रचार के बदले पाकिस्तान को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख क्षेत्र में किए गए अवैध और जबरन कब्जे को खत्म करना चाहिए।

### भारत विरोधी प्रचार बंद करें

बागची ने भारत के आंतरिक मामलों में उलझने के बदले अपना घर व्यवस्थित करने की नसीहत दी। कहा, भारत विरोधी आधारहीन प्रचार करने के बदले पाक को सीमा पार आतंकवाद पर नकेल लगानी चाहिए। आतंकवाद के बुनियादी ढांचे को बंद करने के साथ पीओके में लगातार हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाओं पर रोक लगानी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में नए सिरे से चुनाव कराने के लिए विधानसभा सीटों का परिसीमन किया जा रहा है।

# मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर किसानों का पक्का मोर्चा



चंडीगढ़ जाने वाले रास्ते पर किसानों को रोकती पुलिस।

**चंडीगढ़/मोहाली।** कई मांगों पर अड़े संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले पंजाब के किसानों ने मोहाली-चंडीगढ़ सीमा पर मंगलवार को पक्का मोर्चा लगा दिया। दिल्ली के सिंघु बार्डर की तरह ही किसान मोहाली के वाईपीएस चौक पर ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रसद और लंगर का सारा सामान लेकर पहुंचे हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि बुधवार सुबह तक उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो बुधवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच करेंगे। फिर चाहे लाठी खानी पड़े या बैरिकेड तोड़ना पड़े। इस बीच, मंगलवार दोपहर को किसान नेताओं की मुख्यमंत्री के साथ बैठक नहीं हो सकी और मुख्यमंत्री भगवंत मान भी दोपहर बाद दिल्ली के लिए रवाना हो गए, जहां उन्होंने आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। ब्यूरो

# आईसीयू में भर्ती लकवाग्रस्त महिला की पलकें चूहों ने कुतरी

**कोटा (राजस्थान)।** राजस्थान के कोटा जिले में एक सरकारी अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। स्थानीय एमबीएस अस्पताल के अत्यधिक सुरक्षित समझे जाने वाले आईसीयू वार्ड में एक लकवाग्रस्त महिला की चूहों ने पलकें कुतर डालीं। मरीज के पति ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। कोटा रेलवे कॉलोनी निवासी देवेंद्र सिंह भाटी ने कहा कि उनकी पत्नी का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने माना है कि उनकी पलकें चूहों ने कुतरी है। अस्पताल प्रशासन ने फिलहाल मामले की जांच के लिए तीन डॉक्टरों का एक पैनल बनाया है।

**कोटा के सरकारी अस्पताल की बड़ी लापरवाही**

**भाजपा ने पूछा, क्या राहुल इस पर ज्ञान देंगे** : पलकें कुतरने का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद जयहिंद ने मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। कोटा के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल की इस घटना पर शहजाद ने पूछा, 'क्या राहुल गांधी इस पर ज्ञान देंगे?' कोटा के महाराव भीम सिंह अस्पताल में सामने आई इस घटना से एक रोज पहले राहुल गांधी ने कहा था, 'राजस्थान का स्वास्थ्य मॉडल देश में सर्वश्रेष्ठ है। एजेंसी

# कांग्रेस हर लोकसभा-विधानसभा क्षेत्र में तैनात करेगी स्थायी नेता

**राजनीतिक व धार्मिक, जातीय समीकरणों की केंद्रीय नेतृत्व को देगा जानकारी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पूरे देश में हर लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र की नब्ज टटोलने के लिए एक पूर्णकालिक नेता की स्थायी तैनाती करेगी। यह नेता संबंधित क्षेत्र के सामाजिक, राजनीतिक ताने-बाने के साथ धार्मिक, जातीय समीकरणों और स्थानीय मुद्दों की जानकारी केंद्रीय नेतृत्व को देगा। हालांकि इनकी टिकट तय करने में कोई भूमिका नहीं होगी। इन पदों पर करीब साढ़े छह हजार लोगों की तैनाती होगी।

पार्टी इन पूर्णकालिक पदाधिकारियों की मदद से संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देगी। राज्यों के प्रभारी महासचिवों और सचिवों के कामकाज की लगातार समीक्षा होगी। पूरे देश में संगठन के सभी खाली पद तीन से छह महीने में भरे जाएंगे। उदयपुर शिविर के फैसले जमीन पर उतारने के लिए महासचिवों और प्रभारियों की बैठकें शुरू हो गई हैं। मंगलवार की बैठक के बाद महासचिव अजय माकन ने कहा, शिविर के छोटे से छोटे फैसले को भी लागू किया जाएगा। 'भारत जोड़ो' नारे को अपनाया गया है। किसी भी पद पर अब पांच साल से ज्यादा कोई नहीं रह सकेगा। एआईसीसी का सेशन साल में एक बार जरूर होगा। ब्यूरो

### रिटायरमेंट उम्र पर नहीं हो सका फैसला

कांग्रेस ने संगठन के 50 फीसदी पद युवाओं को सौंपने का फैसला तो कर लिया, लेकिन वरिष्ठ नेताओं के घर बैठने यानी रिटायरमेंट उम्र पर कोई फैसला नहीं ले सकी। 50 साल तक के लोगों को 50 फीसदी पद देने के बाद बुजुर्ग नेताओं की आयु सीमा तय हो जाती तो जल्द ही कई बड़े नेता नेपथ्य में चले जाते। अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी 76 तो राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 79 वर्ष के हैं।

# सही नहीं ज्ञानवापी पर वाराणसी कोर्ट का आदेश : मसाजिद कमेटी

## सुप्रीम कोर्ट में कहा-अयोध्या मामले में शीर्ष अदालत के आदेश का भी उल्लंघन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को ज्ञानवापी मस्जिद विवाद मामले में याचिकाकर्ता अंजुमन इंतजामिया मसाजिद ने यह कहते हुए वाराणसी सिविल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक की मांग की कि सिविल जज के आदेश कानून की नजर में सही नहीं हैं। याचिकाकर्ता के वकील हुजेफा अहमदी ने कहा कि तमाम आदेश अयोध्या मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश की मूल भावना के खिलाफ हैं। अयोध्या मामले में शीर्ष अदालत ने उपासना स्थल (विशेष उपबंध) अधिनियम, 1991 की धारा-3 और 4 की व्याख्या की थी, जो सभी धार्मिक स्थलों के चरित्र को उसी रूप में बनाए रखने से संबंधित है जैसा चरित्र 15 अगस्त, 1947 को था।

वकील ने कहा, निचली अदालत द्वारा पारित सभी आदेश अधिकार क्षेत्र के बिना थे। उन्होंने कहा कि वाद एक धार्मिक स्थल का चरित्र बदलने के बारे में है जो एक मस्जिद है। अहमदी ने कहा, शीर्ष अदालत 17 मई को इस मसले पर विचार करने वाली है, यह जानकारी होने के बावजूद आयोग ने सर्वे को अंजाम दिया और निचली अदालत ने परिसर को सील करने का आदेश दिया। पीठ ने निचली अदालत के 16 मई के आदेश को संशोधित करते हुए मस्जिद में नमाज पढ़ने की इजाजत दे दी। ब्यूरो



वाराणसी में मंगलवार को कचहरी परिसर में तैनात पुलिसकर्मी। -संवाद

### शिवलिंग के दर्शन-पूजन, वजूखाने से शौचालय व मछलियों को हटाने की मांग पर सुनवाई आज

ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग की जगह पर दर्शन-पूजन व वजूखाने से शौचालय, मछलियों को हटाने की मांग पर सीविल जज की अदालत में बुधवार को सुनवाई होगी। वादी पक्ष की रेखा पाठक, मंजू व्यास, सीता साहू की ओर से अदालत में आवेदन दिया गया कि दर्शन-पूजन के साथ ही वजू स्थल पर मिले शिवलिंग के नीचे और नंदी महाराज के सामने तहखाने की उत्तरी और पूरब की दीवारों को तोड़कर सर्वे करवाया जाए। परिसर में कई जगह मलबा हटवाकर भी सर्वे की मांग की गई है। अदालत ने प्रतिवादियों से बुधवार को आपत्ति मांगी है। प्रशासन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल (डीजीसी) महेंद्र प्रसाद पांडेय ने आवेदन दिया कि वजूखाने की पाइप लाइन बाहर शिफ्ट करने के साथ ही शौचालय को हटाया जाए।

जितना नुकसान पाकिस्तान बनने पर तब हिंदुस्तान का नहीं हुआ उससे ज्यादा नुकसान अब देश को हो रहा है। नफरत की राजनीति करके देश को बांटने की कोशिश की जा रही है। अब किसी भी मस्जिद में अगर जबरदस्ती की गई तो इसका खामियाजा सरकार को भुगतना होगा। - **मौलाना तौकीर रजा खान,** आईएमसी मुखिया

दिल्ली में जिस जगह जामा मस्जिद बनाई गई है वह भी मंदिर था। यमुना नदी के किनारे विष्णु भगवान का मंदिर था। मैं इस बात को वर्ष 2009 से कह रहे हैं जब मैं मथुरा के विधायक थे। ज्ञानवापी मंदिर की असलियत सामने आ चुकी है। - **साक्षी महाराज,** भाजपा सांसद

## अदालत में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों में जोरदार बहस

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग मिलने और उसके सील की कार्यवाही के अगले दिन मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने जोरदार बहस की। सुबह ही वादी पक्ष और प्रतिवादी पक्ष के आवेदनों के बाद न्यायालय की कार्यवाही ठीक दोपहर दो बजे शुरू हुई।

इसमें सबसे पहले वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा, जहां शिवलिंग मिला है, वहां भीषण बदबू है और वजू किया गंदा जल जा रहा है। उसके नीचे का हिस्सा दीवारों में चुना गया है। इस स्थल पर बांस-बल्ली व मलबा-पत्थर है। उसे हटाकर तहखाने की दीवार तोड़कर उस स्थान की भी कमीशन कार्यवाही कराने पर बल दिया। उनका तर्क था कि इससे हकीकत का पता चल जाएगा कि शिवलिंग की गहराई कितनी है। यह स्थान नंदी जी के मुख के ठीक सामने है और वही गर्भगृह बताया गया। प्रतिवादी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की ओर से सर्वे रिपोर्ट आने के पहले ही मौके पर शिवलिंग पाए जाने की बात पर बिना आपत्ति मांगे उसे सील किये जाने पर आश्चर्य जताया। प्रतिवादी पक्ष ने कहा कि पहले रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत हो और वस्तुस्थिति से सभी अवगत हों। इसके बाद हम अपना पक्ष मजबूती से रखेंगे। इसके साथ ही प्रतिवादी पक्ष ने मीडिया में बयानबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो न पक्षकारों का वकील है, न सर्वे टीम का सदस्य है। वह भी इस मामले में अनापशनाप बयान दे रहा है।

उधर, प्रदेश सरकार, जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता ने मानवीय दृष्टिकोण का हवाला देते हुए बरामद मछलियों को सुरक्षित व संरक्षित करने की मांग की। ब्यूरो

**कोर्ट रुम लाइव**

| वादी पक्ष की मांग, तहखाने की दीवार तोड़कर हो कमीशन की कार्यवाही | प्रतिवादी पक्ष ने बिना आपत्ति सील की कार्यवाही पर जताया आश्चर्य |
|---|---|

### अधिवक्ता आयुक्त ने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से नहीं किया

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिवीजन रविकुमार दिवाकर की अदालत ने अधिवक्ता आयुक्त अजय कुमार मिश्र को हटाते हुए आदेश में कहा कि अधिवक्ता आयुक्त जब कमीशन की कार्यवाही करने जाता है, तब वह लोक सेवक होता है। ऐसे में निष्पक्ष होकर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। जबकि अधिवक्ता आयुक्त अजय कुमार मिश्र ने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से नहीं किया। अदालत ने कहा कि अधिवक्ता आयुक्त की टीम के सदस्य मीडिया में बयानबाजी कर रहे हैं। विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह की ओर से लगाए गए आरोपों को देखते हुए इन पर लगे आरोप गंभीर हैं। ऐसे में उन्हें कार्यमुक्त करते हुए विशेष अधिवक्ता आयुक्त के नेतृत्व में सहायक अधिवक्ता आयुक्त अजय प्रताप सिंह उनका सहयोग करेंगे और स्वतंत्र रूप से कोई कार्य नहीं करेंगे। इसी के साथ न्यायालय ने विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह की ओर से कमीशन की रिपोर्ट के लिए दो दिन के समय की मांग के लिए दाखिल आवेदन पर शुक्रवार तक का समय दिया है। इसमें 12 मई के बाद तीन दिन तक चले कमीशन की कार्यवाही में विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। इससे पहले अधिवक्ता आयुक्त ने भी समय मांगने के दौरान तर्क दिया था कि ज्ञानवापी परिसर की वीडियोग्राफी फोटोग्राफी नक्शा नजरी के साथ वादी प्रतिवादी की संतुष्टि के साथ निष्पक्ष रिपोर्ट के लिए समय की आवश्यकता है। ब्यूरो

### नमाज अदा करने में नहीं आएगी दिक्कत : डीएम

ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान शिवलिंग मिलने वाले क्षेत्र को संरक्षित करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश पर जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने बताया कि आदेश का पूर्ण अनुपालन कराया जाएगा। नमाजियों को नमाज अदा करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने बताया कि 16 मई को सिविल जज सीनियर डिवीजन के आदेशानुसार नामित अधिकारियों की ओर से पानी के कृत्रिम तालाब के सभी ओर के नौ दरवाजे बंद करके सील कर दिए गए थे। इनकी चाबी भी सील करके जिला कोषागार में जमा करा दी गई थी।

### विधान परिषद में 113 साल बाद 'शून्य' होगी कांग्रेस

**यूपी में विधान परिषद की स्थापना 5 जनवरी 1887 में हुई**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संसदीय इतिहास में 6 जुलाई को कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर में प्रवेश करेगी। 113 साल में पहली बार ऐसा होगा जब विधान परिषद में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व ही नहीं होगा। उसके एकमात्र सदस्य दीपक सिंह का उस दिन कार्यकाल समाप्त होगा। इस तरह से कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे मोतीलाल नेहरू से प्रारंभ हुआ यह सिलसिला उनकी पांचवीं पीढ़ी के समय में खत्म हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की स्थापना 5 जनवरी 1887 को हुई थी। तब इसके 9 सदस्य हुआ करते थे। 1909 में बनाए गए प्रावधानों के तहत सदस्य संख्या बढ़ाकर 46 कर दी गई, जिनमें गैर सरकारी सदस्यों की संख्या 26 रखी गई। इन सदस्यों में से 20 निर्वाचित व 6 मनोनीत होते थे। मोती लाल नेहरू ने 7 फरवरी 1909 को विधान परिषद की सदस्यता ली। उन्हें विधान परिषद में कांग्रेस का पहला सदस्य माना जाता है। हालांकि, 1920 में कांग्रेस की सरकार के साथ असहयोग की नीति के तहत सदस्यता त्याग दी थी। तब यूपी को संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था। ब्यूरो

### आईएएस अशोक खेमका की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की रोक

**चंडीगढ़।** हरियाणा के चर्चित आईएएस अधिकारी अशोक खेमका पर पंचकूला में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही खेमका की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। खेमका के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों में पंचकूला के सेक्टर पांच थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। ब्यूरो



### पुलिस हिरासत में संघ कार्यकर्ता की मौत, चार पुलिसकर्मी निलंबित

**हाथरस।** थाना चंदपा क्षेत्र के गांव बिसाना निवासी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता की मंगलवार की सुबह पुलिस हिरासत में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने थाने पहुंचकर हंगामा किया। कई थानों की फोर्स के साथ एसपी व डीएम कई घंटे तक थाने पर जमे रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज ने भी थाना चंदपा और मृतक के घर पहुंचकर जानकारी ली। इस मामले में कोतवाली निरीक्षक चंदपा सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी व कुछ अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का केस भी दर्ज कराया गया है। संवाद

# लॉ की छात्राओं समेत 11 ने कोर्ट से मांगी ईदगाह की जमीन

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान-ईदगाह प्रकरण में देश के कई हिस्सों के विवि की सात लॉ की छात्राओं सहित दिल्ली-लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं ने जिला जज की अदालत में श्री कृष्ण जन्मस्थान की 13.37 एकड़ जमीन पर दावा किया है। इस जमीन से ईदगाह को हटाने की मांग भी अदालत से की है। सभी ने मंगलवार को इस दावे को जिला जज की अदालत में पेश किया। इसकी सुनवाई एडीजे ने की। अब इस पर 25 मई को सुनवाई होगी। उधर, श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह ने अदालत से ईदगाह को सील करने की मांग की है। इसकी सुनवाई 1 जुलाई को होगी।

ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे के चर्चा में आने के बाद मथुरा में श्री कृष्ण जन्मस्थान ईदगाह प्रकरण पर एक नया दावा प्रकाश में आया है। यह दावा विधि छात्रा उपासना सिंह, अनुष्का सिंह, नीलम सिंह लखनऊ विवि, साधना सिंह, अंकिता सिंह डॉ. शंकुतला मिश्रा यूनिवर्सिटी लखनऊ, दिव्या निरंजन आईसीएफएआई देहरादून के अलावा अंकित तिवारी एडवोकेट, वरुण कुमार मिश्रा, शैलेंद्र सिंह लखनऊ हाईकोर्ट, रंजन कुमार रॉय दिल्ली हाईकोर्ट ने किया। सभी ने मिलकर सीपीसी के सेक्शन 92 को आधार मानते हुए दावा पेश किया है। जिला जज राजीव भारती कीअदालत से यह मुकदमा सुनवाई के लिए एडीजे-8 की अदालत में पहुंचा। संवाद

**श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष ने की ईदगाह सील करने की मांग**



### गजनवी, सिकंदर और औरंगजेब ने नष्ट कराया था श्रीकृष्ण जन्मस्थान

**मथुरा (एसएस अवस्थी/ रामकुमार रौतेला)।** भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर बना मंदिर इतिहास के अनेक पहलुओं को खुद में समेटे हुए है। यह मंदिर मुगल शासनकाल में औरंगजेब ने ही नहीं इससे पूर्व महमूद गजनवी और सिकंदर लोदी ने भी तोड़ा था। यहां मौजूद बेशकीमती खजाने को लूटा गया। इस मंदिर को तीन बार तोड़ा और चार बार बनाया गया। इसके तोड़ने और बनाने का उल्लेख वर्तमान में मंदिर परिसर में लगे बोर्ड पर भी दर्ज है।

अयोध्या और काशी के साथ मंदिरों के बगल में बनी मस्जिदों के कारण मथुरा भी चर्चित है। यहां श्रीकृष्ण जन्मस्थान व ईदगाह की एक ही दीवार है। कहा जाता है कि करीब 5300 साल पहले मल्लपुरा क्षेत्र के कटरा केशव देव में कंस का कारागार हुआ करता था। इसी कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इसी स्थल को भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि माना गया है। इतिहसकारों के अनुसार इन मंदिरों को विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं ने लूटा व तोड़ा है। इतिहास के जानकार डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण के प्रपौत्र बज्रनाभ ने अपने कुलदेवता की स्मृति में यहां मंदिर निर्माण कराया था। इसके प्रमाण यहां से मिले शिलालेखों पर मिले हैं। शोडास के राज्य में वसु नामक व्यक्ति ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर मंदिर, उसके तोरण-द्वार और वेदिका का निर्माण कराया था। सम्राट विक्रमादित्य के शासन काल में 400 ईसवी में भी यहां मंदिर निर्माण कराया गया। उस समय मथुरा की ख्याति संस्कृति और कला के बड़े केंद्र के रूप में थी। खुदाई में मिले संस्कृत के शिलालेख के मुताबिक 1150 ईस्वीं में राजा विजयपाल देव के शासनकाल में श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर एक नये मंदिर का निर्माण हुआ था। इस मंदिर को सिकंदर लोदी के शासन काल में नष्ट कर दिया गया। डॉ. शर्मा ने बताया कि इसके बाद जहांगीर के शासनकाल के दौरान ओरछा के राजा वीर सिंह देव बुंदेला ने इसी स्थान पर मंदिर बनवाया। इस मंदिर को औरंगजेब ने सन 1669 में तुड़वा दिया। इसके एक भाग पर ईदगाह का निर्माण करा दिया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के विशेष कार्याधिकारी विजय बहादुर ने बताया उपरोक्त इतिहास से जुड़ा बोर्ड श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर में लगा हुआ है। इसका अवलोकन यहां आने वाले श्रद्धालु करते हैं।

# मोटापा घटाने की सर्जरी के बाद 21 साल की अभिनेत्री की मौत

## पिता का आरोप, डॉक्टरों की लापरवाही से हुई मौत, दर्ज करवाया केस

अमर उजाला रिसर्च डेस्क

**बंगलूरू।** एक हैरान कर देने वाले कॉस्मेटिक चिकित्सा हादसे में 21 वर्ष की जानी-मानी कन्नड़ अभिनेत्री चेतना राज अपनी जान गंवा बैठीं। उन्होंने अपनी कमर से चर्बी कम कराने के लिए बंगलूरू के शेट्टी कॉस्मेटिक अस्पताल में फैट-फ्री सर्जरी करवाई थी। चेतना के माता-पिता का दावा है कि अस्पताल ने बिना अभिभावकों की मंजूरी लिए और जरूरी उपकरण न होते हुए भी सर्जरी की, चिकित्सकों की लापरवाही से उनकी बेटी नहीं रही।

कन्नड़ फिल्म 'हवायामी', और लोकप्रिय टीवी सीरियलों 'गीता', 'दोरेसानी', 'ओलाविना निलदाना', में काम कर चुकीं चेतना के पिता गोविंद राज ने बताया कि बेटी ने इस सर्जरी की इच्छा जताई थी, लेकिन उन्होंने मना किया था। बेटी के शव के पास रो रहीं चेतना की मां मुनि लक्ष्मी के अनुसार इनकार के बावजूद वह सोमवार सुबह अपनी दोस्त के साथ अस्पताल गई। माता-पिता के अनुसार उन्हें पता चलता, तब तक लाइपोसक्शन सर्जरी शुरू कर दी गई। वहीं शाम को उसके फेफड़ों में पानी या तरल चर्बी जमा होने से वह सांस नहीं ले पा रही थी। उसे आईसीयू की जरूरत थी, जो कॉस्मेटिक अस्पताल में नहीं था। उसे दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।



### किसी ने कहा मोटी दिख रही हो, तो सर्जरी करवा ली

अभिनेत्री के पिता ने कहा कि बेटी पूरी तरह स्वस्थ थी। किसी ने उसे कहा कि वह मोटी दिख रही है और कमर पर जमी चर्बी कम करने का सुझाव दिया।

- इसलिए वह सर्जरी के लिए शेट्टी सेंटर चली गई। उन्होंने सेंटर पर कार्रवाई के लिए केस दर्ज करवाया।

फैट-फ्री सर्जरी

### युवा इससे बचें

लाइपोसक्शन सर्जरी में शरीर के पेट, कमर, बांह, जांघ, गर्दन आदि हिस्सों में जमा चर्बी को निकाला जाता है। त्वचा के भीतर छड़नुमा ट्यूब डालते हैं जो वैक्यूम के जरिए चर्बी को बाहर खींच लेती है। बंगलूरू में ही डॉ. शंकर गुहा ने कहा-सर्जरी वजन कम करने का सबसे कारगर तरीका नहीं है। युवाओं को इससे बचना चाहिए।

### जिस अस्पताल में ले गए उसने कहा, मृत ही लाए थे

शेट्टी कॉस्मेटिक सेंटर से चेतना को काडे अस्पताल लाया गया था। काडे अस्पताल ने पुलिस में केस दर्ज करवाया कि चेतना को मरने के बाद यहां लाया गया और उसे जिंदा करने के लिए सेंटर के डॉक्टरों ने उसके डॉक्टरों को धमकाया।

- शव को जबरन आईसीयू में रखवा कर इलाज करवाया और 45 मिनट तक सीपीआर देने पर मजबूर किया। काडे अस्पताल ने इस बुरे आचरण के लिए सेंटर के डॉक्टरों पर कार्रवाई की सिफारिश की है।

# जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह करें सफाया, पाक से घुसपैठ रोकें : शाह

## गृहमंत्री ने की जम्मू-कश्मीर के हालात और अमरनाथ यात्रा की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में अमरनाथ यात्रा की तैयारियों और संघ शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा की समीक्षा की। गृहमंत्री ने ताबड़तोड़ तीन बैठकें कीं।

शाह ने सुरक्षा बलों को जम्मू-कश्मीर में आतंक रोधी सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध और शांत जम्मू-कश्मीर के सपने को भी पूरा करने को कहा। सुरक्षा बलों से केंद्र शासित प्रदेश से आतंकवाद को उखाड़ फेंकने के लिए सीमा पार से घुसपैठ पर जीरो टॉलरेंस सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों के साथ अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा और आवश्यक सुविधाओं पर भी चर्चा की। ब्यूरो



### कोविड के बाद पहली यात्रा

शाह ने कहा, मोदी सरकार की यह प्राथमिकता है कि अमरनाथ यात्रियों को दर्शन में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। कहा कि कोविड महामारी के बाद यह पहली यात्रा है। शाह ने पर्याप्त संख्या में ऑक्सीजन सिलिंडर सुनिश्चित करने के साथ ही एंबुलेंस तथा हेलिकाप्टर तैनात करने को भी कहा।

### अमरनाथ यात्रियों का पांच लाख का बीमा

जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव ने बताया कि पहली बार हर अमरनाथ यात्री को एक रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान पत्र दिया जाएगा और पांच लाख रुपये का बीमा करवाया जाएगा। यात्रा के लिए टेंट सिटी, यात्रा मार्ग पर वाईफाई हॉटस्पॉट और समुचित प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। बाबा बर्फानी के ऑनलाइन लाइव दर्शन, पवित्र अमरनाथ गुफा में सुबह और शाम की आरती का सीधा प्रसारण और बेस कैंप में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### देश में 28 दिन बाद कोरोना के नए मरीज 2,000 से कम



**नई दिल्ली।** देश में 28 दिन बाद कोरोना के दो हजार से कम मामले दर्ज हुए हैं। पिछले एक दिन में देश भर से 1,579 नये मामले सामने आए, जिससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,31,25,370 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में संक्रमण से 19 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 5,24,260 हो गई है। वहीं, देश में कोविड-19 के सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 16,400 रह गई है, जो कुल मामलों का 0.04 प्रतिशत है। ब्यूरो

### जल्द घटेगी ड्रोन पायलट प्रशिक्षण कोर्सों की फीस : सिंधिया



**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को बताया कि देश में ड्रोन पायलट प्रशिक्षण की फीस आने वाले 3-4 माह में कम हो जाएगी। एक वर्चुअल बैठक के दौरान उन्होंने सवाल के जवाब में बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय 23 प्रशिक्षण स्कूलों को प्रमाणन कर चुका है। स्कूलों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ेगी, प्रशिक्षण कोर्सों की कीमत कम होती जाएगी। ब्यूरो

### दरगाह के पास हनुमान मूर्ति रखने पर तनाव नीमच में धारा-144 लागू

**नीमच (मध्य प्रदेश)।** दरगाह के पास हनुमानजी की मूर्ति रखने पर दो गुटों में हुए विवाद के बाद उपजे तनाव के कारण शहर थाना क्षेत्र में धारा-144 लागू कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया, सोमवार रात दरगाह के पास मूर्ति रखने पर दो गुटों के बीच विवाद हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को वार्ता के लिए नियंत्रण कक्ष में बुलाया। वहां दोनों पक्षों में पथराव हुआ और वाहनों में तोड़फोड़ की गई। वारदात में किसी नागरिक के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़कर लोगों को खदेड़ा। एजेंसी

### देशभक्ति गीत को पैरोडी बनाने के मामले में ट्विटर को समन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने पीएम नरेंद्र मोदी के जर्मनी दौरे के दौरान बच्चे के गाए देशभक्ति गीत से छेड़छाड़ कर पैरोडी बनाकर पोस्ट करने के मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल नहीं करने पर ट्विटर को समन जारी किया है। एनसीपीसीआर ने गलत वीडियो पोस्ट करने पर कुणाल के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था। आयोग ने ट्विटर के भारतीय निदेशक को पत्र जारी कर बुधवार को कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने को कहा है। एजेंसी

## ऑनलाइन पोल

amarujala.com पर

कांग्रेस कार्यसमिति ने 65 साल तक के नेताओं को रिटायर करने का प्रस्ताव खारिज कर दिया है। क्या पार्टी का यह फैसला सही है?

(1) हां (2) नहीं

### पिछले पोल का रिजल्ट

ओवैसी का आरोप है कि बाबरी मस्जिद की तरह ज्ञानवापी को छीनने की साजिश हो रही है। क्या ऐसे संवेदनशील मसलों पर नेताओं को बयानबाजी से बचना चाहिए?

| | |
|---|---|
| हां | 81.49% |
| नहीं | 18.51% |

# 2जी घोटाले में पूरा दशक गया...दस वर्षों में देश 6जी तक पहुंचेगा : मोदी

## प्रधानमंत्री ने ट्राई के रजत जयंती समारोह में देश को समर्पित किया 5जी टेस्टबेड

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, अगले एक दशक में 6जी सेवा देश में शुरू होने की उम्मीद है। इसके लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के रजत जयंती समारोह में मंगलवार को मोदी ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, 2जी घोटाले में पूरा दशक चला गया और हमारी सरकार अगले दस वर्षों में 4जी से 6जी तक पहुंचेगी। पीएम मोदी ने इस दौरान देश में बना 5जी टेस्टबेड भी देश को समर्पित किया।

मोदी ने कहा, आत्मनिर्भरता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कैसे समाज और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बहुआयामी असर पैदा करती है, हमारा दूरसंचार क्षेत्र इसका बेहतरीन उदाहरण है। हमें इस पर गर्व है। उन्होंने कहा, हम जरा अतीत में देखें तो 2जी का काल यानी निराशा, हताशा, भ्रष्टाचार, नीतिगत पंगुता और घोटालों का कालखंड था। आज उस कालखंड से निकलकर देश 3जी से 4जी तक आया और अब 5जी व 6जी की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहा है। यह परिवर्तन बड़ी सहजता और शीर्ष पारदर्शिता के साथ हो रहा है। ट्राई की इसमें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही। मोदी ने कहा, रेस्ट्रोस्पेक्टिव टैक्स हो या एजीआर जैसे मुद्दे, जब भी इस क्षेत्र में चुनौतियां आई हमने उतनी ही गति से उसका समाधान किया। जहां-जहां जरूरत पड़ी सुधार भी किए। ऐसे ही प्रयासों ने एक नया विश्वास पैदा किया। एजेंसी



### 2014 के बाद दूरसंचार में एफडीआई डेढ़ गुना बढ़ा

मोदी ने कहा, 2014 से पहले एक दशक से ज्यादा समय में जितना एफडीआई टेलिकॉम सेक्टर में आया है, उससे डेढ़ गुना से अधिक सिर्फ इन आठ सालों में आया है। भारत की क्षमता पर निवेशकों के मनोभाव को मजबूत करने की जिम्मेदारी हम सभी पर है। सिलोज वाली सोच से आगे निकलकर अब देश पूरी सरकार के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। आज हम देश में टेली-डेंसिटी और इंटरनेट उपभोक्ताओं के मामले में दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रहे हैं।

■ **अगले 25 साल का रोडमैप तैयार कर रहे :** मोदी ने कहा, आज जब ट्राई ने 25 साल पूरे किए हैं, तब देश आजादी के अमृतकाल में अगले 25 वर्षों के रोडमैप पर काम कर रहा है। नए लक्ष्य तय कर रहा है। आज मुझे स्वदेशी 5जी टेस्टबेड राष्ट्र को समर्पित करने का अवसर मिला। ये दूरसंचार क्षेत्र में महत्वपूर्ण और आधुनिक टेक्नोलॉजी की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम है।

### 5जी से देश की अर्थव्यवस्था में होगा 450 अरब डॉलर का योगदान

पीएम ने कहा, अनुमान है कि अगले डेढ़ दशक में 5जी से भारत की अर्थव्यवस्था में 450 बिलियन डॉलर का योगदान होगा। यानी ये सिर्फ इंटरनेट की गति ही नहीं, बल्कि प्रगति और रोजगार सृजन की गति को भी बढ़ाने वाला है। इसके लिए सरकार और उद्योग, दोनों को सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। मोदी ने कहा, हमारा प्रयास है कि टेलीकॉम सेक्टर और 5जी टेक्नोलॉजी में हमारे स्टार्टअप तेजी से तैयार हों, ग्लोबल चैंपियन बनें।

#### 21वीं सदी में कनेक्टिविटी तय करेगी देश की प्रगति की गति

21वीं सदी के भारत में कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी। इसलिए हर स्तर पर कनेक्टिविटी को आधुनिक बनाना ही होगा। इसकी बुनियाद का काम करेंगे आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, आधुनिक टेक्नोलॉजी का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल। 5जी टेक्नोलॉजी देश के शासन, जीवन और कारोबारी सुगमता समेत अनेक विषयों में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है।

■ **गरीब परिवारों तक मोबाइल को पहुंचाया :** मोबाइल गरीब से गरीब परिवार की भी पहुंच में हो, इसके लिए देश में ही विनिर्माण पर बल दिया। नतीजा रहा कि मोबाइल विनिर्माण इकाइयां दो से बढ़कर 200 से अधिक हो गईं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता है। जहां अपनी जरूरत के लिए फोन आयात करते थे, आज हम मोबाइल फोन निर्यात के नए रिकार्ड बना रहे हैं।

### कॉल डाटा महंगा न हो इसके लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को दिया बढ़ावा

मोदी ने कहा, मोबाइल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जरूरी था कि कॉल और डेटा महंगा ना हो। इसलिए टेलिकॉम बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन दिया। आज हम दुनिया के सबसे सस्ता डाटा प्रदाताओं में से एक हैं।

**2014 से पहले 100 ग्राम पंचायतों में भी नहीं था ऑप्टिकल फाइबर, आज दो लाख में पहुंचा**

मोदी ने कहा, 2014 से पहले सौ ग्राम पंचायतें भी ओएफसी से नहीं जुड़ी थीं। आज करीब पौने दो लाख ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचा चुके हैं।

### ट्राई सिर्फ एक क्षेत्र तक सीमित नहीं

मोदी ने कहा, समूची सरकार का दृष्टिकोण ट्राई जैसे नियामकों के लिए वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों से निपटने में अहम है। आज ट्राई सिर्फ एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है। टेक्नोलॉजी अलग अलग क्षेत्रों को आपस में जोड़ रही है। आज सामूहिक नियामक की जरूरत है।

■ **गुजरात का उदाहरण दिया :** मोदी ने कहा, मैं पिछले दिनों गुजरात में एक कार्यक्रम में गया था। वहां दाहोड जिला जो जनजाति एक क्षेत्र है आदिवासी विस्तार है। वहां का एक दिव्यांग दंपती मिला। वे कॉमन सर्विस सेंटर चलाते हैं। आज वो 28-30 हजार रुपया आदिवासी क्षेत्र के दूर दराज गांव में कॉमन सर्विस सेंटर से कमा रहे हैं।

# आरोप...50 लाख लेकर कार्ति ने 263 चीनी नागरिकों को दिलाया वीजा

## सीबीआई ने चेन्नई, मुंबई, कर्नाटक, ओडिशा, पंजाब में मारे छापे

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कांग्रेस नेता व लोकसभा सांसद कार्ति चिदंबरम के खिलाफ रिश्वत लेकर चीनी नागरिकों को भारत का वीजा दिलाने का नया मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने मामला दर्ज करने के बाद मंगलवार सुबह कार्ति के चेन्नई और दिल्ली निवास समेत देशभर में 10 ठिकानों पर छापे मारे। सीबीआई के मुताबिक पिता पी चिदंबरम के केंद्रीय गृहमंत्री रहते हुए कार्ति ने 50 लाख रुपये की रिश्वत लेकर 263 चीनी नागरिकों को भारत का वीजा दिलाया था।

सीबीआई अधिकारियों ने चेन्नई, मुंबई, कोप्पल (कर्नाटक), झारसुगुदा (ओडिशा), मनसा (पंजाब) और दिल्ली में कांग्रेस नेता के ठिकानों पर छापे मारे। सीबीआई कार्ति चिदंबरम के खिलाफ आईएनएक्स मीडिया मामले की जांच कर रही है। उसके साथ ही यह नया मामला दर्ज किया गया है। सीबीआई के मुताबिक कार्ति ने तलवंडी साबो बिजली परियोजना के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाया था।

**इनके खिलाफ भी मामला दर्ज :** सीबीआई ने कार्ति के अलावा उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन, तलवंडी साबो बिजली परियोजना के प्रतिनिधि विकास मखारिया जिसने रिश्वत की पेशकश की, कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, मुंबई स्थित बेल टूल्स लिमिटेड जिसके जरिये रिश्वत पहुंचाई गई व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन सभी पर आपराधिक साजिश, खातों में हेरफेर और भ्रष्टाचार की धाराओं में केस दर्ज किया है। एजेंसी



सांसद कार्ति चिदंबरम के चेन्नई आवास पर मंगलवार को छापा मारने पहुंची सीबीआई टीम। एजेंसी

### न जाने कितनी बार...अब तो रिकॉर्ड बन गया होगा : कार्ति

सीबीआई छापों के बाद कार्ति चिदंबरम ने ट्वीट किया, न जाने कितनी बार, मैं तो गिनती भी भूल गया। 'रिकॉर्ड' तो बन ही गया होगा! कुछ देर बाद कार्ति ने एक और ट्वीट किया, अभी अभी मेरे दफ्तर से 'रिकॉर्ड' के बारे में जानकारी मिली है। 2015 में दो बार, 2017 में एक, 2018 में दो बार और आज। कुल 6 बार! इसके बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने ट्वीट किया, सीबीआई की टीम ने मेरे चेन्नई और दिल्ली के निवास पर छापा मारा है। टीम ने मुझे एक एफआईआर दिखाई थी जिसमें मुझे आरोपी नहीं बनाया गया है।

### सीबीआई को कुछ हाथ नहीं लगा टाइमिंग दिलचस्प है : पी चिदंबरम

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने ट्वीट किया, सीबीआई टीम को हमारे घर से कुछ हाथ नहीं लगा, न ही ये लोग कुछ जब्त कर सके। लेकिन इन सबके बावजूद सीबीआई के छापों की टाइमिंग दिलचस्प थी। हालांकि कांग्रेस नेता किस टाइमिंग की बात कर रहे हैं, इसका जिक्र ट्वीट में नहीं था।

### सीबीआई कार्रवाई राजनीति की गिरावट दर्शा रही : सुरजेवाला

कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा, चिदंबरम एक राष्ट्रवादी और देशभक्त हैं जिनकी देश के प्रति प्रतिबद्धता निर्विवाद है। सीबीआई ने एक पूर्व गृह मंत्री और वित्त मंत्री के खिलाफ सूत्रों पर आधारित बेतुके आरोप लगाए हैं, जो स्पष्ट रूप से राजनीति की गिरावट को दर्शाता है।

1993 के मुंबई धमाके

# 29 साल से फरार 4 आरोपी गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम धमाके में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो 29 साल से फरार चल रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चारों आरोपियों की पहचान अबु बकर, सैयद कुरैशी, मोहम्मद शोएब कुरैशी और मोहम्मद यूसुफ इस्माइल के रूप में हुई है। सभी मुंबई के हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमित विश्वकर्मा ने बताया कि उन्हें 12 मई को अहमदाबाद के सरदारनगर इलाके से पकड़ा गया। उन्होंने कहा, अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए, जाली दस्तावेज का इस्तेमाल कर पासपोर्ट तैयार किए थे। प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि ये चारों 1993 के मुंबई सिलसिलेवार धमाकों के मामले में वांछित हैं। अधिकारी ने कहा, इन धमाकों के मामले की जांच कर रही सीबीआई के अनुरोध पर इंटरपोल ने उनके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। उन्होंने कहा कि हालांकि ये गुजरात क्यों आए थे, यह पता नहीं चल सका है। गौरतलब है कि 12 मार्च, 1993 के सिलसिलेवार धमाकों में 257 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे। एजेंसी

# सांसद अभिषेक और पत्नी से कोलकाता में ही होगी पूछताछ

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोयला चोरी घोटाले से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी से दिल्ली के बजाय कोलकाता में पूछताछ करने के लिए कहा है। पीठ ने ईडी की आशंका का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार के वकील से कहा, यदि पूछताछ में किसी तरह का हस्तक्षेप, रुकावट या गुंडागर्दी हुई तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को चेताया, रुकावट हुई तो नहीं करेंगे बर्दाश्त**

जस्टिस यूयू ललित, जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी से 24 घंटे के नोटिस पर कोलकाता में पूछताछ की जा सकती है। शीर्ष अदालत ने हालांकि पूछताछ में ईडी अधिकारियों को बाधा पहुंचाने के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की आशंका को भी संज्ञान में लिया। अभिषेक दंपती ने हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कोयला घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली में पेश होने को कहा गया था। शीर्ष अदालत ने अंतरिम आदेश पारित किया और सुनवाई के लिए नलिनी चिदंबरम की ऐसी ही याचिका के साथ 19 जुलाई के लिए रख दिया। ब्यूरो

# बारामुला : गैर कश्मीरियों पर ग्रेनेड हमला, एक की मौत...तीन घायल

## आतंकियों ने शराब की दुकान को बनाया निशाना

**बारामुला।** उत्तरी कश्मीर के बारामुला में खुले नए शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए आतंकियों ने ग्रेनेड हमला किया। इसमें एक गैर कश्मीरी जम्मू संभाग निवासी सेल्समैन रंजीत सिंह (52) की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं। हमले के तत्काल बाद सुरक्षा बलों के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान जगह-जगह नाके भी लगाए गए, लेकिन आतंकियों का कोई सुराग नहीं लगा।

पुलिस ने बताया कि दीवान बाग इलाके में डीआईजी दफ्तर से 50 मीटर से भी कम दूरी पर खुले नए शराब की दुकान पर मंगलवार शाम लगभग साढ़े आठ बजे मोटरसाइकिल से दो आतंकी ग्राहक बनकर पहुंचे। इस दौरान आतंकियों ने निशाना बनाते हुए दुकान के भीतर ग्रेनेड फेंक दिया। संवाद



हमले के बाद तैनात सुरक्षाकर्मी।

- वस्फिोट में दुकान में मौजूद चार सेल्समैन राजौरी के रंजीत सिंह व गोविंद सिंह और कठुआ के गोवर्धन सिंह व रवि कुमार घायल हो गए। हमला होते ही चीख पुकार मच गई।
- आतंकी मौके का फायदा उठाकर भाग निकले। घटना के बाद चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां रंजीत सिंह ने दम तोड़ दिया। एक अन्य घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

# कस्टम के सुपुर्द हो चुके गेहूं की खेप को सरकार ने दी निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 13 मई तक निर्यात के लिए कस्टम विभाग की परीक्षण व पंजीकरण व्यवस्था में दर्ज हो चुके गेहूं को देश के बाहर भेजने की छूट दे दी है। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी घोषणा की।

इसके साथ ही सरकार ने मिस्र को भेजे जा रहे गेहूं को कांडला बंदरगाह से भेजने की अनुमति दे दी है। यह गेहूं जहाज से भेजने के लिए कंटेनरों में भरा जा रहा था। मिस्र की सरकार ने भारत सरकार ने इसके लिए विशेष अनुमति मांगी थी। यहां 61,500 टन गेहूं भेजा जा रहा है, जिसमें से 44,340 टन गेहूं भरा जा चुका था और 17,160 टन गेहूं बाकी था। सरकार ने समस्त 61,500 टन गेहूं को निर्यात करने की अनुमति दे दी है।

■ **अमेरिका ने उम्मीद जताई थी कि रोक पर फिर सोचेगा भारत :** अमेरिका ने आशंका जताई कि इस रोक से विश्व में भोजन का संकट पैदा हो सकता है। भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा ग्रीनफील्ड ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में कहा, 'निर्यात प्रतिबंध से खाद्य सुरक्षा संकट में पड़ सकती है। एजेंसी

मौसम का कहर

**उत्तर भारत गर्मी से तप रहा तो पूर्वोत्तर में बारिश से मची है तबाही, लोगों की दुश्वारियां बढ़ीं**

# असम में चार लाख लोग बाढ़ में घिरे, रेल पटरियां टूटीं...सड़कें बहीं

**गुवाहाटी/हाफलांग/नई दिल्ली।** उत्तर भारत जहां गर्मी से तप रहा है वहीं, पूर्वोत्तर में बारिश तबाही लेकर आई है। असम और मेघालय में लगातार हो रही बारिश से मंगलवार को भी बराक घाटी और डिमा हसाउ जिले अन्य हिस्सों से कटे रहे। वहीं, जगह-जगह भूस्खलन से सड़कें और रेल पटरियां क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसकी वजह से त्रिपुरा, मिजोरम और मणिपुर से भी रेल और सड़क संपर्क टूटा रहा।

असम में अब तक बाढ़ से तीन और लोगों की मौत की खबर है, जबकि पांच भूस्खलन के शिकार हुए हैं। करीब चार लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मेघालय के पूर्वी जयंतिया पहाड़ी जिले में भूस्खलन के कारण असम के बराक घाटी से इसका संपर्क कट चुका है। असम पुलिस के विशेष पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने जनता से अवरुद्ध मार्गों पर न जाने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट किया, कृपया सिलचर से गुवाहाटी की यात्रा तब तक न करें जब तक कि रास्ता साफ नहीं हो जाता। वहीं असम में बाढ़ की वजह से उच्च माध्यमिक 11वीं की बुधवार से शुरू होने वाली परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। एजेंसी



**असम के 20 जिले बाढ़ की चपेट में :** लगातार बारिश से असम के 20 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार 46 राजस्व सर्कल के 652 गांव के करीब दो लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं।

### त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम के लिए ट्रेनें रद्द

पूर्वी सीमांत रेलवे के प्रवक्ता ने कहा, जगह-जगह भूस्खलन और रेल पटरियों पर जल भराव के कारण लामडिंग बदरपुर सेक्शन की ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। इसकी वजह से बराक घाटी सहित मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा से रेल संपर्क कट गया है। इस सेक्शन में जल्द से जल्द रेल सेवा बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। फिलहाल 18 ट्रेनों को रद्द किया गया है। उधर दो ट्रेनों में फंसे 2800 लोगों को निकाला गया।

■ **25 मिनट की उड़ान का किराया 31000 :** सिलचर से सांसद राजदीप रॉय ने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टैग करते हुए ट्वीट किया, गुवाहाटी-सिलचर 25 मिनट की उड़ान (300 किमी.) के लिए विमान किराया 31,000 रुपये देखकर हैरान हूं। इतना महंगा किराये पर तत्काल गौर किए जाने की जरूरत है।

### केरल में भारी बारिश, नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में भारी बारिश के मद्देनजर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को राज्य के नौ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं बुधवार को भी सात जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। एजेंसी

### कुमाऊं : आंधी व बारिश से भारी नुकसान, तीन की मौत

**हल्द्वानी/गदरपुर/रामनगर।** आंधी ने सोमवार रात जमकर तबाही मचाई। इस दौरान पेड़ों से टूटीं शाखाओं की चपेट में आने से वृद्धा और सिडकुल कर्मी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गदरपुर (ऊधमसिंह नगर) निवासी राधो देवी (68), सिडकुल कर्मी स्यूनूरा गंगोलीहाट निवासी मनोज सिंह मेहरा (35) और रामनगर नवासी हरिराम सैनी (45) के रूप में हुई है। वहीं, आंधी तूफान ने पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के किसानों की कमर तोड़ कर रख दी। भीमताल, धारी, रामगढ़, ओखलकांडा और बेतालघाट में पुलम, आड़ू, खुबानी, नाशपाती और सेब को नुकसान पहुंचा है। रामनगर, हल्द्वानी और कोटाबाग में आम और लीची को काफी नुकसान हुआ है। संवाद

# दुश्मनों से लोहा लेने को तैयार युद्धपोत सूरत और उदयगिरि

**मुंबई।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मुंबई के मझगांव डॉक पर मंगलवार को स्वदेश निर्मित दो युद्धपोतों 'सूरत' और 'उदयगिरि' को जल में उतारा। उन्होंने कहा कि इससे नौसेना के आयुध भंडार की ताकत बढ़ेगी और दुनिया के सामने भारत की रणनीतिक क्षमता प्रदर्शित होगी।

रक्षामंत्री ने कहा कि तकनीकी रूप से उन्नत मिसाइल वाहक युद्धपोत भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। आने वाले समय में हम न केवल अपनी जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि दुनिया की जहाज निर्माण की जरूरतों को भी पूरा करेंगे। हम जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' की परिकल्पना को साकार करेंगे। ब्यूरो



मुंबई के मझगांव डॉक पर जल में उतरा युद्धपोत उदयगिरी ।

■ ***रडार को चकमा देने में सक्षम :*** *नौसेना ने बताया कि 'सूरत', प्रोजेक्ट 15बी कार्यक्रम के तहत बनाया जाने वाला चौथा और अंतिम विध्वंसक पोत है, जिसमें रडार को चकमा देने की प्रणाली है। यह पी15ए (कोलकाता श्रेणी) विध्वंसक के एक महत्वपूर्ण बदलाव का परिचायक है। गुजरात की वाणिज्यिक राजधानी सूरत शहर के नाम पर इसका नाम रखा गया है।*

# वर्चुअल लिविंग में आप भी रम गए हैं क्या?

**वर्चुअल लिविंग हमें कल्पना से बाहर आने नहीं देती। जिंदगी इसमें हकीकत की मांग करती है। बहस अब इस पर होने लगी है कि वर्चुअल लिविंग के लाभ ज्यादा हैं या नुकसान?**

**को**रोना काल में जब आने-जाने पर पाबंदियां लगीं, तो लोगों ने 'वर्चुअल रियलिटी' यानी वीआर तकनीक के जरिए अपनी मनपसंद जगहों की सैर करनी शुरू की। इसी तकनीक के जरिए हम वर्चुअल लिविंग का हिस्सा बन जाते हैं। वर्चुअल लिविंग...यानी जीवन का एक नया रंग-ढंग। यह कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित एक आभासी दुनिया है, जिसे वास्तविक दुनिया की तरह डिजाइन किया गया है। इसमें टेक्स्ट आधारित 2डी या 3डी ग्राफिकल मॉडल का उपयोग करके एक-दूसरे के साथ बातचीत की जाती है, जिन्हें 'अवतार' कहा जाता है। लेकिन इस आभासी दुनिया में व्यक्ति कल्पनालोक की सैर करता है और कई बार वह खुद को सुपरमैन समझने लगता है। वास्तविक दुनिया उसके इन अहसासों से बहुत दूर होती है। जाहिर है, वर्चुअल लिविंग के फायदों के साथ कई नुकसान भी हैं। इसके बावजूद 'वर्चुअल रियलिटी' ने हम सबके जीवन को तेजी से प्रभावित किया है। वीआर तकनीक गैजेट्स को अधिक स्मार्ट बना रही है। 3डी तकनीक वाले कई स्मार्ट टूल बाजार में उपलब्ध हैं। वीआर के साथ हम इतिहास का आनंद ले रहे हैं, पृथ्वी से अंतरिक्ष की सैर कर रहे हैं, चंद्रमा की सतह को 3डी रूप में देख रहे हैं।



**लर्निंग :** आजकल देश के कई शिक्षण संस्थानों में वर्चुअल रियलिटी की मदद से छात्रों को पढ़ाया जाने लगा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे सीखने की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। आप घर बैठे या किसी भी जगह से वीआर तकनीक के जरिए अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं।

**ट्रेनिंग :** वर्चुअल ट्रेनिंग आज का 'न्यू नॉर्मल' है। इस तकनीक के जरिए आप किसी भी जगह पर बैठकर विशेषज्ञों से सीख सकते हैं। आजकल तो वर्चुअल सर्जरी, पायलट ट्रेनिंग जैसे काम आसानी से हो रहे हैं। वर्चुअल लाइब्रेरी जैसी अवधारणाएं पहले ही अस्तित्व में आ चुकी हैं।

**शॉपिंग :** अधिकतर ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म्स पर उत्पादों का बेहतर रीयल-टाइम अनुभव प्रदान करने के लिए वीआर तकनीक का इस्तेमाल किया जाने लगा है। इससे हम सामान खरीदने से पहले उसका सही तरीके से आकलन कर सकते हैं। कई साइट्स पर सामान का '360 व्यू' दिखाया जाता है। इस तरह वीआर की मदद से आप घर बैठे सही सामान का चुनाव कर सकते हैं।

**गेमिंग :** वर्चुअल रियलिटी ने गेमिंग के कारण काफी लोकप्रियता प्राप्त की है। 3डी गेम्स ने यूजर एक्सपीरियंस को बढ़ाया है। कंप्यूटर या लैपटॉप पर गेम खेलते समय ऐसा लगता है कि मानो आप हकीकत में उस दृश्य को जी रहे हैं। ज्यादातर टेक कंपनियां अब वीआर के जरिए ही नए-नए गेम बना रही हैं।

**3डी फिल्म :** अब तक 3डी फिल्में केवल सिनेमाघरों में ही धमाल मचा रही थीं, लेकिन अब 3डी तकनीक घरों तक भी पहुंच चुकी है। बाजार में वीआर तकनीक वाले 3डी गॉगल्स उपलब्ध हैं, जिनका इस्तेमाल कर आप किसी भी एंगल से फिल्म देख सकते हैं। इस 3डी उपकरण से आपको न केवल सिनेमा के दृश्य बेहतर दिखेंगे, बल्कि आप खुद को उनका हिस्सा समझने लगेंगे।

## गूगल ड्राइव में रखें चैट का बैकअप

**व्हाट्सएप** आपको सभी चैट का बैकअप 'गूगल ड्राइव' पर लेने की सुविधा देता है। इसके लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स फॉलो करने होंगे। सबसे पहले व्हाट्सएप के 'सेटिंग' सेक्शन में जाएं। इसके बाद 'चैट्स' के विकल्प पर क्लिक करें। अब आपको 'चैट बैकअप' पर क्लिक करना होगा।



जानकारी

इसके बाद आपको 'बैकअप टू गूगल ड्राइव' विकल्प पर जाना होगा। यहां भी आपको पांच विकल्प नजर आएंगे, 'नेवर', 'ओनली वेन आई टैप बैकअप', 'डेली', 'वीकली' और 'मंथली'। आप अपनी सुविधा के अनुसार विकल्प का चयन कर सकते हैं। अगर गूगल अकाउंट कनेक्ट नहीं है तो सबसे पहले आपको गूगल अकाउंट को सेलेक्ट करना होगा। व्हाट्सएप चैट हिस्ट्री को री-स्टोर करने के लिए सबसे पहले फोन पर व्हाट्सएप एप को फिर से इंस्टॉल करें। अब एप खोलें और अपना मोबाइल नंबर वेरिफाई करें। इसके बाद गूगल ड्राइव से अपनी चैट और मीडिया को रीस्टोर करने के लिए 'रीस्टोर' बटन पर क्लिक करें। प्रक्रिया के पूरी होने के बाद आपको पुरानी चैट दिखने लगेगी। इसके लिए उसी नंबर और गूगल अकाउंट का उपयोग करना होगा, जिसका उपयोग आपने चैट का बैकअप लेने के लिए किया था।

## कैसे क्लियर करें फेसबुक की सर्च हिस्ट्री

**सोशल** मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक की सर्च हिस्ट्री को 'क्लियर' करने के लिए आपको कुछ जरूरी स्टेप्स फॉलो करने होंगे। सबसे पहले आपको अपने स्मार्टफोन में फेसबुक एप ओपन करना है। अब आपको 'सर्च' विकल्प पर क्लिक करना है। यहां 'रीसेंट सर्च' के बराबर में 'सी ऑल' का विकल्प नजर आएगा, उसे दबाएं। यहां पर आपको तीन अलग-अलग विकल्प दिखाई देंगे, जिसमें 'ऑल', 'सर्च' और 'विजिट' शामिल हैं। अगर आप सिर्फ सर्च हिस्ट्री हटाना चाहते हैं तो 'सर्च' विकल्प पर क्लिक करें। आपको सर्च कीवर्ड के बराबर में 'क्रॉस' का चिह्न दिखाई देगा, उसे दबाकर आप एक-एक करके सर्च हिस्ट्री को हटा सकते हैं। अगर आप सारी हिस्ट्री को एक ही बार में हटाना चाहते हैं, तो ऊपर दिखाई दे रहे 'क्लियर ऑल' के विकल्प का चयन करें।



टिप्स

न्यू लॉन्च

## जल्द लॉन्च होगी फॉक्सवैगन की 'वर्टस'

**फॉक्सवैगन** अपनी मिड-साइज सेडान 'वर्टस' अगले महीने भारत में लॉन्च कर सकती है। वर्टस को 6 अलग-अलग कलर ऑप्शन के साथ पेश किया जा सकता है। इनमें आपको राइजिंग ब्लू मैटेलिक, करकुमा येलो, कार्बन स्टील ग्रे, रिफ्लेक्स सिल्वर, कैंडी व्हाइट और वाइल्ड चेरी रेड विकल्प मिल सकते हैं। यह नई मिड-साइज सेडान दो इंजन ऑप्शन के साथ पेश की जा सकती है। इस कार के पहले इंजन मॉडल में 1.0 लीटर टीएसआई होगा, जो 113 एचपी और 178 एनएम का टॉर्क जनरेट करने में सक्षम है। वहीं, दूसरे इंजन मॉडल में आपको 1.5 लीटर टीएसआई मोटर भी मिलेगी, जो 148 एचपी की पावर और 250 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करती है।



## 'जेब पिक्साप्ले 11' प्रोजेक्टर में क्या है खास?

**कंज्यूमर** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड जेबरोनिक्स ने हाल ही में 'जेब पिक्साप्ले 11' प्रोजेक्टर लॉन्च किया है। यह प्रोजेक्टर 381 सेंटीमीटर तक की बड़ी स्क्रीन को प्रोजेक्ट कर सकता है। कॉम्पैक्ट और लाइटवेट डिजाइन वाला यह प्रोजेक्टर रिमोट कंट्रोल के साथ आता है। प्रोजेक्टर 720पी एचडी नेटिव रेजोल्यूशन और 1080पी एफएचडी सपोर्ट से लैस है। प्रोजेक्टर में बिल्ट-इन स्पीकर भी है, जो विजुअल्स के साथ-साथ साउंड को भी बेहतर बनाता है। एलईडी प्रोजेक्टर में मल्टी-कनेक्टिविटी के विकल्प हैं, जैसे माइक्रो एसडी, एवी इन/ऑक्स आउट, यूएसबी, एचडीएमआई आदि। जेब-पिक्साप्ले 11 प्रोजेक्टर 6,299 की कीमत पर ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर उपलब्ध है।



## कल का पंचांग

**विक्रमी संवत 2079**

29 वैशाख मास शाके 1944, ज्येष्ठ मास 06 प्रविष्टे, 17 शव्वाल हिजरी 1443, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 20.23 तक उपरांत पंचमी, मूल नक्षत्र 05.36 तक उपरांत पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र 27.16 तक तदोपरांत उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, साध्य योग 14.56 तक उपरांत शुभ योग, बव करण 09.59 तक उपरांत बालव करण, चंद्रमा धनु राशि में दिन रात।

सूर्योदय : 05.32
सूर्यास्त : 19.03
(भारतीय मानक समयानुसार)

- **आज :** ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया
- **कल :** चतुर्थी व्रत, ग्रीष्म ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, उत्तर गोले।
- **राहुकाल :** दिन में 13.30 से 15.00 तक।

## आपका राशिफल

**मेष** प्रभावी व्यक्ति का साथ मिलेगा। नई योजना सफल होगी। धार्मिक कार्य में व्यस्त रहेंगे।

**वृषभ** मानसिक तनाव बना रहेगा। वाद विवाद से बचें। शेयर बाजार में हानि संभव है।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय में धन लाभ के अवसर मिलेंगे।

**कर्क** महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में अचानक लाभ होगा।

**सिंह** कार्यक्षेत्र में सहयोगियों से निराशा होगी। व्यापार में पूंजी का अभाव रहेगा।

**कन्या** नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

**तुला** स्वजन सहयोग मिलेगा। व्यवसाय में विस्तार और धन लाभ होगा।

**वृश्चिक** मानसिक रुप से अशांत रहेंगे। स्वजनों से मनमुटाव होगा। व्यापार में लाभ होगा।

**धनु** किसी चिंता से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अधिक विस्तार और लाभ होगा।

**मकर** क्रोध और वाणी पर नियंत्रण रखें। नौकरी में स्थिति अनुकूल रहेगी।

**कुंभ** राजनीतिक क्षेत्र में महत्व बढ़ेगा। व्यापार में नया अनुबंध संभव है।

**मीन** सरकारी क्षेत्र में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय में धन लाभ बढ़ेगा।

## आपका आज जन्मदिन है ■ पं. विनोद त्यागी



रेखा

- इस मूलांक के जातक आत्मविश्वासी, शक्तिशाली और अत्यंत साहसी होते हैं। 27वें वर्ष में लक्ष्य प्राप्ति में सफल होते हैं। जोखिम उठाने की प्रवृत्ति और अपने कार्यों के प्रति अटूट निष्ठा उन्नति में सहायक रहती है।
- यह वर्ष शुभ और भाग्यवर्धक रहेगा। अटकी योजनाएं पूर्ण होंगी। विकास के नए मार्ग मिलेंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। व्यावसायिक लाभ से उत्साह बढ़ेगा। सेहत अनुकूल रहेगी।

## आज की फिल्में

**कलर्स सिनेप्लेक्स :** 12:00 डेंजरस खिलाड़ी 2, 05:00 कभी खुशी कभी गम, 08:00 इंस्पेक्टर विजय

**वाओ सिनेमा :** 10:30 महोब्बत की आरजू, 02:30 किस्मत, 07:30 बाशा द बॉस

**सिनेमा टीवी :** 10:30 दुश्मन देवता, 02:30 अधर्म, 07:30 मास्टर्स

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 7 | 1 | | 8 | |
| 1 | 4 | 8 | | 5 | | | 6 | 2 |
| | 7 | | | | | | | |
| | | 4 | 1 | | | 5 | | 6 |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| 9 | | 6 | | | 5 | 3 | | |
| | | | | | | | 1 | |
| 6 | 9 | | | 1 | | 8 | 5 | 7 |
| | 8 | | 7 | 9 | | | | |

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 |
| 2 | 7 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 7 | 5 | 3 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 9 | 1 | 6 | 4 | 2 | 5 | 3 | 7 | 8 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 1 | 4 | 8 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 | 3 |

# कारोबार

बीएसई ↑ 1,344.63 (54,318.47) | एनएसई ↑ 417 (16,259.30) | डॉलर ↑ ₹0.11 (₹77.44) | सोना /10 ग्राम ↑ ₹50,282 (338) | चांदी /1 किग्रा ↑ ₹60,957 (1,046)

दिल्ली में 24 कैरेट की हाजिर दरें ■ स्रोत : पीटीआई

# कमजोर लिस्टिंग पर घबराएं नहीं एलआईसी के निवेशक

## विशेषज्ञों की सलाह...लंबे समय में मुनाफा दे सकता है शेयर

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एलआईसी के शेयर ने लिस्टिंग के दिन भले ही निवेशकों को घाटा दिया हो, पर आगे चलकर यह अच्छा फायदा दे सकता है। देश की सबसे बड़ी बीमा और आईपीओ लाने वाली कंपनी के बारे में विदेशी ब्रोकरेज हाउस मैक्वायरी ने कहा कि यह शेयर 1,000 रुपये तक निकट समय में जा सकता है। जो भी निवेशक एलआईसी में निवेश करना चाहते हैं, वे अप्रत्यक्ष रूप से इक्विटी बाजार में निवेश कर रहे हैं। एलआईसी के चेयरमैन एमआर कुमार ने कहा, लंबे समय में यह शेयर निवेशकों को फायदा देगा।

कंपनी का शेयर पहले दिन आईपीओ के भाव 949 रुपये की तुलना में 7.75 फीसदी गिरकर 875.45 रुपये पर बंद हुआ। यानी प्रति शेयर निवेशकों को 73.55 रुपये का घाटा हुआ। इस तरह से एक लॉट में 1,103 रुपये का नुकसान हुआ है। खुदरा निवेशकों को 45 रुपये और पॉलिसीधारकों को 60 रुपये की इसमें छूट मिली थी। इन दोनों को क्रमशः 14 रुपये और 29 रुपये हर शेयर पर घाटा हुआ है।



**1,000** रुपये तक जा सकता है जीवन बीमा कंपनी का शेयर

### नए निवेशकों के लिए सस्ते में अवसर

ट्रेडिंगो के संस्थापक पार्थ न्याति ने कहा कि कंपनी की खराब लिस्टिंग कमजोर बाजार की वजह से हुई है। साथ ही लंबे समय से नकारात्मक माहौल बना हुआ है। निवेशकों को कमजोर लिस्टिंग से घबराने की जरूरत नहीं है। लंबे समय में यह अच्छा फायदा दे सकता है।

- नए निवेशकों को इस गिरावट को एक अच्छा अवसर मानकर खरीदना चाहिए।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि लंबे समय के लिए निवेश करना है तो इसमें कोई जोखिम नहीं है।

### लाभांश दे सकती है कंपनी

एलआईसी ने पिछले वित्तवर्ष में कोई लाभांश नहीं दिया है। इसलिए इस बात की बहुत ज्यादा उम्मीद है कि इस साल में निवेशकों को यह एक अच्छा लाभांश देने की घोषणा कर दे।

### ■ सेकंडरी बाजार में बढ़ेगी शेयर की मांग

सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहिन कांत पाडे ने कहा कि बाजार की अप्रत्याशित स्थिति के कारण एलआईसी के शेयर की कमजोर शुरुआत हुई। उन्होंने सलाह दी कि लंबे समय के लिए इस शेयर को रखना चाहिए।

- एलआईसी के चेयरमैन एमआर कुमार ने कहा कि सेकंडरी बाजार में एलआईसी के शेयरों की मांग बढ़ेगी और इससे कीमत भी बढ़ेगी। जिनको आईपीओ में शेयर नहीं मिला, वे इसे सेकंडरी बाजार से खरीदेंगे।

# सेंसेक्स में तीन महीने की बड़ी तेजी, 12 लाख करोड़ बढ़ी पूंजी

## वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच ऊर्जा-बैंकिंग कंपनियों में लिवाली से उछला बाजार

**मुंबई।** वैश्विक स्तर पर मजबूती के बीच धातु, ऊर्जा एवं बैंकिंग कंपनियों में भारी लिवाली से मंगलवार को सेंसेक्स और निफ्टी 2.5 फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ बंद हुए। यह 15 फरवरी के बाद सेंसेक्स-निफ्टी में तीन महीने की बड़ी एक दिवसीय तेजी है।

सेंसेक्स 1,344.63 अंक चढ़कर 54,318.47 पर बंद हुआ। निफ्टी 417 अंक बढ़त के साथ 16,259.3 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी से निवेशकों की पूंजी 12.05 लाख करोड़ बढ़कर 255.55 लाख करोड़ पहुंच गई। एजेंसी

**सभी कंपनियां हरे निशान में बंद**

बाजार में तेजी से सेंसेक्स की सभी 30 कंपनियां हरे निशान में बंद हुईं। टाटा स्टील सर्वाधिक 7.62 फीसदी लाभ में रहा। एनएसई पर भी सूचीबद्ध सभी 50 कंपनियों के शेयर लाभ में रहे।



1,344.63 अंक चढ़कर 54,318.47 पर बंद हुआ सेंसेक्स

**दुनिया के अन्य बाजारों का हाल :** चीन में कोरोना का कोई नया मामला नहीं मिलने के कारण अन्य एशियाई बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग के हैंगसेंग में 2.3 फीसदी, निक्केई में 0.2 फीसदी तेजी रही। कॉस्पी 0.7 फीसदी, शंघाई कंपोजिट 0.2% और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी-200 0.2% बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजारों में भी दोपहर के कारोबार में तेजी रही।

## सोना 338 रुपये महंगा चांदी 1,046 रुपये चमकी



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी से मंगलवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 338 रुपये महंगा होकर 50,282 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव रहा। चांदी भी 1,046 रुपये महंगी होकर 60,957 रुपये प्रति किलोग्राम रही।

- पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 60,000 से नीचे पहुंचकर 59,911 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई थी।
- एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, न्यूयॉर्क स्थित कमोडिटी एक्सचेंज कॉमेक्स पर सोना 0.13% तेजी के साथ 1,825 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।
- अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में तेजी के बावजूद डॉलर में कमजोरी से भी पीली धातु की कीमतों में तेजी लौटी।

## इंडियन ऑयल कमाई के मामले में सबसे बड़ी कंपनी

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल (आईओसी) राजस्व के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। इसका राजस्व 2021-22 में 7.36 लाख करोड़ रुपये रहा। चौथी तिमाही में शुद्ध फायदा 31.4% गिरकर 6,021 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह 8,781 करोड़ था। वैसे रिलायंस का राजस्व मार्च में 7.92 लाख करोड़ था और देश की सबसे बड़ी कंपनी थी। पर उसमें जीएसटी भी शामिल था। एजेंसी

## 5जी स्पेक्ट्रम का मूल्य तय, मंजूरी के लिए अगले सप्ताह प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के प्रस्ताव को अगले सप्ताह अंतिम मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास भेज सकता है। सूत्र ने कहा, डिजिटल संचार आयोग ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से सुझाए गए आधार मूल्य को अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि, दूरसंचार कंपनियों ने ट्राई की तरफ से सुझाए गए आधार मूल्य का विरोध किया है। एजेंसी

## 49.4 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर कोई टैक्स नहीं

**नई दिल्ली।** होल्सिम को सबसे अमीर एशियाई गौतम अदाणी के साथ 6.38 अरब डॉलर (49.4 हजार करोड़ रुपये) के सौदे पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। स्विटजरलैंड की प्रमुख बिल्डिंग मटीरियल कंपनी होल्सिम ने भारत में अपने कारोबार की नियंत्रण हिस्सेदारी अदाणी समूह को बेचने के लिए सौदा किया है। इस सौदे के तहत अदाणी समूह को अंबुजा सीमेंट में 63% हिस्सेदारी मिल जाएगी। एसीसी में अंबुजा सीमेंट की 54.53 फीसदी हिस्सेदारी है।

होल्सिम के सीईओ जान जेनिश ने सोमवार को कहा, यह टैक्स मुक्त लेनदेन है। सौदे पर लागू किसी टैक्स के बारे में पूछने पर कहा, ऐसा नहीं लगता कि कोई जटिलता पैदा होगी। शुद्ध आय के रूप में 6.4 अरब स्विस फ्रैंक (6.38 अरब डॉलर) मिलेंगे। एजेंसी

### अदाणी समूह के साथ सौदे पर होल्सिम ने कहा, नहीं बनती कोई टैक्स देनदारी



सौदे के अनुसार, अदाणी समूह अंबुजा सीमेंट और एसीसी में होल्सिम की पूरी हिस्सेदारी 6.38 अरब डॉलर में अधिग्रहित करेगा। होल्सिम को उम्मीद है कि सौदा इस साल दूसरी छमाही में पूरा होगा।

**दूसरी छमाही में पूरा होगा सौदा**

इसे भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी मिल जाएगी क्योंकि अदाणी समूह निर्माण सामग्री के कारोबार में नहीं है। जेनिश ने कहा कि यह एक साधारण अनुबंध है, जहां होल्सिम दो व्यवसायों में कंपनी के शेयर बेच रही है।

### अदाणी समूह को चुकाना होगा 2,312 करोड़ जुर्माना

होल्सिम ने कहा कि बिक्री के बाद अंबुजा सीमेंट और एसीसी पर सीसीआई की ओर से लगाए गए जुर्माने के लिए नया मालिक जिम्मेदार होगा। हमने कंपनी बेच दी है। हमारी ओर से कोई क्षतिपूर्ति नहीं होगी।

- प्रतिस्पर्धा आयोग ने एसीसी पर 1,148 करोड़ और अंबुजा सीमेंट पर 1,164 करोड़ जुर्माना लगाया था। दोनों कंपनियों ने अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष जुर्माने को चुनौती दी थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है।

## न्यूज डायरी

### उद्योगों के लिए बंद हो खाद्य तेल इस्तेमाल

**इंदौर।** इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च ने कहा कि उद्योगों को खाने के तेल की आपूर्ति बंद होनी चाहिए। उद्योगों को आपूर्ति होने वाले खाने के तेल में से 23 फीसदी उपयोग पेंट उद्योग करता है। भारत जरूरत का 60% खाद्य तेल आयात करता है। एजेंसी

### 6 कंपनियों के बैंक आवेदन खारिज

**मुंबई।** आरबीआई ने नियमों का हवाला देते हुए 6 कंपनियों के बैंक लाइसेंस के आवेदन को खारिज कर दिया है। जिनके आवेदन खारिज हुए हैं उसमें रेपको, यूएई एक्सचेंज, चैतन्य इंडिया फिन और पंकज वैश एवं अन्य हैं। कुल 11 आवेदन मिले थे। एजेंसी

### एयरटेल का मुनाफा 2,008 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** एयरटेल को मार्च तिमाही में 2,008 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। एक साल पहले 759 करोड़ की तुलना में यह दोगुना है। इस दौरान राजस्व 22.3% बढ़कर 31,500 करोड़ रुपये रहा है। पूरे साल में इसका फायदा 4,255 करोड़ रहा। एजेंसी

## जीएसटी पोर्टल में गड़बड़ी से 24 मई तक भर सकते हैं अप्रैल का टैक्स

**नई दिल्ली।** जीएसटी पोर्टल पर करदाताओं को आ रही तकनीकी गड़बड़ी के चलते सरकार अप्रैल के कर भुगतान के लिए तारीख बढ़ाकर 24 मई कर दिया है। साथ ही पोर्टल की दिक्कतों को दूर करने के लिए इन्फोसिस को चेतावनी भी दी है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने कहा, इन्फोसिस जल्द से जल्द इस गड़बड़ी को दूर करे। पोर्टल पर अप्रैल, 2022 के जीएसटीआर-2 बी के बनने और जीएसटीआर-3 बी के ऑटो जनरेशन में तकनीकी दिक्कतें आई हैं। एजेंसी



**करदाताओं के लिए अलग तारीखें :** आमतौर पर किसी महीने का विवरण अगले महीने की 12वीं तारीख को उपलब्ध होता है। इसके आधार पर ही टैक्स का भुगतान किया जाता है। अलग-अलग कैटेगरी के करदाताओं के लिए अलग-अलग तारीखें तय की गई हैं। रविवार को जीएसटी नेटवर्क ने एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें कुछ जानकारियां नहीं दिख रही थीं।

## आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कम और स्थिर महंगाई जरूरी : आरबीआई

**मुंबई।** देश की अर्थव्यवस्था को तेज गति से बढ़ाने के लिए महंगाई का कम और स्थिर रहना जरूरी है। आरबीआई ने मंगलवार को एक लेख में कहा कि आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ वृहद आर्थिक स्थिरता भी बहुत जरूरी है।

केंद्रीय बैंक ने लेख में कहा कि अर्थव्यवस्था महामारी से उबरकर अब सुधार के रास्ते पर चल पड़ी है। ज्यादातर आर्थिक क्षेत्रों में गतिविधियां महामारी से पहले के स्तर को पार कर गई हैं। इसमें आगे कहा गया है कि भारत महामारी के प्रभाव से उबरने के लिए चुनौतियों का सामना कर रहा है। मानवता के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा निवेश किया गया। इसके अलावा, डिजिटलकरण अभियान में तेजी, भारत में यूनिकॉर्न कंपनियों की बढ़ती संख्या अर्थव्यवस्था में तेजी से आ रहे बदलाव की ओर इशारा कर रही है। लेख के मुताबिक, स्थायी आधार पर उच्च वृद्धि दर हासिल करने के लिए सरकार को पूंजीगत खर्च बढ़ाकर निजी निवेश को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। हालांकि, आरबीआई ने स्पष्ट कहा कि इस लेख के विचार लेखकों के हैं। एजेंसी



**उच्च वृद्धि दर के लिए पूंजीगत खर्च बढ़ाकर निजी निवेश को प्रोत्साहन जरूरी**

**क्षेत्ररक्षण में भी अपनी छाप छोड़नी है**
मेरी नजर में क्रिकेट के दो पहलू हैं। एक बल्लेबाजी और दूसरा क्षेत्ररक्षण। मैं अंदरूनी सर्किल में एक-एक रन रोकना चाहता हूं और बाउंड्री पर कैच लेना चाहता हूं। सौभाग्य से एक कैच लेने में सफल रहा और यह टीम के लिए शानदार रहा। क्षेत्ररक्षण में भी छाप छोड़ना चाहता हूं। -डेविड वॉर्नर, दिल्ली कैपिटल्स



# पीएम खुद खिलाड़ियों को फोन करें, यह भारत में ही संभव

## बैडमिंटन युगल खिलाड़ी चिराग शेट्टी प्रधानमंत्री मोदी के फोन से रह गए थे हैरान

**नई दिल्ली।** थॉमस कप जीतने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोन विजेताओं के लिए सबसे बड़ा तोहफा बन गया है। सात्विक के साथ युगल के छह में से पांच अहम मुकाबले जीतने वाले चिराग शेट्टी का कहना है कि उन्होंने कभी नहीं देखा कि जीत के बाद खुद प्रधानमंत्री टीम को फोन करें। यह केवल भारत में ही संभव है। पूरी टीम इस बात को लेकर बेहद खुश है कि पीएम ने अपने व्यस्त कार्यक्रम से समय निकालकर उन्हें जीत पर बधाइयां दीं।

**शब्दों में बयां नहीं कर सकते :** चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री के फोन करने को वह शब्दों में बयां नहीं कर सकते हैं। उनके फोन ने पूरी टीम में न सिर्फ नए सिरे से ऊर्जा का संचार कर दिया है बल्कि जबरदस्त प्रेरणा दी है। वहीं लक्ष्य सेन का कहना है कि पीएम का फोन आने के बाद वह अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे हैं। लक्ष्य का कहना है कि पीएम ने उनसे अल्मोड़ा की बाल मिठाई खिलाने को कहा है, जब वह उनसे मिलने के लिए जाएंगे तो अपने साथ यह मिठाई जरूर ले जाएंगे।। ब्यूरो



**73** साल के इतिहास में भारत ने पहली बार थॉमस कप में जीत हासिल की है

### भारत अब बैडमिंटन में हो गया है सुपर पावर : पादुकोण

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण मानते हैं कि थॉमस कप की ऐतिहासिक जीत से भारत ने इस खेल के वैश्विक पटल पर अपना नाम दर्ज करा लिया है क्योंकि यह किसी भी व्यक्तिगत सफलता से काफी बड़ी उपलब्धि है। पादुकोण ने कहा, 'मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह इतनी जल्दी होगा। मुझे लगता था कि इसमें कम से कम और 8 से 10 साल लगेंगे। मेरा मानना है कि हम अब वैश्विक शक्ति (सुपर पावर) बन गए हैं। इससे खेल को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।' भारत की ओर से पहली बार ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप (1980) का खिताब जीतने वाले पादुकोण ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह भारतीय बैडमिंटन का स्वर्णिम पल है।एजेंसी



### पीएम ने डेफलंपिक्स दल को आवास पर किया आमंत्रित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में आयोजित डेफलंपिक्स में अब तक के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर भारतीय दल को बधाई दी है। साथ ही उन्हें 21 मई को अपने आवास पर आमंत्रित किया है। भारत के 65 सदस्यीय दल ने ब्राजील के कैक्सियास डू सुल में आयोजित 24वें खेलों में 8 स्वर्ण, एक रजत और 7 कांस्य पदक हासिल किए। भारत ने 2017 में पांच पदक हासिल किए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, हाल ही में आयोजित डेफलंपिक्स में भारतीय दल को अब तक के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई। हमारा हर खिलाड़ी प्रेरणा है। मैं 21 मई को अपने आवास पर पूरे दल की मेजबानी करूंगा। एजेंसी



### जूनियर विश्वकप : मनु, इशा और रिदम ने जीता सोना

**नई दिल्ली।** मनु भाकर, इशा सिंह और रिदम सांगवान की तिकड़ी ने मंगलवार को सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्वकप की 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा के फाइनल में मेजबान जर्मनी को 16-2 से हराया, जिससे भारत की महिला पिस्टल निशानेबाजों ने पांचों स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले।

भारत ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन मिश्रित टीम स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया जब पंकज और सिफ्त कौर की जोड़ी को पोलैंड के माइकल और यूलिया की जोड़ी से 12-16 से हार मिली। भारत ने प्रतियोगिता में अब तक 11 स्वर्ण, 13 रजत और चार कांस्य पदक जीत लिए हैं। इटली चार स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। क्वालिफिकेशन में जर्मनी टीम के 437 अंक के मुकाबले भारतीय टीम ने 431 अंक जुटाए थे। फाइनल में भारतीय तिकड़ी ने आसान जीत दर्ज की। एजेंसी



मनु भाकर

निशानेबाजों ने 5 स्वर्ण पदक झोली में डाले

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 10 | 3 | 20 | +0.391 |
| राजस्थान | 13 | 08 | 5 | 16 | +0.304 |
| लखनऊ | 13 | 08 | 5 | 16 | +0.262 |
| दिल्ली | 13 | 7 | 6 | 14 | +0.255 |
| बेंगलोर | 13 | 7 | 6 | 14 | -0.323 |
| कोलकाता | 13 | 6 | 7 | 12 | +0.160 |
| पंजाब | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.043 |
| हैदराबाद | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.230 |
| चेन्नई | 13 | 4 | 9 | 08 | -0.206 |
| मुंबई | 13 | 3 | 10 | 06 | -0.577 |

**ऑरेंज कैप**

| | | |
|---|---|---|
| जोस बटलर | राजस्थान | 627 |
| लोकेश राहुल | लखनऊ | 469 |
| डेविड वॉर्नर | दिल्ली | 427 |

**पर्पल कैप**

| | | |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल | राजस्थान | 24 |
| हसरंगा डि सिल्वा | बेंगलोर | 23 |
| कैगिसो रबादा | पंजाब | 22 |

# राहुल और उमरान के दम पर हैदराबाद की मुंबई पर तीन रन से रोमांचक जीत

## पांच हार के बाद सनराइजर्स को मिली विजय, छठी जीत से प्ले ऑफ की संभावनाएं कायम

**मुंबई।** मैन ऑफ द मैच राहुल त्रिपाठी (76) की सत्र की तीसरी अर्धशतकीय पारी और तेज गेंदबाज उमरान मलिक (3/23) की गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने कड़े मुकाबले में मुंबई इंडियंस को तीन रन से हराकर प्ले ऑफ के लिए अपनी क्षणिक उम्मीदों को कायम रखा। लगातार पांच मैचों से हार रही हैदराबाद के 13वें मैच में छठी जीत से 12 अंक हो गए हैं। उसे अब अपने अंतिम मैच में जीत के साथ अन्य नतीजों के अपने अनुकूल आने की कामना करनी होगी। हैदराबाद ने बल्लेबाजी का निमंत्रण पाकर यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट पर 193 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। मुंबई की टीम 7 विकेट पर 190 रन ही बना पाई।

**76** रन की पारी खेली राहुल ने 44 गेंदों पर, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के

**टिम का रन आउट होना टर्निंग प्वाइंट :** मुंबई के लिए कप्तान रोहित शर्मा (48) और इशान किशन (43) ने पहले विकेट पर 95 रन की मजबूत साझेदारी की थी। टीम जीत की राह पर नजर आ रही थी। मुंबई को अंतिम 13 गेंदों पर 19 रन चाहिए थे लेकिन टिम डेविड (46) के रन आउट होने से हैदराबाद ने बाजी पलट दी। टिम ने 18 गेंदों की पारी में तीन चौके और चार छक्के लगाए थे।

**भुवनेश्वर का मेडन विकेट :** अंतिम दो ओवरों में मुंबई को 19 रन चाहिए थे लेकिन भुवनेश्वर ने कोई रन भी नहीं दिया और संजय यादव (00) के रूप में एक विकेट भी ले लिया। अंतिम ओवर में रमनदीप ने एक चौका और छक्का लगाकर 15 रन बटोरे लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

**राहुल- प्रियम की साझेदारी :** इससे पहले हैदराबाद की पारी में ओपनर अभिषेक शर्मा तीसरे ओवर में डेनियल सैम्स का शिकार बन गए। उसके बाद ओपनर प्रियम गर्ग (42) और राहुल त्रिपाठी के बीच दूसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी हुई। राहुल त्रिपाठी और निकोलस पूरन ने तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़े थे। एजेंसी



सनराइजर्स हैदराबाद के राहुल त्रिपाठी मुंबई इंडियंस के खिलाफ शॉट लगाते हुए।

**03** विकेट लिए 23 रन देकर हैदराबाद के तेज गेंदबाज उमरान मलिक ने मुंबई के खिलाफ

**स्कोर बोर्ड**

**सनराइजर्स हैदराबाद : 6 विकेट पर 193 रन, 20 ओवर में**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का मारकंडे बो सैम्स | 09 | 10 | 1/0 |
| प्रियम गर्ग का एंड बो रमनदीप सिंह | 42 | 26 | 4/2 |
| राहुल त्रिपाठी का तिलक बो रमनदीप | 76 | 44 | 9/3 |
| निकोलस पूरन का मारकंडे बो मेरेडिथ | 38 | 22 | 2/3 |
| एडेन मार्करम का डेविड बो रमनदीप | 02 | 04 | 0/0 |
| केन विलियम्सन नाबाद | 08 | 07 | 1/0 |
| वॉशिंगटन बो बुमराह | 09 | 07 | 0/0 |

अतिरिक्त : 09, विकेट पतन : 1-18, 2-96, 3-172, 4-174, 5-175, 6-193,
गेंदबाजी : डेनियल सैम्स 4-0-39-1, रिले मेरेडिथ 4-0-44-1, संजय यादव 2-0-23-0, जसप्रीत बुमराह 4-0-32-1, मयंक मारकंडे 3-0-31-0, रमनदीप 3-0-20-3

**मुंबई इंडियंस : 7 विकेट पर 190 रन, 20 ओवर में**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा का सुचित बो वॉशिंगटन | 48 | 36 | 2/4 |
| इशान किशन का गर्ग बो उमरान | 43 | 34 | 5/1 |
| डेनियल सैम्स का गर्ग बो उमरान | 15 | 11 | 0/1 |
| तिलक वर्मा का विलियम्सन बो उमरान | 08 | 09 | 1/0 |
| टिम डेविड रन आउट | 46 | 18 | 3/4 |
| ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट | 02 | 02 | 0/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 14 | 06 | 1/1 |
| संजय यादव का सुचित बो कुमार | 00 | 02 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 00 | 04 | 0/0 |

अतिरिक्त : 14, विकेट पतन : 1-95, 2-101, 3-123, 4-127, 5-144, 6-175, 7-175
गेंदबाजी : फजलहक फारूकी 4-0-31-0, भुवनेश्वर कुमार 4-1-26-1, वॉशिंगटन सुंदर 4-0-36-1, टी नटराजन 4-0-60-0, उमरान मलिक 3-0-23-3, अभिषेक शर्मा 1-0-10-0

JK LAKSHMI PRO+ CEMENT
इंडिया, अब सोच करो बुलंद.

# दक्षिण अफ्रीका टी-20 टीम में पर्नेल की 5 साल बाद वापसी

MANGALAYATAN UNIVERSITY ALIGARH
Learn Today to Lead Tomorrow
ADMISSION OPEN 2022-23
AWARDED BEST UNIVERSITY IN UTTAR PRADESH
MBA | LAW | B.TECH | PHARMACY NURSING | PARA-MEDICAL
CALL: 9359 555 555 www.mangalayatan.in

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ नौ जून से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ट्रिस्टन स्टब्स के रूप में नया चेहरा अपनी टीम में शामिल किया है, जबकि वायने पर्नेल की पांच साल बाद वापसी हुई है।

दक्षिण अफ्रीका पिछले साल टी20 विश्वकप के बाद पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। 21 वर्षीय स्टब्स ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के टी20 चैलेंज में सात पारियों में 293 रन बनाए थे, जिसमें 23 छक्के शामिल हैं। वह जिंबाब्वे दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीका की 'ए' टीम का भी हिस्सा थे जिसके बाद उन्हें आईपीएल के लिए मुंबई इंडियंस ने टीम में शामिल कर दिया था। गेंदबाज नोर्त्जे तथा बल्लेबाज हेंड्रिक्स और क्लासेन को भी टीम में लिया गया है। एजेंसी

### भारत के खिलाफ सीरीज में ट्रिस्टन होंगे नया चेहरा

**09** जून से नई दिल्ली में शुरु होगी पांच मैचों की शृंखला

**टीम इस प्रकार है :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), क्विंटन डि कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्जे, वायने पर्नेल, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबादा, तबरेज शम्सी , ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वान डेर डुसेन, मार्को जेनसन।

## एबी-गेल आरसीबी के हॉल ऑफ फेम में

**मुंबई।** दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल और एबी डीविलियर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने अपने दोनों करीबी साथियों को 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल करने की घोषणा की। कोहली ने कहा,'डिविलियर्स ने वास्तव में अपनी अलग तरह की बल्लेबाजी, प्रतिभा और खेल भावना से क्रिकेट के खेल को बदल दिया।' विराट कोहली ने कहा,'आप दोनों के लिए यह घोषणा करना मेरे लिए वास्तव में विशेष है। हमने वीडियो देखे कि किस तरह से आपने इतने वर्षों में आईपीएल को बदला। दो खिलाड़ी जिन्होंने आईपीएल पर गहरा प्रभाव डाला।' एजेंसी





**न्यूज डायरी**

### सुपर जायंट्स को प्ले ऑफ में जगह पक्की करने के लिए जीत की तलाश

**नवी मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल के प्ले ऑफ में पहुंचने की धुंधली उम्मीदों को बनाए रखने के लिए अपने अंतिम लीग मुकाबले में बड़ी जीत की जरूरत है तो वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स बुधवार को प्ले ऑफ में जगह पक्की करने से एक कदम दूर है। टीम के 13 मैचों में 16 अंक है और इस मैच में जीत से उसका प्ले ऑफ का टिकट पक्का हो जाएगा। लखनऊ की टीम मुकाबले में लगातार दो हार के सिलसिले को तोड़ना चाहेगी। केकेआर 13 मैचों में छह जीत से 12 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है और अगर टीम मैच को बड़े अंतर से जीतने में सफल रहती है तब भी उसे क्वालिफाई करने के लिए अन्य मैचों के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। एजेंसी

मैच : शाम 7:30 बजे से

### ओडिशा ने कर्नाटक को हरा राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप जीती

**भोपाल।** पूनम बारला और अशिम कंचन बारला के शानदार दो गोल की बदौलत ओडिशा ने कर्नाटक को 2-0 से हराकर मंगलवार को 12वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीत ली। दोनों टीमों ने अच्छी शुरुआत की और गोल करने के कई मौके बनाए। दोनों का डिफेंस भी बेहतरीन था, जिससे हॉफ टाइम तक स्कोर गोलरहित बराबरी पर था। तीसरे हॉफ के 34वें मिनट में पूनम ने पहला गोल दागकर ओडिशा को बढ़त दिलाई। इसके बाद मैच समाप्ति के एक मिनट पहले अशिम कंचन (59वें मिनट) ने गोल करके टीम की जीत पर मुहर लगा दी। वहीं तीसरे स्थान के मुकाबले के लिए झारखंड ने हरियाणा को 3-2 से मात दी। एजेंसी

### तमीम के दसवें टेस्ट शतक के साथ बांग्लादेश ने किया पलटवार

**चटगांव।** तमीम इकबाल के 10वें टेस्ट शतक से बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में तीन विकेट पर 318 रन बना लिए। मांसपेशियों में जकड़न के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले तमीम ने 217 गेंद में 15 चौकों से 133 रन की पारी खेली। तमीम ने महमुदुल (58) के साथ पहले विकेट पर 162 रन जोड़े। लिटन (54*) और मुशफिकुर रहीम (53*) ने 98 रन की अटूट साझेदारी की। एजेंसी



## लाल जोड़े में क्रिकेट

**कराची।** पाकिस्तान की 29 साल की महिला क्रिकेटर कायनात इम्तियाज की लाल जोड़े में बैट व बॉल के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दरअसल कायनात की शादी 30 मार्च को हुई थी लेकिन उन्होंने अपनी प्री वेडिंग फोटो शूट अब सोशल मीडिया पर साझा की हैं। ऑलराउंडर कायनात ने पाकिस्तान के लिए 15 वनडे खेले हैं। वहीं 15 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनके नाम 9 विकेट और 120 रन दर्ज हैं। कायनात ने 2010 में द. अफ्रीका के खिलाफ टी-20 मुकाबले से अंतरराष्ट्रीय कॅरिअर का आगाज किया था। एजेंसी



**15** वनडे खेले हैं पाकिस्तान की क्रिकेटर कायनात ने

**कार्रवाई** राष्ट्रमंडल खेलों के चयन ट्रायल में हुआ बवाल, रिव्यू नहीं देने पर रेफरी से भिड़े सतेंदर

# पहलवान सतेंदर ने रेफरी को मारा थप्पड़, आजीवन प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल में 125 भारवर्ग के पहलवान सतेंदर ने फैसले से नाखुश होने पर रेफरी को थप्पड़ मार दिया। केडी जाधव इंडोर स्टेडियम में मंगलवार को घटना भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की उपस्थिति में हुई। रेफरी जगबीर सिंह ने घटना की शिकायत पुलिस को कर दी। पुलिस ने छानबीन शुरू करते हुए प्रशिक्षकों के बयान भी ले लिए। कुश्ती संघ ने सतेंदर पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है।

फाइनल में मोहित के खिलाफ सतेंदर 3-0 की बढ़त पर थे। यहां मोहित ने रिव्यू मांगा। पहले फैसला सतेंदर के पक्ष में गया, लेकिन मोहित के जोर देने पर वापस रिव्यू किया गया, जिसमें फैसला सतेंदर के खिलाफ गया। सतेंदर ने भी एक दांव पर रिव्यू मांगा जो उनके खिलाफ गया। यहां सतेंदर रेफरी जगबीर से भिड़ गए। जगबीर के मुताबिक, सतेंदर ने उन्हें गाली दी और बाद में थप्पड़ जड़ दिया। मोहित को विजेता घोषित किया गया। वहीं घटना के जारी वीडियो में रेफरी जगबीर पहलवान सतेंदर को पहले थप्पड़ मारते दिख रहे हैं। ब्यूरो



ट्रॉयल के दौरान मैट पर ही मारपीट होने लगी।

## बजरंग, रवि ने बनाई टीम में जगह

ट्रायल में टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता रवि कुमार और कांस्य जीतने वाले बजरंग ने अपने मुकाबले जीतकर राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में जगह बना ली। 97 भार वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने वाले सत्यव्रत कादियां और 74 किलो में यूपी के गौरव बालियान समेत नरसिंह यादव को हार का सामना करना पड़ा।

**कड़े संघर्ष में जीते बजरंग**
इससे पहले 57 भार वर्ग में रवि कुमार ने अमन को 10-0 से हराया, लेकिन 65 भारवर्ग में बजरंग पूनिया को विशाल से जीतने में संघर्ष करना पड़ा। वह 2-1 से जीते। निराश विशाल ने स्टेडियम की दीवार पर घूंसा भी जड़ दिया था।

**नवीन, दीपक नए चेहरे :** राष्ट्रमंडल खेलों में इस बार 74 भार वर्ग में नवीन 97 भार वर्ग में दीपक नए चेहरे होंगे। सत्यव्रत सेमीफाइनल में ही दीपक से हार गए। दीपक ने फाइनल में साहिल को 10-0 से हराया। नवीन ने फाइनल में गौरव बालियान को 12-2 से हराया। 86 भारवर्ग का फाइनल टोक्यो ओलंपिक में पांचवें स्थान पर रहने वाले दीपक पूनिया ने जीता।

**खेलों के लिए कुश्ती टीम**
57 भारवर्ग रवि कुमार, 65 भारवर्ग बजरंग, 74 भारवर्ग नवीन, 86 भारवर्ग दीपक पूनिया, 97 भारवर्ग दीपक और 125 भारवर्ग मोहित

बिंदास
ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE

# 30 साल बाद भी लगता है कि मैं न्यूकमर ही हूं

**अभिनेत्री** शिल्पा शेट्टी 46 साल की हो चुकीं हैं, लेकिन अभी भी उनका जोश और हौसला काबिले तारीफ है। मंगलवार को फिल्म 'निकम्मा' का ट्रेलर मुंबई में रिलीज हुआ और भले ही यह यूट्यूबर शिरले सेतिया की हिंदी सिनेमा में डेब्यू फिल्म हो, पर ट्रेलर लॉन्च की सारी लाइमलाइट शिल्पा ही लूट ले गईं। बड़े परदे पर अपनी दूसरी पारी के बारे में शिल्पा कहती हैं, "14 साल बाद मेरी बड़े परदे पर वापसी हो रही है। इस वनवास को तोड़ने का श्रेय निर्देशक शब्बीर खान को जाता है। उनके साथ काम करके बहुत कुछ सीखने को मिला। आज भी जब मैं शब्बीर को फोन करती हूं तो उनको यही बोलती हूं कि हैलो, मैं न्यूकमर बोल रही हूं।" शिल्पा की कैमरे के सामने वापसी वाली फिल्म 'हंगामा 2' ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। शिल्पा कहती हैं, "फिल्म 'निकम्मा' के निर्माता भी चाहते तो इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज कर सकते थे, लेकिन उन्होंने इसे थिएटर में रिलीज करने के लिए दो साल तक इंतजार किया।" शिल्पा ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'बाजीगर' से साल 1993 में डेब्यू किया था। अगले साल फिल्मों में आए उन्हें 30 साल हो जाएंगे। इस बारे में शिल्पा कहती हैं, "कमाल की जर्नी रही है मेरी। मैं हमेशा अच्छे पलों को याद करती हूं। हमारा दौर अब खत्म हो गया। आजकल बहुत से अच्छे टैलेंट पूरी तैयारी के साथ फिल्मों में आ रहे हैं। अब तो तकनीक भी बहुत बदल गई है। हमारे जमाने में रील वाला कैमरा होता था। जब वह चलता था तो उसकी आवाज में मैं अपने संवाद ही भूल जाती थी।"



बड़े परदे पर वापसी को लेकर बोलीं अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी

## कंदील बलोच पर बनेगी फिल्म

**कंदील** बलोच का नाम तो आपने सुना होगा। समाज में पुरुषों की प्रधानता के खिलाफ सोशल मीडिया पर लगातार वीडियो बनाने वाली कंदील बलोच की उनके ही भाई ने कथित रूप से छह साल पहले हत्या कर दी थी। मामला भले यह पाकिस्तान का था, लेकिन इसकी प्रतिध्वनि पूरी दुनिया में सुनाई दी। अब इसी कंदील बलोच पर एक फिल्म बनने जा रही है। फिल्म बनाने का बीड़ा उठाया है 'लिपस्टिक अंडर माय बुर्का', 'डॉली किट्टी और वो चमकते सितारे', 'बॉम्बे बेगम्स', 'मेड इन हेवन' और 'मॉडर्न लव मुंबई' जैसी फिल्मों और वेब सीरीज से चर्चा में आई अलंकृता श्रीवास्तव ने। वह कहती हैं, "जब 2016 में पाकिस्तान में कंदील बलोच की हत्या हुई तो मैं हिल गई थी। यह एक ऑनर किलिंग थी। मैं उसके बारे में सोचना बंद नहीं कर पाई। मैंने कंदील के वीडियो बार-बार देखना शुरू किया। वह एक छोटे से गांव की गरीब लड़की थी, जिसने महिलाओं के हक के लिए बड़ा काम किया। वह सिर्फ 26 साल की थी जब उसे मार दिया गया। विडंबना यह है कि मौत के बाद ही कंदील के काम को दुनिया भर में मान्यता मिली।"



अमर उजाला
संस्थापक : स्व. डोरीलाल अग्रवाल
: स्व. मुरारीलाल माहेश्वरी
नवोन्मेषक : स्व. अतुल माहेश्वरी
अमर उजाला लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अशोक शर्मा द्वारा अमर उजाला लिमिटेड 5/1, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित व इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21, 22, सेक्टर- 59, नोएडा-201301 से मुद्रित।
संपादक : डॉ. इन्दुशेखर पंचोली
फोन : 0120-4694000
फैक्स : 0120-2587325
E-mail : editor@del.amarujala.com
Website : www.amarujala.com
RNI NO. DELHIN/2003/9919

## न्यूज डायरी

### फलस्तीनी युवक के अंतिम संस्कार के बाद येरुशलम में हिंसा



**येरूशलम।** इस्राइली पुलिस ने फलस्तीनी युवक के अंतिम संस्कार के बाद पथराव कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाईं। इसके बाद अल-अक्सा मस्जिद के पास फिर हिंसा भड़क गई। दरअसल, 22 अप्रैल को हिंसक झड़प में घायल फलस्तीनी युवक वलीद शरीफ की हाल ही में हुई मौत के बाद येरूशलम के संवेदनशील धार्मिक स्थल पर फलस्तीनियों ने प्रदर्शन किए। इस दौरान इस्राइली पुलिस ने रबर की गोलियां चलाई थीं। इस बीच, 'फलस्तीन रेड क्रेसेंट' बचाव सेवा ने कहा-हथगोलों, रबर की गोलियों और मारपीट से 71 फलस्तीनी घायल हुए हैं। इनमें से 13 अस्पताल भेजे गए। एजेंसी

### चीन विशेषज्ञ नवीन श्रीवास्तव नेपाल में भारत के राजदूत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव नवीन श्रीवास्तव को नेपाल में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। 1993 बैच के आईएफएस नवीन चीन मामलों के विशेषज्ञ हैं। नेपाल में बढ़ती चीनी गतिविधियों के मद्देनजर यह नियुक्ति अहम है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेपाल दौरे के अगले दिन ही उनकी नियुक्ति हुई है।



मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत-चीन के बीच हुई खूनी झड़प के बाद एलएसी पर हालात शांत करने में श्रीवास्तव भी शामिल थे। वह भारत-चीन के सैन्य कमांडरों की बैठक में भी शामिल थे। चीन के साथ उन्हें नेपाल, श्रीलंका, भूटान के हालात की भी गहरी जानकारी है। ब्यूरो

### गाला सम्मेलन की मेजबानी करेगा भारत-अमेरिकी समूह

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी लोकतांत्रिक निकाय इस हफ्ते गाला में 'ड्रीम विद एम्बिशन' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इसे चार भारतवंशी सांसद प्रमिला जयपाल, रो खन्ना, एमी बेरा और राजा कृष्णमूर्ति संबोधित करेंगे। एएपीआई विरासत माह के दौरान 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट' द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम बुधवार को 300 से अधिक दक्षिण एशियाई अमेरिकी समुदाय के नेताओं, मशहूर हस्तियों और आयोजकों को एक साथ लाएगा। शिखर सम्मेलन भारतीय-अमेरिकी और दक्षिण एशियाई समुदाय को सरकार से जुड़ने और देश में सबसे तेज बढ़ते मतदान समूह को सक्रिय करने के लिए प्रभावी परियोजना की नई पहल साबित हो सकता है। एजेंसी

# ग्रीन कार्ड आवेदन 6 माह में निपटाने का सुझाव

## राष्ट्रपति सलाहकार आयोग के सुझाव माने गए तो अमेरिका में रह रहे भारतीयों को लाभ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के सलाहकार आयोग ने जो बाइडन को ग्रीन कार्ड या स्थायी निवास से जुड़े सभी आवेदनों का निपटारा छह माह में करने का सुझाव देने संबंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है। यदि व्हाइट हाउस इन सुझावों को स्वीकार कर लेता है तो ग्रीन कार्ड के लिए लंबे अर्से से इंतजार कर रहे सैकड़ों भारतीय-अमेरिकियों के लिए यह बड़ी खुशखबरी होगी।

इस समिति 'प्रेजिडेंट्स एडवाइजरी कमीशन ऑन एशियन अमेरिकंस, नेटिव हवाईयंस एंड पेसिफिक आईलैंडर' (पीएसीएएनएचपीआई) के सुझाव बेहद अहम माने जा रहे हैं। पीएसीएएनएचपीआई की बैठक के दौरान भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता अजय जैन भूटोरिया ने इस संबंध में एक प्रस्ताव रखा था। इसे सभी 25 आयुक्तों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। एजेंसी




### चार लाख से ज्यादा का साक्षात्कार लंबित

*भूटोरिया द्वारा पेश किए गए दस्तावेज के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021 के लिए उपलब्ध 2,26,000 ग्रीन कार्ड में से परिवार आधारित केवल 65,452 ग्रीन कार्ड जारी किए गए थे। अप्रैल 2022 में इस संबंध में 4,21,358 लोगों का साक्षात्कार लंबित था, जबकि मार्च में यह संख्या 4,36,700 थी।*

### प्रक्रिया अवधि घटाना है मकसद

इसका मकसद परिवार आधारित ग्रीन कार्ड आवेदन, डीएसीए नीति का नवीनीकरण, अन्य सभी ग्रीन कार्ड आवेदनों पर गौर करने की प्रक्रिया में लगने वाला समय घटाना और आवेदन मिलने के छह माह के भीतर इसका निपटारा करना है।

- ग्रीन कार्ड की लंबित अर्जियां घटाने के लिए आयोग ने आव्रजन सेवा विभाग को प्रक्रियाओं, प्रणालियों, नीतियों की समीक्षा करने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने व सुधार लाने की सलाह दी है।

# स्पैम खातों के सुबूत सार्वजनिक होने तक आगे नहीं बढ़ सकता ट्विटर का सौदा : एलन मस्क

**डेट्रॉयट/लंदन।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने संकेत दिए हैं कि वह माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर के अधिग्रहण के लिए 44 अरब डॉलर से कम राशि अदा करना चाहेंगे। मस्क ने गत माह सौदे के लिए 44 अरब डॉलर की पेशकश की थी। मस्क ने कहा, ट्विटर का सौदा तब तक आगे नहीं बढ़ सकता जब तक कंपनी नकली या स्पैम खातों के सुबूत सार्वजनिक नहीं कर देती। उन्होंने इन खातों को बाधा कहा।

एक 'टेक' सम्मेलन में मस्क ने कहा, ट्विटर का कम कीमत वाला व्यवहार्य समझौता संभव है। 'ब्लूमबर्ग न्यूज' द्वारा एक ट्विटर यूजर के सम्मेलन में लाइव वीडियो के आधार पर दी रिपोर्ट के मुताबिक, 'ऑल इन समिट' में मस्क ने अनुमान जताया कि ट्विटर पर मौजूद 22.9 करोड़ अकाउंट में से कम से कम 20% खाते 'स्पैम बोट' (स्पैम संदेश भेजने वाली पोस्ट) से संचालित हो रहे हैं। मस्क ने ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल पर यह कहकर निशाना साधा कि ट्विटर 'स्पैम बोट' से निपटने में जुटा है। एजेंसी

**22.9** करोड़ ट्विटर अकाउंट में 20% स्पैम बोट होने का अनुमान

- 44 अरब डॉलर से कम में खरीदने के संकेत



### पराग अग्रवाल को 'पू' इमोजी से दिया जवाब

*ट्विटर सीईओ पराग अग्रवाल ने लंबी थ्रेड पोस्ट ट्वीट की, जिसमें संभावित स्पैम की मानव समीक्षा प्रक्रिया के बारे में बताया गया। वहीं इस पर मस्क ने प्रतिक्रिया दी, क्या आपने उन्हें कॉल करने की कोशिश की है? इतना ही नहीं मस्क ने 'पू' का इमोजी भी लगाया व कहा, वह कई बदलावों के साथ ट्विटर से बॉट्स को हटाना चाहते हैं।*

# यूक्रेन ने मैरियूपोल में डाले हथियार स्टील संयंत्र से निकाले गए सैनिक

## अन्य शहरों पर बमबारी जारी, दक्षिणी क्षेत्र में रूस की पकड़ मजबूत, बड़ी जीत मान रहा मॉस्को

न्यूयॉर्क टाइम्स न्यूज सर्विस

**कीव/मैरियूपोल।** रूस-यूक्रेन युद्ध के 83वें दिन यूक्रेनी लड़ाकों ने मैरियूपोल स्थित स्टील संयंत्र में हथियार डाल दिए हैं। इसी के साथ यूक्रेन के दक्षिणी बंदरगाह शहर के लिए महीनों से जारी खूनी संघर्ष खत्म हो गया, लेकिन दूसरे शहरों पर रूसी सेना की बमबारी जारी रही। अजोवस्तल स्टील संयंत्र में शरण लिए यूक्रेनी सैनिक-नागरिक बाहर निकाले जा रहे हैं। रूस अब दक्षिणी क्षेत्र में पकड़ मजबूत कर चुका है।

मैरियूपोल पर रूस पहले ही कब्जा जमा चुका था, लेकिन स्टील संयंत्र की सुरंगों में कई नागरिक व सैनिक मौजूद थे। रूसी सेना ने चारों तरफ से घेराबंदी के साथ लड़ाका सैनिकों को समर्पण के लिए मजबूर कर दिया। यूक्रेन की उप रक्षामंत्री हन्ना मलियर ने कहा, यूक्रेनी लड़ाकों, जो अब युद्धबंदी हैं, को स्टील संयंत्र से निकालने का काम शुरू हो चुका है। रूस की सरकार ने घायल लड़ाकों को निकालने की मंजूरी दे दी है। इन सैनिकों को बसों में सवार दिखाया गया है। पूरा क्षेत्र अब रूस के कब्जे में है जिसे मॉस्को एक बड़ी जीत के रूप में देख रहा है।



बस में सवार स्टील प्लांट से निकाले गए यूक्रेनी सैनिक।

### स्टील संयंत्र में यूक्रेनी सेना का युद्ध अभियान समाप्त

यूक्रेन ने मैरियूपोल में अपने युद्ध अभियान को बंद करने का एलान किया है। साथ ही शहर से बाहर बने अजोवस्तल स्टील संयंत्र से पिछले कई दिनों से रूसी सेना को जोरदार जवाब दे रहे सैनिकों को अब निकाला जा रहा है। सर्वप्रथम 260 सैनिक निकाले गए जो बुरी तरह से घायल थे। इन्हें रूसी हमले के कारण निकाला नहीं जा सका था। उधर, यूक्रेनी सेना के जनरल स्टाफ ने कहा, हमारी सेना ने अपना लड़ाकू मिशन पूरा कर लिया है।

**भोजन-पानी को भी तरसे...**स्टील प्लांट को रूसी सेना द्वारा चारों तरफ से घेर लिए जाने के बाद से ही अंदर छिपे यूक्रेनी सैनिकों और नागरिकों का भोजन-पानी बंद हो गया था। घायल सैनिकों के सामने इलाज का संकट भी हो गया। हालात काबू से बाहर होने के बाद उन्हें निकालने के लिए यह कदम उठाना पड़ा। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, मैं यूक्रेन के हीरो को जिंदा लाना ज्यादा जरूरी समझता हूं। यह हमारा सिद्धांत है।

**धमाकों से दहला लवीव शहर...लवीव।** यूक्रेन का पश्चिमी शहर लवीव कई धमाकों से दहल गया। शहर में अमेरिकी समाचार एजेंसी की एक टीम को रात को आसमान में चमक दिखी। प्रत्यदर्शियों ने आठ धमाकों की बात कही। लवीव के क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन प्रमुख कोजीत्सकी ने कहा, रूसियों ने यवोरिव जिले में सैन्य बुनियादी ढांचे पर गोलाबारी की। पोलैंड की सीमा से 15 किमी दूर लवीव के मेयर ने हालांकि पुष्टि नहीं की। एजेंसी

### फिनलैंड और स्वीडन ने नाटो से मांगी सदस्यता, तुर्की को एतराज

**स्टॉकहोम।** तुर्की ने स्वीडन और फिनलैंड के नाटो में शामिल किए जाने के आग्रह का विरोध किया है। स्वीडन ने जहां नाटो में शामिल होने के अनुरोध पर दस्तखत किए वहीं फिनलैंड के सांसद भी अनुमोदन देने वाले हैं। ब्रिटेन ने फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के फैसले का पुरजोर समर्थन किया, जबकि स्वीडिश पीएम मैग्डेलेना एंडरसन की नाटो सदस्यता लेने की घोषणा पर नाटो के अहम सदस्य तुर्की ने आपत्ति जताई। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैय्यब एर्दोगॉन ने कहा, स्वीडन ने कुर्दिश आतंकियों पर कार्रवाई में उदासीनता दिखाई थी। बता दें, कोई भी देश नाटो में तभी शामिल हो सकता है जब सभी मौजूदा सदस्य सहमत हों। एजेंसी

# श्रीलंका की संसद में राष्ट्रपति गोतबाया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के खिलाफ विपक्ष द्वारा पेश किया गया अविश्वास प्रस्ताव मंगलवार को संसद में गिर गया। मंगलवार को संसद में विपक्ष ने देश के मौजूदा संकट के लिए राष्ट्रपति को जिम्मेदार ठहराया और उन्हें पद से हटाने के लिए प्रस्ताव रखा।



स्थानीय अखबार 'इकोनॉमी नेक्स्ट' की रिपोर्ट के मुताबिक, विपक्षी गठबंधन 'टीएनए' के सांसद सुमंथिरन ने राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे को लेकर नाराजगी जताने वाले मसौदे पर बहस के लिए संसद के स्थायी आदेशों को निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया था। रिपोर्ट में बताया गया कि 119 सांसदों ने इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। केवल 68 सांसदों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जिससे यह अविश्वास प्रस्ताव संसद में नाकाम हो गया। इस बीच, सत्तारूढ़ दल के सांसद अजित राजपक्षे को संसद में तीखी बहस के बाद उपाध्यक्ष चुन लिया गया। उन्हें 109 मत मिले। एजेंसी

### रामायण काल की 'अशोक वाटिका' भी तंगी का शिकार



**नुवारा एलिया।** श्रीलंका के आर्थिक संकट से नुवारा एलिया क्षेत्र स्थित रामायण काल की अशोक वाटिका (सीता अम्मन मंदिर) भी प्रभावित है। मंदिर के अध्यक्ष और नुवारा एलिया क्षेत्र के सांसद वी. राधाकृष्णन ने बताया, इस मंदिर और उसके कर्मचारियों को कठिन समय से गुजरना पड़ रहा है। यहां भारत से कई भक्त आते हैं लेकिन हालात के चलते पर्यटन बंद है। प्रबंधन, मंदिर स्टाफ को वेतन तक नहीं दे पा रहा है। एजेंसी

### तिब्बत के लिए भारत-नेपाल के दौरे पर दिल्ली पहुंचीं उजरा जेया

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** बाइडन प्रशासन की मानवाधिकार और तिब्बत मुद्दे देखने वाली शीर्ष दूत उजरा जेया मंगलवार को भारत-नेपाल की यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचीं। वह मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक शासन और मानवीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। इस यात्रा का मकसद इन दो दक्षिण एशियाई देशों के साथ मानवाधिकारों पर सहयोग को और मजबूत बनाना है। एजेंसी




### जमैका के पीएम से मिले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद



आंबेडकर के नाम पर बनी सड़क का उद्घाटन करते राष्ट्रपति कोविंद।

**किंग्सटन।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने जमैका के पीएम एंड्रयू होल्नेस से कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने व्यापार, निवेश, रेलवे, परिवहन, स्वास्थ्य तथा खेल में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। दोनों देशों ने भारत में जमैका के विदेश सेवा अधिकारियों के वास्ते अकादमिक एवं प्रशिक्षण आदान-प्रदान के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कोविंद ने डॉ. बीआर आंबेडकर के नाम पर बनी एक सड़क और भारत के संविधान के वास्तुकार के कार्यों पर प्रकाश डालने वाले एक स्मारक का उद्घाटन किया। 'डॉ. आंबेडकर एवेन्यू' राजधानी किंग्सटन में टॉवर स्ट्रीट का हिस्सा है। राष्ट्रपति ने इसे गर्व की बात करार दिया। एजेंसी

### आतंक के आरोपी की ब्रिटेन से भारत प्रत्यर्पण के विरुद्ध याचिका

**लंदन।** असम से जाकर उत्तर-पूर्वी इंग्लैंड में रह रहे भारतीय मूल के 75 वर्षीय डॉक्टर ने लंदन की एक अदालत में अपने भारत प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील दायर की। डॉक्टर ने याचिका में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (स्वतंत्र) या उल्फा (आई) का कथित अध्यक्ष होने के आतंकवाद के आरोप के तहत ब्रिटेन से भारत प्रत्यर्पित किए जाने को चुनौती दी है। काउंटी डरहम में जनरल प्रैक्टिशनर (जीपी) डॉ. मुकुल हजारिका को मुकदमे का सामना करने के लिए भारतीय अधिकारी भारत ले जाना चाहते हैं। उन पर भारत में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से संबंधित साजिशों में शामिल होने का आरोप है। इस संबंध में सुनवाई अगले सप्ताह तक ब्रिटेन में चलेगी। एजेंसी

**डॉ. मुकुल हजारिका पर भारत में प्रतिबंधित आतंकी गुटों की साजिशों में शामिल होने के केस**




